

16वें नेशनल यूथ पार्लियामेंट कॉम्पटीशन के विजेताओं संग ग्रुप फोटो में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 47 पृष्ठः 12

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com

हिमाचल संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## झूठ व धोखेबाजी के कारण ही कांग्रेस को देश ने नकार दिया

**नरेंद्र** मोदी ने रेवाड़ी में पूर्व सैनिकों को दी गई वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) की गारंटी का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने ओआरओपी के लिए 500 करोड़ रुपये का बजट रखकर वन रैंक वन पेंशन लागू करने का झूठ बोलने का काम किया था। हमने सत्ता में आते ही ओआरओपी को लागू किया और अभी तक पूर्व सैनिकों को करीब 1 लाख करोड़ रुपये मिल चूके हैं, जिसमें हरियाणा के भी पूर्व सैनिक लाभान्वित हुए हैं। जिला रेवाड़ी में ही इस योजना के तहत सैनिक परिवारों को 600 करोड़ रुपये से ज्यादा मिले हैं। उन्होंने कहा कि जितना पैसा रेवाड़ी के सैनिक परिवारों को मिला है, कांग्रेस ने उससे भी कम यानि 500 करोड़ रुपये पूरे देश के पूर्व सैनिकों के लिए बजट रखा था। ऐसे ही झूठ व धोखेबाजी के कारण ही कांग्रेस को देश ने नकार दिया।

**हरियाणा में हर जिले में मेडिकल कॉलेज हो रहा स्थापित**

नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज रेवाड़ी में देश के 22वें एम्स का शिलान्यास किया है और इसका लोकार्पण भी हम ही करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश में 15 नये एम्स स्वीकृत किए जा चूके हैं। आजादी के बाद से 2014 तक देश में करीब 380 मेडिकल कॉलेज बने थे, जबकि पिछले 10 वर्षों में 300 से अधिक नए मेडिकल कॉलेज बन चुके हैं। हरियाणा में भी हर जिले में कम से कम एक मेडिकल कॉलेज बनाने का काम तेजी से चल रहा है।

**कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड एक परिवार के हित को देश और देशवासियों के हित से ऊपर रखनाः** नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का ट्रैक रिकॉर्ड देश की आधी से अधिक आबादी को दशकों तक छोटी छोटी जरूरतों से दूर रखना, एक परिवार के हित को देश और देशवासियों के हित से ऊपर रखना, इतिहास के सबसे बड़े घोटालों, आतंकवाद और अलगाववाद को बढ़ावा देना तथा सेना व सैनिक को कमजोर करने का रहा है। आज भी कांग्रेस की टीम वही है, नेता व नीयत भी वही है, उन सब की निष्ठा एक ही परिवार के लिए है, तो निति भी वही होगी, जिसमें लूट, भ्रष्टाचार व बर्बादी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सोचती है कि सत्ता में रहना उनका जन्मसिद्ध अधिकार है। जब से गरीब का ये बेटा पीएम बना है, वे एक के बाद एक मेरे खिलाफ साजिशें करते जा रहे हैं। जितना ज्यादा कांग्रेस साजिश करती है, उतना ही ज्यादा जनता मुझे मजबूत करती है।

### आदर्श विचार



"शिक्षा और ज्ञान उसी को मिलता है जिसमें जिज्ञासा होती है।"

भागवद

### मन की बात



"दिल और दिमाग के टकराव में दिल की सुनो।"

स्वामी विवेकानंद

### तीसरी आंख




# हरियाणा को पीएम मोदी ने दी सौगात

## हरियाणा की डबल इंजन सरकार विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध, गरीब कल्याण की योजनाएं को लागू करने में हरियाणा अव्वलः मोदी

**डबल इंजन**

8 हरियाणा निवेश के लिए उत्तम राज्य के रूप में उभर रहा है और निवेश बढ़ने से नौकरियों में वृद्धि होगी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़ /दीपिका शर्मा**

**भारत** के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेवाड़ी की वीर धरा पर हरियाणा की जनता से आने वाले वर्षों में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए अपना सहयोग देने का आह्वान किया। उन्होंने हरियाणा को अद्भुत संभावनाओं का राज्य बताते हुए कहा कि हरियाणा निवेश के लिए उत्तम राज्य के रूप में उभर रहा है और निवेश बढ़ने से नौकरियों के अवसरों में भी वृद्धि होगी। डबल ईंजन की सरकार विकसित हरियाणा बनाने में जुटी है, जिससे आज की युवा पीढ़ी का भविष्य उज्ज्वल होने वाला है। टेक्नोलॉजी से टेक्सटाइल और टूरिज्म से ट्रेड तक राज्य में हर क्षेत्र में नए अवसर बढ़ने से युवाओं को रोजगार व स्व रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री जिला रेवाड़ी में आयोजित कार्यक्रम में एम्स व अन्य परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास करने उपरांत समारोह में उपस्थित जन समूह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। नरेंद्र मोदी ने कहा कि वर्ष 2013 में जब भारतीय जनता पार्टी ने मुझे पीएम के उम्मीदवार के रूप में घोषित किया था, तो मेरा पहला कार्यक्रम रेवाड़ी में हुआ था। उस समय रेवाड़ी ने 272 पार का आशीर्वाद दिया था, जो मेरे लिये सिद्धि बन गया। अब जनता कह रही है कि फिर एक बार रेवाड़ी आया हूँ तो आपका आशीर्वाद मिलेगा और अब की बार एनडीए सरकार 400 पार।

लोकतंत्र में सीटों के महत्त्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि उनके लिए जनता जनार्दन का आशीर्वाद ही सबसे बड़ी पूंजी है। आज पूरी दुनिया में भारत नई ऊँचाई पर पहुंचा है, ये जनता के आशीर्वाद के कारण ही संभव हुआ है। जिस प्रकार आज दुनिया में भारत को सम्मान मिलता है, वह मोदी का सम्मान नहीं, बल्कि हर भारतीय का सम्मान है। भारत का तिरंगा चंद्रमा पर वहाँ पहुंचा, जहाँ कोई नहीं पहुँच सका। पिछले 10 वर्षों में भारत 11 वें नंबर से ऊपर उठकर पांचवें नंबर की आर्थिक महाशक्ति बना है, ये भी जनता के आशीर्वाद से हुआ है और अब अगली टर्म में जनता के आशीर्वाद से भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए हरियाणा का विकसित होना भी बहुत जरूरी है और इसी कड़ी में आज हरियाणा के लिए लगभग 10 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया है। इन परियोजनाओं में कृष्णा सर्किट योजना के तहत ज्योतिसर में बना अनुभव केंद्र भी शामिल है।





### केंद्र की हरियाणा से जो भी अपेक्षाएं हैं, उसे हम पूरा करेंगेः मनोहर लाल

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है, जब देश के 22वें एम्स का यहां शिलान्यास हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 में प्रधानमंत्री जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे, उस समय देश की जनता उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में देख रही थी, उनकी प्रधानमंत्री की वो यात्रा 15 सितंबर, 2013 को रेवाड़ी की धरा से ही आरंभ हुई थी।

### भाजपा के अधिवेशन में छाया रहेगा राम मंदिर

**नई दिल्लीः** लोकसभा चुनाव के ठीक पहले होने जा रहे भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में मोदी सरकार की 10 साल की उपलब्धियों के साथ ही अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का मुद्दा छाया रहेगा। भारत मंडपम में होने जा रहे अधिवेशन में पार्टी अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अलग से प्रस्ताव पारित कर सकती है वहीं, शनिवार को अधिवेशन शुरू होने के एक दिन पहले ही पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 10 साल की मोदी सरकार की उपलब्धियों पर गैलरी का उद्घाटन कर साफ कर दिया कि देश भर से आए पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में चर्चा का यह अहम मुद्दा रहेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में भाजपा के अकेले 370 सीटें जीतने का लक्ष्य दिया है। इस लक्ष्य को हासिल करने में मोदी सरकार की 10 साल की उपलब्धियां और खासकर गरीब कल्याण योजनाओं की अहम भूमिका होगी। 11 हजार से अधिक प्रतिनिधियों को इन उपलब्धियों को बूथ स्तर तक ले जाने के मंत्र दिये जा सकते हैं।

## 'किसानों की समस्याओं से केंद्र को सरोकार नहीं'

**टीम एक्शन इंडिया/चंदौली/वाराणसी**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को केंद्र की मोदी सरकार को महंगाई, बेरोजगारी और किसानों के मुद्दे पर जमकर घेरा। राहुल ने कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। किसानों की भूमि छीनी जा रही है, लेकिन सच दिखाने वाला कोई नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार का गरीब और किसानों की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में पहुंचने पर सैयदराजा नेशनल इंटर कॉलेज के मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस समय देश में दो तरह की विचारधारा है। एक भाई को भाई से जोड़ती है और एक भाई से भाई की नफरत कराती है। इस यात्रा के जरिए नफरत के बाजार में वह मोहब्बत की दुकान खोलने आए हूं।

इस यात्रा के जरिए हमने कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक मोहब्बत की दुकानें खोली हैं। उन्होंने कहा कि हम भाषण नहीं देते, आपसे 7-8 घंटे मिलते हैं, आपका दुःख दर्द सुनते हैं फिर आखिर में 15 मिनट बोलते हैं। राहुल अपनी जनसभा में पार्टी कार्यकताओं के साथ गठबंधन दल के कार्यकताओं की भीड़ देख उत्साहित नजर आए। उन्होंने कहा कि बॉर्डर पर आते ही पता चल गया कि उत्तर प्रदेश में आ गए हैं।



**साधा निशाना**

8 राहुल ने कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। किसानों की भूमि छीनी जा रही है

## एसटीएफ के हत्थे चढ़ा टाइम बम बनाने में माहिर युवक, चार बम बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**उत्तर** प्रदेश एसटीएफ ने मुजफ्फरनगर जनपद के शहर कोतवाली क्षेत्र में स्थित खालापार मोहल्ले से शुक्रवार को एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चार टाइम बम बरामद किया है। बरामद बमों को निष्क्रिय करने के लिए मेरठ से बम निरोधक दस्ते को भी मौके पर बुलाया है। एसटीएफ के पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित का नाम जावेद है। उसके पास से चार टाइम बोतल बम (आईईडी) बरामद किए गए हैं। एसटीएफ की टीम आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है, इन बमों का इस्तेमाल किसी सुनियोजित षड्यंत्र में किया जाना था। जावेद ने पूछताछ में कबूल किया है कि यह बम खालापार इलाके में ही रहने वाली एक महिला ने ऑर्डर देकर बनवाए थे। टीम महिला की तलाश में जुटी है। इससे पूर्व जावेद टाइम बम बना चुका था। पूछताछ में यह जानकारी मिली है कि आरोपी का ननिहाल नेपाल में है।



### चुनाव में काले धन के इस्तेमाल की बढ़ी आशंका के मद्देनजर चुनाव आयोग सतर्क

नई दिल्ली। चुनावी बॉन्ड को सुप्रीम कोर्ट की तरफ से असंवैधानिक करार दिए जाने के बाद अब सत्ता के गलियारे में इस बार के चुनाव में काले धन का इस्तेमाल बढ़ने की चर्चा शुरू हो गई है। अटकल लगाई जा रही है कि वर्ष 2017 से पहले जिस प्रकार से चुनाव के दौरान काले धन का इस्तेमाल होता था, वह व्यवस्था फिर से वापस आ सकती है। दरअसल पूर्व की तरह चंदा का 80-90 फीसद फिर से अनाम स्त्रोत से ही आएगा।

**सख्ती** पार्टी ने कहा था- ना बिजली बिल भर पा रहे, ना कर्मचारियों को सैलरी दे पा रहे

## कांग्रेस के फ्रीज खातों से रोक हटी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**इनकम** टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल ने शुक्रवार को दोपहर 12.30 बजे कांग्रेस के फ्रीज खातों पर लगी रोक हटा दी है। एक घंटे पहले कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया। कांग्रेस के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय माकन ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था कि इनकम टैक्स ने यूथ कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी से 210 करोड़ रुपए की रिकवरी मांगी है। माकन ने कहा- हमें गुरुवार को जानकारी मिली कि बैंकों ने पार्टी के द्वारा जारी किए गए चेक रोक दिए हैं। वे हमारे चेक क्लियर नहीं कर रहे। कांग्रेस पार्टी के खाते भी फ्रीज कर दिए गए हैं। इसके अलावा क्राउड फंडिंग वाले अकाउंट को भी फ्रीज कर दिया गया है। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा- अभी हमारे पास बिजली का बिल भरने के लिए और अपने कर्मचारियों को वेतन देने के लिए पैसे नहीं हैं। अकाउंट फ्रीज होने के कारण न केवल भारत जोड़ो न्याय यात्रा, बल्कि पार्टी की सभी राजनीतिक गतिविधियां प्रभावित होंगी। यह लोकतंत्र को फ्रीज करने जैसा है।



**क्राउड फंडिंग**

8 इनकम टैक्स ने यूथ कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी से 210 करोड़ रुपए की रिकवरी मांगी है

आप लोगों को आज सुबह-सुबह बहुत ही चिंताजनक और निराशाजनक खबर शेयर करने के लिए बुलाया है। आप लोगों को जानकर आश्चर्य होगा और सही मायने में दुख भी होगा। हिन्दुस्तान के अंदर लोकतंत्र पूरी तरह से खत्म हो गया है।




# किसान मोर्चा के आवाहन पर हमीरपुर में सीटू ने किया विरोध प्रदर्शन

**विरोध प्रदर्शन**

8 पूरे देश भर में किसान व मजदूर मोदी सरकार के गलत नीतियों से तंग आकर कर रहे हैं।



**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर /विवेकानंद वशिष्ठ**

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर अखिल भारतीय विरोध प्रदर्शन कार्यवाहियों के आवाहन पर हमीरपुर में सीटू से जुड़ी सभी यूनियनों ने विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में भाग लिया। आज सुबह से ही जिला के एकमात्र हाइडल प्रोजेक्ट धौलासिद्ध में मजदूर इक्ठा हुए व हड़ताल की व गेट मीटिंग कर विरोध प्रदर्शन किया। उसके उपरांत विभिन्न यूनियनों से जुड़े मजदूर जिला मुख्यालय पर एकत्रित हुए और तहसील कार्यालय से लेकर गांधी चौक तक बाजार से रैली निकाली व गांधी चौक पर आम सभा की। सभा को सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर कश्मीर सिंह ठाकुर, जिला सचिव जोगिंदर कुमार, रंजन शर्मा, संतोष कुमार ने संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर कश्मीर सिंह ठाकुर ने कहा कि यह हड़ताल पूरे देश भर में किसान व मजदूर मोदी सरकार के गलत नीतियों से तंग आकर कर रहे हैं। उन्होंने कहा जब से मोदी सरकार आई है तब से देश के चार-पांच क कार्पोरेट घरानों पर ही देश की बेशकीमती संपत्तियों राष्ट्रीय उच्च मार्गों, बंदरगाहों, हवाईअड्डों, बैंक, बीमा आदि सबकुछ लुटाया जा रहा है जो जनता के खून पसीने से निर्मित है। देश के प्राकृतिक संसाधनों जल, जंगल, जमीन, खनिज आदि इन कंपनियों के हवाले लूटाने के लिए किया जा रहा है जबकि जबकि देश जबकि देशवासियों पर तरह-तरह के टैक्स ठोक कर लूटा जा रहा है।

मोदी सरकार ने देश के मूलभूत ढांचे में ही परिवर्तन कर दिए हैं संविधान संस्थाओं को मिट्टी में मिला दिया है और तानाशाही की तरह व्यवहार किया जा रहा है। मजदूरों के लिए सभी श्रम कानून खत्म कर दिए हैं व उनकी जगह चार नए लेबर कोर्ट बनाए हैं जो मजदूरों को बंधुआ मजदूरी और गुलामी की तरफ ले जाने के का ही रास्ता साफ करते हैं। वहीं देश के किसानों को उनकी मेहनत का लाभ भी नहीं मिल पाता है जिसके चलते देश में किसानों के आत्महत्या के सिलसिले बड़े पैमाने पर बढ़े हैं। मोदी सरकार ने 2014 से आज तक बड़े कारपोरेट कंपनियों के 23 लाख करोड़ कर्ज माफ किए हैं और इसका बोझ देश की जनता के ऊपर डाला जा रहा है। देश में महंगाई तेजी के साथ बड़ी है। देश में बेरोजगारी की दर अपने चरम पर है परंतु मोदी सरकार ने सभी विभागों में रिक्त पड़े लाखों पदों को भरने की बजाय उन्हें समाप्त ही कर दिया गया है और अब जो भर्तियां की जा रही है वो नियमित तौर पर न होकर आउटसोर्सिंग व ठेका प्रथा के तहत की जा रही है।

# कंपनी के नाम पर हो रहा था ठगी धंधा : मिलन चौधरी



**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

बिलासपुर के एम्स में कार्य कर रही एमएस एमजी सोलंकी कंपनी के प्रोजेक्ट हेड मिलन चौधरी ने कंपनी के बारे में लगाए गए तमाम आरोपों को झूठा करार दिया है और कहा है कि इस बारे में जो भी बातें उठ रही है बिल्कुल गलत है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कंपनी किसी भी प्रकार से नौकरी देने की एवज में कोई भी पैसा नहीं लेती है। यह जो अफ वाह फैलाई जा रही है उन दोषियों द्वारा फैलाई जा रही हैं जो कि कंपनी के नाम पर इस तरह की जालसाजी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कुछ बिचौलिए ठगी कर रहे हैं जिस बारे में पुलिस को सूचना दे दी गई है। उन्होंने बताया कि इस बात का पता पिछले। महीने 26 व 27 तारीख को लगा। जब दो लोग उनके पास आकर कहने लगे कि उन्हें नौकरी के लिए ज्वाइन करना है। जब उनसे पूछा गया कि उन्हें किसने भेजा तो उन्होंने बताया कि उन लोगों ने इसके लिए पैसे भी दिए हैं। लेकिन कंपनी की ओर से कोई भी ऐसा पत्र या इस तरह की नौकरी विज्ञप्ति नहीं की गई थी।

उन्होंने बताया कि इस तरह से कंपनी के प्रतिष्ठा को और एम्स की प्रतिष्ठा को आंच पहुंच रही है जो कि उचित नहीं है उन्होंने बताया कि एक दोषी कर्मचारी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर दी गई है और पुलिस से आग्रह किया गया है कि इस मामले में जो भी सम्मिलित हो शीघ्र पकड़ा जाए । कंपनी के एजीएम राजीव ओझा ने भी जोर देकर कहा कि कंपनी किसी भी प्रकार की भर्ती में कोई लेनदेन नहीं करती है। जैसे ही इस मामले का पता चला तो कर्मचारी पर एक्शन लिया गया। उन्होंने बताया कि इस समय एम्स में 350 कर्मचारी कंपनी के अंदर काम कर रहे हैं। दिन में सुपर मैनेजर, सुपरवाइजर, प्लंबर माली और सफाई कर्मी हैं। उन्होंने भी पुलिस से आग्रह किया है कि इस मामले में शीघ्र कार्रवाई की जाए।

## न्यूज फ्लैश

### हिमाचल की वास्तुकारों को आईआईए राष्ट्रपति विशेष मान्यता पुरस्कार मिला

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

हिमाचल के वास्तुकारों के संगठन आईआईए एचपी चैप्टर को वास्तुकला सामाजिक उतरदायित्व गतिविधियों को पूरा करने के लिए आईआईए राष्ट्रपति विशेष पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार एआर विलास वसंत अध्यक्ष इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट मुंबई द्वारा मुंबई संपन्न हुई आईआईए नेटकॉन 2024 के दौरान दिया गया। लखनऊ से यह जानकारी देते हुए प्रदेशाध्यक्ष नंद लाल चंदेल ने बताया कि यह पुरस्कार प्रदेश के विभिन्न सदस्यों व आर्किटेक्ट द्वारा दिखाए गए जुनून और समर्पण का प्रतिबिंब है और यह आने वाले दिनों में जहां इस क्षेत्र में नए कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करेगा बल्कि आने वाले समय में वास्तुकला जगत नई ऊंचाइयों को छूएगा। उन्होंने इस पुरस्कार पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह केवल हिमाचल प्रदेश के कई वास्तुकारों द्वारा दिखाए गए अटूट समर्थन और सहयोगात्मक भावना के कारण संभव है। इस आयोजन में एआर सुशील शर्मा शिमला, डॉ सतीश कुमार कटवाल हैड स्कूल आफ आर्किटेक्टस कांगड़ा व प्रिंसिपल राजकीय तकनीकी संस्थान रैहन कांगड़ा को भी 2023 में उल्लेखनीय गतिविधियों के लिए पुरस्कार दिया गया।

### चुनाव प्रकिया से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी अच्छे से सोच समझकर ही लें सभी निर्णय: अनुपम कश्यप

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया बेहद महत्वपूर्ण होती है इसलिए इस प्रक्रिया से जुड़े सभी अधिकारी व कर्मचारी अच्छे से सोच समझकर ही सभी निर्णय लें। उपायुक्त आज यहाँ बचत भवन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर और असेंबली स्तरीय मास्टर ट्रेनर के लिए आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी प्रशिक्षण में बताई जा रही बातों पर विशेष ध्यान दें ताकि उन्हें चुनाव से संबंधित चीजों की अच्छी जानकारी हो और जरूरत पड? पर वह अपने अधीन कार्यरत कर्मचारियों का भी मार्गदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि हाल ही हुए प्रशासनिक फेरबदल में जिला में विभिन्न स्थानों पर अधिकारी नए आए हैं इसलिए सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय होकर सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें की मतदान केंद्र ठीक स्थिति में हों। आपदा से अगर किसी मतदान केंद्र को क्षति पहुंची है तो समय रहते आवश्यक कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि आदर्श मतदान केंद्र के लिए भी सभी अधिकारी नए सुझाव दें ताकि जिला में भी विभिन्न स्थानों पर नई पहल के तहत आदर्श मतदान केंद्र बनाए जा सकें। इसके अतिरिक्तए स्वीप गतिविधियों में लोगों खासकर युवाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए भी नए प्रयास करें ताकि अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा सके। इस कार्य के लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओंए महिला मंडलए युवक मंडल आदि का सहयोग भी लिया जा सकता है। उपायुक्त ने चुनाव प्रक्रिया में विभिन्न स्तर पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए उन्हें प्रेरित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में विभिन्न गतिविधियों में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का उपस्थित होना अनिवार्य होता है। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि चुनाव के दौरान किसी भी समस्या के समाधान के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की कोर टीम उनका पूर्ण सहयोग करेगी। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से आगामी लोकसभा चुनावों को स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके सफ लतापूर्वक संपन्न करवाया जायेगा।

प्रशिक्षण के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा ने कहा कि सभी अधिकारी समय रहते समितियों का गठन करना सुनिश्चित करें ताकि चुनाव की घोषणा होने पर वह पूर्ण रूप से तैयार हों। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण से सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का ज्ञानवर्धन होगा और चुनाव के दौरान उन्हें इसका पूरा लाभ मिलेगा।

# बरमाणा रावमापा के छात्र आदित्य ठाकुर ने उत्तीकी जेईई मेन की परीक्षा



**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर /कश्मीर ठाकुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरमाणा के छात्र आदित्य ठाकुर ने जेईई मेंस की परीक्षा 97.82 प्रतिशत से उत्तीर्ण की है जिससे विद्यालय में हर्ष का माहौल है। इस मौके पर आदित्य के अध्यापकों ने उसे आगामी सुनहरे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी तथा अन्य विद्यार्थियों के सामने आदित्य का उदाहरण प्रस्तुत किया। छात्र आदित्य ठाकुर ग्राम पंचायत हरनोड़ा के निवासी है।आदित्य के पिता मदन ठाकुर वर्तमान में बल्ग का घाट विद्यालय में इतिहास के प्रवक्ता पद पर कार्यरत है। अपने बेटे की उपलब्धि पर उन्होंने भी अध्यापकों का धन्यवाद किया है।

# स्नो फेस्टिवल से मिलेगी लाहुल स्पीति के पर्यटन को गतिः ठाकुर



**निर्णय**

8 19 फ रवरी को उदयपुर में लता ठाकुर मेमोरियल स्टेडियम के मैदान में मनाये जाने का निर्णय लिया गया है।

**टीम एक्शन इंडिया/केलांग /अंगारिया**

लाहौल घाटी में पर्यटन एवं स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा दिये जाने के उददेश्य से स्नो फेस्टिबल/लाहौल शरद उत्सव 2024 का आगाज 19 फ रवरी 2024 को उदयपुर में लता ठाकुर मेमोरियल स्टेडियम के मैदान में मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा 24 फ रवरी 2024 को पुलिस मैदान केलांग में मनाये जाने और लाहौल के अन्य स्थानों जैसे गोंदला, जिस्पा, तोद खंगसर, सिस्सू और कोकसर इत्यादि स्थानों में भी मनाया जायेगा। जिसमें विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता इत्यादि करवाया जाना है। लाहुल स्पीति के विधायक रवि ठाकुर ने कहा कि जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है।

उन्होंने बताया कि स्नो फेस्टिबल का मुख्य आकषर्ण जिसमें विभागीय प्रदर्शनियां, पारम्परिक कलाकृतियां की पदर्शनी हस्तशिल्प और हथकरधा आदि पारम्परिक फूड स्टॉल, हिम शिल्प प्रतियोगिता तीरअंदाजी बुनाई रस्साकसी, बैडमिंटन, वॉलीबाल, आइस स्केटिंग, स्नो स्की और स्नो बोर्ड, स्नो मेराथन, पारम्परिक संगीत संस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। ठाकुर ने कहा कि स्नोक्राफ ट, तीर अंदाजी, बुनाई प्रतियोगिता रस्साकसी बैडमिंटन और वॉलीबॉल हेतु स्थानीय लोगों की सहभागिता के साथ लाहौल के विभिन्न स्थानों पर प्रतियोगिता करवाये जाऐगें। तथा अन्त में सम्पूर्ण लाहौल घाटी से सर्वश्रेष्ठ घाटी चैंपियन व्यक्ति, दल चुना जाएगा या सर्वश्रेष्ठ का खिताब दिया जाऐगा। जोकि मार्च माह के अंत के दिनां में करवाया जाऐगा। स्नो फेस्टिबल के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसमें स्थानीय महिला मण्डलों युवा मण्डलों एवं स्थानीय उभरते कलाकारों को अवसर दिया जाएगा ताकि घाटी में पुरानी परम्पराओं रीती रिवाजों एवं संस्कृति को संरक्षित किया जा सके।

# ट्रक और बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत, एक घायल



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

पांवटा साहिब नैशनल हाइवे पर पुरूवाला के पास बाइक के ट्रक से टकराने के कारण एक युवक की मौत तथा एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार परमजीत सिंह (35) पुत्र धनीराम निवासी मटकमाजरी व धर्मजीत सिंह (23) पुत्र बलदेव सिंह निवासी कोटड़ी बयास बाइक पर सवार होकर माजरा की तरफ से पांवटा साहिब की तरफ जा रहे थे कि पुरूवाला के पास पांवटा साहिब की तरफ से आ रहे ट्रक में टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत 108 एंबुलेंस में सिविल अस्पताल पांवटा साहिब लाया गया। जहां पर परमजीत सिंह (35) पुत्र धनीराम निवासी मटकमाजरी को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि धर्मजीत सिंह (23) पुत्र बलदेव सिंह निवासी कोटड़ी बयास का उपचार किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। घटना की पुष्टि करते हुए सिविल अस्पताल पांवटा साहिब के डॉक्टर राजीव चौहान ने बताया कि सडक हादसे में घायल दो युवक को सिविल अस्पताल में लाया गया है।

## जोगिंद्रनगर थाना में साइबर काइम के दो मामले दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिन्द्रनगर /संगराय**

जोगिन्द्रनगर में साइबर क्राईम के मामले थमते नजर नही आ रहे है। गत दो दिनों में साईबर क्राईम के दो मामले पुलिस थाने में दर्ज हुये है। पहले ममाले के तहत उज्जवल सिंह ने निवासी जलपेहड दारट बगला ने कहा कि उसका भाई दिल्ली से जम्मू ट्रेन से जा रहा था तब उसका मोबाईल तथा पर्स जिसमें उसका एटीएम था गुम हो गया। जिसकी सूचना तुरन्त बैंक को दी गयी लेकिन उसके बाबजूद उसके खाते से 80 हजार रू निकाल लिये गये।

# निजी बसें शहर के प्रमुख मार्ग पर लगा रही जाम, जनता परेशान



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

शहर की प्रमुख सडक पर जगह-जगह से सवारियां उठाने के चक्कर में नाहन से पांवटा व कालाअंब की ओर आने जाने वाली निजी बसें शहर की प्रमुख सडक पर जगह-जगह जाम लगा रही है। ऐसे में छोटे वाहनों और पैदल चलने वाले लोगों की जान पर जोखिम बड़ा है लेकिन इस मामले में पुलिस चुप्पी साधे हुए हैं। शहर में ये निजी बसें सबसे पहले प्रमुख बस अड्डा कच्चा टैंक पहुंचती है। जहां से सवारियां उठाकर वाया रानीताल, पक्का टैंक गुन्नुघाट, माल रोड होकर दिल्ली गेट पहुंचती है। आरोप है कि बस स्टैंड से निकलते ही यह निजी बसें जगह जगह खड़ी होने लगती हैं मिसाल के तौर पर बस स्टैंड से निकलकर बस अडडे के साथ ही हरिओम स्टेशनर्ज के सामने सवारियों को निजी बसों के परिचालक बुलाने लगते है। आगे चलकर एचडीएफ सी बैंक के सामने। फिर जगह-जगह रानीताल पक्का टैंक, एमसी चौक गुन्नुघाट, मॉल रोड़ तक बिना गति पकडे सवारियां उठा रहे हैं। आरोप है कि निजी बस चालक जिला प्रशासन द्वारा तय स्टॉपेज को दरकिनार करके जगह जगह बस खड़ी करके सवारियों उठा रहे है। ऐसे में इन बसों के पीछे भारी संख्या में दो पहिया वाहन और छोटी गाडियां खड़ी हो जाती है। लोगों का कहना बस स्टैंड से लेकर दिल्ली गेट तक निजी बसें को यात्री सडक पर जहां भी बस रोकने के लिए हाथ देते है ये वही खड़ी देते हैं। इसका असर यह हुआ है कि अब लोग स्टॉपेज पर इन बसों का इंतजार नहीं करते उधर एचआरटीसी की तमाम बसें सरकार क आदेशों का पालन करके तय स्टॉपेज पर ही सवारियों को चढाती व उतारती हैं। लेकिन निजी बसें इन आदेशों का पालन नहीं कर रही है

# अल्ट्राटेक कम्युनिटी वेलफेयर फाउंडेशन बागा सीमेंट वर्क्स-बागा ने स्कूल को सौंपे पंद्रह डेस्क



**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

अल्ट्राटेक कम्युनिटी वेलफेयर फ उंडेशन बागा सीमेंट वर्क्स-बागा के सौजन्य से रावमापा साई ब्राह्मणा को पंद्रह डेस्क प्रदान किए गए। इस दौरान अल्ट्राटेक कम्युनिटी वेलफेयर फ उंडेशन बागा ने स्कूल में स्वास्थ्य जांच एवं दंत स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भी किया।

बागा सीमेंट वर्क्स-बागा के प्रशासन एवं सुरक्षा विभागाध्यक्ष पीयूष रंजन शुक्ला व अनुभाग प्रमुख बिन्नी ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन बागा सीमेंट वर्क्स-बागा के कनिष्ठ अधिकारी मनोज राय एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रघु ने किया । इस दौरान विद्यालय के 80 विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस अवसर पर फाउंडेशन की ओर से विद्यार्थियों को अपने दांतों की स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने, दांतों की उचित देखभाल, नियमित रूप से दांतों में ब्रश करने, मृदु पेय, फ ास्ट फू ड आदि के सेवन से बचने और संतुलित, पौष्टिक व स्वास्थ्य वर्धक भोजन ग्रहण करने का संदेश दिया गया। अल्ट्राटेक कम्युनिटी वेल्फेयर फाउंडेशन द्वारा पाठशाला के विद्यार्थियों को निःशुल्क टूथब्रश एवं टूथपेस्ट भी वितरित किए गए। इसके अलावा फाउंडेशन ने स्कूल को डेस्क भी सौंपे। इससे पूर्व भी इसी शैक्षणिक सत्र में फाउंडेशन ने इस पाठशाला को पंद्रह डेस्क, सात कंप्यूटर, स्पोर्ट्स किट, पुस्तकालय हेतु पुस्तकें भेंट की थीं। पाठशाला में पौधारोपण तथा स्वच्छता कार्यक्रमों में भी यह फाउंडेशन सक्रिय रही है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला-साई ब्राह्मणा की विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने पाठशाला के विकास और विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने में फाउंडेशन की रुचि एवं भूमिका की सराहना की।

# आईस हॉकी कप 2024 और आईस स्पीड स्केटस का हुआ समापन

**शिरकत**

8 आईस हॉकी एसोसियेशन आफ हिप्र के अध्यक्ष अभय डोगरा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की



**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

आइस हॉकी एसोसियेशन लाहुल स्पिति और रॉयल इन्फील्ड के संयुक्त तत्वाधान से आईस हॉकी कप 2024 और आईस स्पीड स्केटस का समापन समारोह आइस हॉकी रिंक काजा में किया गया। समापन समारोह में आईस हॉकी एसोसियेशन आफ हिप्र के अध्यक्ष अभय डोगरा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यातिथि को आईस हॉकी एसोसियेशन आफ लाहुल स्पिति और रॉयल इन्फील्ड की ओर से भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पांचों गोम्पाओं के प्रमुख लामाओं को सम्मानित किया गया। इनमें कीह, काजा, कुंगरी, ढंखर और ताबो से लामा मोजूद रहे

आईस हॉकी स्पिति कप 2024 में ब्यॉज श्रेणी में सेंटर जोन विजेता रही। वहीं पिन जोन उप विजेता रही। इसके साथ गर्ल्ज श्रेणी में तोद जोन विजेता रही। इसके साथ ही रनर अप शम जोन रही। इसके अलावा स्पीड स्केटस की विभिन्न श्रेणीयों में विजेता और उप विजेता खिलाडि?ों को सम्मानित किया गया।

] स्पीड स्केटस की ओपन ब्यॉज में थिन्ले नोरबू विजेता और उप विजेता तेंजिन दोरजे रहे। इसके अलावा गर्ल्ज श्रेणी में तेंजिन देकांग विजेता और अंगरूप चोमो उप विजेता रहे। मुख्यतिथि ने सभी खिलाडि?ों को मैडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि अभय डोगरा ने कहा कि रायल इन्फ ील्ड और आईस हॉकी एसोसियेशन आफ लाहुल स्पिति ने एक नई शुरूआत की है। स्पीति कप अब हर साल इसी तरह यहां पर आयोजित होगा ताकि स्पिति के अपने खिलाडि?ों को बेहतर मंच मिल सके और अच्छे खिलाड़ी निकल कर आ सके। आईस हॉकी काफी मुश्किल और मंहगा खेल है। लेकिन प्रशासन और स्पोर्संस्ड के माध्यम से बच्चों आईस हॉकी के उपकरण यहां पर मिल पा रहे है। कोई भी प्रतियोतिगता हो स्पिति की टीम बिना मैडल के अब लौट कर नहीं आती है। यह हमारी स्पिति के लिए गर्व की बात है। स्पिति कप में जो टीम जीत गई है उन्हें अपना प्रदर्शन इसी तरह भविष्य में भी रहना होगा। वहीं जो टीम हारी है उसे कड़ी मेहनत करते हुए अपनी खामियों को दूर करना होगा।

# संत शिरोमणी रविदास जी प्रकाश पर्व को लेकर कल निकलेगी सदभावन यात्राः राजेंद्र भाटिया



**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर /कश्मीर ठाकुर**

संत शिरोमणी जगतगुरू रविदास जी महाराज प्रकाश पर्व की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा 18 फ रवरी को बिलासपुर जिला में विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए आयोजक पे बैक टू सोसायटी के प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र भाटिया ने बताया कि संत रविदास सदभावना रैली का मुख्य उद्देश्य क्रांतिकारी दूरदर्शी संत गुरू रविदास जी की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। क्योंकि बिना किसी धर्म, जाति, लिंग, भेदभाव के गुरू रविदास ने हर व्यक्ति के लिए सर्वप्रथम अन्न की सुविधा की लड़ाई लड़ी है, जो कि उनकी महान सोच का दशार्ता है। उन्होंने बताया कि यह सदभावना यात्रा चंबा से शुरू होकर कांगड़ा, हमीरपुर से होते हुए 18 फरवरी को बिलासपुर पहुंचेगी जहां पर जिला की परिक्रमा करते हुए ऊना जिला की ओर प्रस्थान करेगी। राजेंद्र भाटिया ने कहा कि रविवार सुबह दस बजे अंबेडकर भवन घुमारवीं में चंबा से आने वाले अतिथियों का स्मृति चिन्ह व शिरोपा भेंट कर सम्मान किया जाएगा। उसके बाद सदभावना यात्रा को हरी झंडी देकर रवाना किया जाएगा। अंबेडकर अनुसूचित जाति समिति घुमारवीं के प्रधान मनसा राम और रविदास सेवा समिति बैहना जट्टां डोल महासभा के प्रधान सरवण कुमार ने बताया कि यह बिलासपुर के लिए गौरव का विषय है कि जन जारूकता रैली में पूरे प्रदेश भर के प्रतिनिधि इस अभियान के माध्यम से संविधान की रक्षा को लेकर अलख जगा रहे हैं।

# किसानों, मजदूरों और श्रमिकों के हक में सोलन में हल्ला बोल

**नारेबाजी**

**8 सयुंक्त मंच पर आकर एटक, इंटक, सीटू ने केंद्र सरकार के खिलाफ की नारेबाजी**

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन /मनीष**

संयुक्त मजदूर किसान आंदोलन के सांझा आह्वहन पर शुक्रवार को पूरे देश के स्तर पर केंद्र सरकार की आम जनता विरोधी नीतियों के विरोध देशव्यापी आम हड़ताल का आयोजन किया जा रहा है। इसी आवाह्न पर सोलन में भी किसानों व मजदूरों की सांझा रैली पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस सोलन से शहर के ओल्ड डीसी ऑफिस तक निकाली गई है। इस दौरान एटक के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश भारद्वाज ने कहा कि आज किसान आंदोलन के समर्थन में हिमाचल प्रदेश में भी भारत बन्द के आह्वान पर हड़ताल की जा रही हैएऔर जहां पर भी प्रदेश में औद्योगिक इकाइयां हैं वहां पर आज श्रमिकों और हड़ताल कर पूरी तरह से बाजार बंद रखा गया है। सोलन में आज इटकए एटकएसीटू के पदाधिकारियों द्वारा मजदूरों किसानों और श्रमिकों की मांगों को लेकर रैली निकाली गई है और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सत्ता में आते ही 44 श्रम कानूनों को खत्म कर श्रम संहिताओं को लेकर आए थे उसके विरोध में और कर्मचारियों और उद्योग में कार्यरत श्रमिकों की मांगों को लेकर लगातार वे प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पूँजीपतियों को छोडकर समाज के सभी वर्गों मजदूरों कर्मचारियों, किसानों, ट्रांसपोर्टर्स सभी के शोषण को उतारू है। इसलिए आज सारे देश में केंद्र सरकार के खिलाफ हडताल हो रही है क्योंकि ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच का मानना है कि केंद्र सरकार पूरी तरह पूर्जीपतियों के साथ खड़ी हो गई है और आर्थिक संसाधनों को आम जनता से छीनकर अमीरों के हवाले करने के रास्ते पर आगे बढ़ गई है। व्यापार को आसान करने के नारे की आड़ में मजदूरों के लिए बने 44 श्रम कानूनों को खत्म कर 4 मजदूर विरोधी लैबर कौड़ बनाकर पूंजीपतियों, उद्योगपतियों व कार्पोरेट घरानों को फायदा पहुँचाने के लिए मजदूरों के 1 सदी के लगातार संघर्ष से बनवाए श्रम कानूनों को खत्म कर दिया है।



## राज्यपाल ने उप मुख्यमंत्री के घर पहुंच कर शोक व्यक्त किया

**शोक**

**8 सिम्मी अग्निहोत्री का अकस्मात निधन न केवल परिवारजनों बल्कि प्रदेश के लिए एक बड़ी क्षति है।**

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल आज ऊना जिला के गोंदपुर जयचंद स्थित उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के पैतृक निवास पहुंचे और उनकी धर्मपत्नी प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री का अकस्मात निधन न केवल परिवारजनों बल्कि इस क्षेत्र व पूरे प्रदेश के लिए एक बड़ी क्षति है।



उन्होंने कहा कि दिवंगत सिम्मी अग्निहोत्री सामाजिक कार्यों के प्रति अत्यंत संवेदनशील थी तथा जरूरतमंदों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहती थीं। प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए जिला ऊना के हरोली से शुरू किये गये विशेष जागरूकता अभियान में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की शांति व शोकाकुल परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। इस अवसर पर मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, उपायुक्त जतिन लाल सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### दमदार कलाकार निहारिका ने अपना एल्बम ट्वेंटी 19 लॉन्च किया

**चंडीगढ़ :** इस पीढ़ी की दमदार कलाकार निहारिका ने अपना एल्बम ट्वेंटी 19 जारी किया है जो एक ऐसी दुनिया के सफर पर ले जाता है जहां भावनाएं दिल को छू लेने वाले गीत के साथ हिलोरे खाती हैं।




निहारिका ने साधारण प्रेम गीतों की सीमाओं से परे हटकर एक ऐसी भावनात्मक कहानी बुनी है जो उनकी नई एल्बम के तीन ट्रैक दिमाग खराब, जाना और लौटा दे में बयां हो रही है ।दिल से एक कहानीकार और प्रसिद्ध पश्चिमी कलाकारों की याद दिलाने वाली मनोरम आवाज की मल्लिका निहारिका अपने हर एक ट्रैक के साथ श्रोताओं को एक सफर पर ले जा कर सही राह दिखाती है ।दिमाग खराब प्यार में अंधे होने की मासूमियत को दिखाता है जबकि जाना ब्रेकअप की कड़वी वास्तविकता का सामना कराता है प्यार के खट्टे मीठे लम्हों को सामने लाता है ।एल्बम का आखिरी ट्रैक लौटा दे में एक भावनात्मक चरमोत्कर्ष है जो दिल को झकझोर देने वाला गीत है। यह जाने देने के संघर्ष को बड़ी खूबसूरती से दिखाता है ।ट्वेंटी 19 प्यार के उतार चढ़ाव भरी दुनियां का सफर है जहां निहारिका श्रोताओं पर इस बात को छोड़ती है की वह अपनी कहानी धुनों में स्वयं बुन लें। अपने एल्बम पर खुशी जाहिर करते हुए निहारिका ने कहा ट्वेंटी 19 मेरी भावनाओं और अनुभवों का आईना है ।एल्बम के अपने तीन गानों के साथ मैं श्रोताओं को प्यार की मुश्किलों,प्यार के उतार चढ़ाव और खट्टे मीठे प्यार के लम्हों भरे सफर में शामिल होने के लिए आमंत्रित करती हूँ। मुझे उम्मीद है कि श्रोता उन भावनाओं से जुड़ेंगे जो मैंने अपने संगीत में व्यक्त की हैं और वे इन धुनों में खुद को पा सकेंगे। हर एक नोट में अनेक भावनाओं को शामिल करते हुए ट्वेंटी 19 कलाकार और दर्शकों के बीच एक गहरा संबंध बनाता है। तो तैयार हो जाइए भावनाओं की दुनियां में जाने के लिए क्योंकि निहारिका आपको एक मनोरम संगीत की दुनियां में ले जाने आ रही है।

### ऑनर ने भारत में विश्वप्रसिद्ध एक्स सीरीज में ऑनर एक्स 9 बी लॉन्च किया

**लुधियाना:** ऑनर ने अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए अपनी विश्वप्रसिद्ध एक्स सीरीज में आज ऑनर एक्स 9 बी का लॉन्च किया। इस लॉन्च द्वारा ऑनर का उद्देश्य ग्राहकों को हर विशेषता में कुछ एक्स्ट्रा, जैसे अतुलनीय डिस्प्ले क्वालिटी, बेहतर बैटरी और ऑप्टिमाईज्ड सॉफ्टवेयर परफॉर्मेंस प्रदान करना है, जो विभिन्न ग्राहकों की जरूरतों को पूरा कर सकें ।ऑनर एक्स9बी 5जी के अलावा, ब्रांड ने बेहतर ऑडियो के लिए ऑनर चॉईस एक्स 5, और फिटनेस ट्रैकिंग के लिए ऑनर हेल्थ ऐप के साथ ऑनर चॉईस स्मार्टवॉच के लॉन्च की भी घोषणा की, ताकि भारत में एक कनेक्टेड ईकोसिस्टम पेश किया जा सके ।ऑनर एक्स9बी में ऑनर अल्ट्रा-बाउंस एंटी-ड्रॉप 360 डिग्री डिस्प्ले है,जो बेजोड़ ड्यूरेबिलिटी और स्थिरता प्रदान करता है। इस फोन के चारों ओर एयरबैग कुशनिंग टेक्नोलॉजी और इनोवेटिव शॉक-एब्जॉर्बिंग संरचना 1.5 मीटर तक की ऊँचाई से गिरने पर भी इसे बेहतरीन सुरक्षा प्रदान करती है ।यह फोन सभी चार कोनों और छः सतहों पर 360 डिग्री सुरक्षा की गारंटी देता है,और मार्बल जैसी कठोर सतहों पर भी सुरक्षित रहता है ।इस स्मार्टफोन में प्रीमियम स्लीक डिजाईन में 5800एमएएच की एक्स्ट्रा ड्यूरेबल बैटरी लगी है,ताकि यूजर्स बैटरी की पॉवर की फिक्र किए बगैर पूरे दिन अपने फोन का उपयोग कर सकें ।लंबे समय तक उपयोग और आँखों के आराम के लिए ऑनर एक्स9बी में हार्डवेयर-लेवल लो ब्लू लाईट के साथ डायनामिक लाईट का उपयोग किया गया है, जो आँखों की थकान को कम करती है ।ऑनर एक्स9बी 5जी 25,999 रुपये के एमओपी में से 16 फरवरी दोपहर 12 बजे से अमेजन.इन, ब्रांड की वेबसाइट और आपके नजदीकी मेनलाइन स्टोर्स पर मिलेगा। इस स्मार्टफोन पर सेल के पहले दिन आईसीआईसीआई बैंक के यूजर्स को सभी बैंक कार्डों पर 3000 रुपये की तत्काल बैंक छूट या 5000 रुपये का एक्सचेंज बोनस मिलेगा, जिससे इसका मूल्य घटकर 22999 रुपये हो जाएगा। ग्राहक 6 महीने तक की नो कॉस्ट ईएमआई का विकल्प भी चुन सकते हैं। एक्स सीरीज के ऑनर चॉईस ईयरबड्स एक्स5 एक संतुलित और प्रीमियम क्वालिटी का ऑडियो अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाईन किए गए हैं, जो ऑनर एआई स्पेस द्वारा आधुनिक कनेक्टिविटी प्रदान करते हैं, ताकि विभिन्न डिवाईसेज के बीच आसानी से स्विच किया जा सके ।ऑनर चॉइस ईयरबड्स एक्स5, 16 फरवरी दोपहर 12 बजे से अमेजन.इन, ब्रांड वेबसाइट और आपके नजदीकी मेनलाइन स्टोर्स पर 1999 रुपये में उपलब्ध होंगे ।एक्स सीरीज स्मार्टफोंस के अलावा, ऑनर ने बिल्ट-इन ऑनर हैल्थ ऐप के साथ अपनी लेटेस्ट स्मार्टवॉच भी पेश की है।

## आदित्य ठाकुर ने उत्तीर्ण की जेईई मेन की परीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरमाणा के छात्र आदित्य ठाकुर ने जेईई मेंस की परीक्षा 97.82 प्रतिशत से उत्तीर्ण की है। जिससे विद्यालय में हर्ष का माहौल है। इस मौके पर आदित्य के अध्यापकों ने उसे आगामी सुनहरे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी तथा अन्य विद्यार्थियों के सामने आदित्य का उदाहरण प्रस्तुत किया। छात्र आदित्य ठाकुर ग्राम पंचायत हरनोड़ा के निवासी है। आदित्य के पिता मदन ठाकुर वर्तमान में बल्ग का घाट विद्यालय में इतिहास के प्रवक्ता पद पर कार्यरत है।

## वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फोजल में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया

**जानकारियां**

**8 नशा निवारण के बारे में स्थानीय युवक-युवतियों व स्कूल के बच्चों को विभिन्न जानकारियां प्रदान की गई।**

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

जिला रेडक्रास कुल्लू के अंतर्गत भुन्तर में संचालित एकीकृत नशा निवारण एवं पुनर्वास केंद्र द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फ ोजल में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नशा निवारण के बारे में स्थानीय युवक-युवतियों व स्कूल के बच्चों को विभिन्न जानकारियां



प्रदान की गई। मनोवैज्ञानिक दिव्या भारद्वाज ने कहा कि नशा एक बीमारी है इससे बचने के लिए इससे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानना आवश्यक है ।नशे के गिरफ्त में आये युवक-युवतियों का इलाज संभव है यदि समय रहते हुए उन्हें नशा निवारण केंद्र में लाया जाए तथा विभिन्न प्रकार के औषधियां एवं उपचार से उन्हें नशे की लत से बाहर निकाला जा सकता है। उन्होंने बताया कि नशा मुक्ति केन्द्र में इसके लिए डॉक्टरों की देखरेख में उचित परामर्श एवं दवाइयों के साथ-साथ मेडिटेशन, योग, खेल एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नशे के व्यसनी महिलाओं को नशे की लत से बाहर निकाला जाता है। परियोजना समन्वयक अनीता ठाकुर ने कहा कि भून्तर स्थित नशा मुक्ति केंद्र में मरीज का उपचार बाह्य रोगी या आवासीय रोगी के रूप में किया जाता है। बाह्य रोगियों को निशुल्क दवाइयां दी जाती है तथा मनोवैज्ञानिक/काउंसलर द्वारा रोगी तथा उसके परिवार के सदस्यों के लिए परामर्श सत्रों का आयोजन किया जाता है। गम्भीर लक्ष्णों वाले रोगियों को उनकी सहमति से केंद्र में भर्ती किया जाता है। आमतौर पर ऐसे रोगियों को 21 दिनों से 30 दिनों तक केंद्र में इलाज किया जाता है तथा उपचाराधीन रोगियों को डॉक्टर तथा स्टाफ नर्सों की निगरानी में उनके बीपीए तापमान तथा अन्य लैब टेस्ट करवाए जाते है। किसी भी आपात स्थिति में उचित अस्पताल में रेफर करने की व्यवस्था की गई है। इलाज के दौरान मनोचिकित्सक काउंसिल द्वारा व्यक्तिगत परामर्श तथा परिवार के सदस्यों की परामर्श सुविधाएं दी जा रही हैं। उपचार अवधि के दौरान सुबह के समय शारीरिक व्यायाम, ध्यान और योगा प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा करवाएं जाते है। दिन के समय निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न गतिविधियों में उन्हे व्यस्त रखा जाता है।

## कांग्रेस पीसीसी महासचिव विवेक कुमार ने किया मेधावी बच्चों का सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

राजकीय उच्च विद्यालय गाह घोड़ी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूम धाम से मनाया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विवेक कुमार बने। इस समारोह में अन्य गणमान्य अतिथियों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धनी के प्रधानाचार्य सुशील कुमार, राजकीय उच्च विद्यालय गाह घोड़ी के मुख्याध्यापक लियाकत अली, राजकीय प्राथमिक पाठशाला गडि ?ाना के मुख्य शिक्षक हरिशरण, विद्यालय प्रबंधन समिति



के प्रधान शक्ति सिंह, रीना देवी, उपप्रधान प्रेम सिंह, कुंजू राम, श्याम लाल धमार्णी, देव राज, मनसा राम, गाह गांव के कांग्रेस बूथ अध्यक्ष राम लाल पठानिया व दोनों विद्यालयों के स्टाफ मेंबर्स छात्र व अभिभावक गण मौजूद रहे। इस समारोह में दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## पुलिस पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन बिलासपुर की बैठक रविवार को घुमारवीं में

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

पुलिस पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन बिलासपुर की बैठक रविवार को घुमारवीं के रैहन बसेरा में रविवार को 11 बजे होगी। यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के जिला प्रधान डॉ. रवीन्द्र कुमार ठाकुर ने जिला भर के सभी सेवानिवृत पुलिस कर्मचारियों एवं अधिकारियों से आग्रह किया है कि वे इस मीटिंग में अवश्य भाग लें। बैठक में सेवानिवृत पुलिस कर्मचारियों एवं अधिकारियों की लम्बे समय से लंबित मांगों एवं सरकार की उपेक्षा वाली नीति पर चर्चा और आगामी रणनीति तय की जाएगी।

## कांग्रेस राज में डॉक्टर भी परेशानः नंदा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और नागरिक चिकित्सालय में मरीजों के उपचार का जिम्मा एक-एक डॉक्टर के पास है। कई महीनों से लगातार 24 घंटे से भी अधिक समय तक ड्यूटी देने के कारण अब चिकित्सक मानसिक रूप से परेशान हो रहे हैं। राज्य में भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा मानक के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और नागरिक चिकित्सालय में तय स्वीकृत पदों के तहत चिकित्सकों की तैनाती नहीं की है।

प्रदेश में अधिकांश सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 10 और नागरिक चिकित्सालय में 20 डॉक्टरों की तैनाती होनी चाहिए। लेकिन मौजूदा समय में अधिकांश स्वास्थ्य केंद्रों में एक-एक चिकित्सकों से काम करवाया जा रहा है। इससे डॉक्टरों को एक दिन की छुट्टी लेना अभी मुश्किल हो गया है। नजाने यह सरकार इन खाली पदों को कब भरेगीए एक लाख नौकरी देने वाले आज एक भी नौकरी नहीं दे पा रहे। इस प्रकार से सरकार पर एक बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा हो जाता है।

उन्होंने कहा की बिलासपुर जिला में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हटवार, हरलोग, तलाई, घवांडल, पंजगाई, स्वारघाट में एक चिकित्सक सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। कांगड़ा के नागरिक चिकित्सालय नूरपुर में 13 पद थुरल में 6 पद, खुडियां में सभी पद



रिक्त खाली हैं।

किन्नौर में नागरिक चिकित्सालय कांगो में एक, कुल्लू जिला में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैंज और पतलीकूहल में एक पद रिक्त होने से एक ही चिकित्सक से दिन रात काम चलाया जा रहा है। लाहौल स्पिति जिला में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शांशा में दो चिकित्सक तैनात हैं बाकी पद रिक्त चल रहे हैं। मंडी में नागरिक चिकित्सालय लड़भड़ोल एवं चौंतडा में चिकित्सक तैनात नही है। नागरिक चिकित्सालय नगवाई में 4, कोटली में 3, टिहरा में 2, मंडप में 3 पद खाली है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोलनघाट, अश्ला, पंडोह में चिकित्सकों के सभी पद खाली है। जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मढ़ी, पांगना, चोलथरा में एक ही चिकित्सक तैनात है। इसके अलावा सिरमौर नागरिक चिकित्सालय ददाहू में 5 पद रिक्त चल रहे हैं और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कफ ोटा, संग्राह, चिल्लोग में एक ही चिकित्सक तैनात है।

## किसानों की मांगों पर अमल करे सरकारः रजनीश मेहता

**तीखी आलोचना**

**8 किसानों के प्रति हिंसक रवैया अपनाने के लिए केंद्र और हरियाणा सरकार की तीखी आलोचना की है।**

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

हिमाचल युवा कांग्रेस ने किसानों के प्रति हिंसक रवैया अपनाने के लिए केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार की तीखी आलोचना की है। प्रदेश युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के प्रभारी रजनीश मेहता ने कहा कि केंद्र व हरियाणा की भाजपा सरकार को किसानों पर अत्याचार करने के बजाय जल्द से



जल्द उनकी माँगे माननी चाहिए और उन्हें तुरंत लागू करना चाहिए। मेहता ने कहा कि पंजाब और हरियाणा के हजारों किसान अपनी जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे है लेकिन केंद्र व हरियाणा की खट्टर सरकार उन्हें परेशान कर रही है। उनपर अत्याचार कर रही है हरियाणा में सरकार द्वारा किसान नेताओं को नजरबंद किया जा रहा है किसान आगे न बढए इसलिए जगह जगह बेरीकेडिंग कर दी गई है यह बेहद दुर्भागपूर्ण है। मेहता ने कहा कि भाजपा नेताओं के बयानों से साबित होता है की भाजपा पूरी तरह किसान विरोधी पार्टी है किसानों के प्रति उसके अव्यवहारिक और तानाशाही भरे रवैये से यह साबित भी होता है किसानों के प्रति पुलिसिया रवैये से पता चलता है कि भाजपा सरकार देश के लोगों से शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने का उनका संवैधानिक अधिकारी छीनना चाहती है पिछले चार दिनों से किसानों पर हो रहे अत्याचार से भाजपा का किसान विरोधी चेहरा एक बार फिर उजागर हुआ है। मेहता ने कहा कि भाजपा सरकार ने नेशनल हाईवे पर लोहे की कीलें और कँटीले टार लगाकर जिस तरह से बेरीकेडिंग की है वह बेहद ही आश्चर्यजनक और लोकतंत्र विरोधी कदम है। मेहता ने कहा कि अगर किसान अपने ही देश की राजधानी में प्रदर्शन करना चाहते है तो इससे भाजपा सरकार को दिक्क्त क्या है शांतिपूर्वक प्रदर्शन करना लोकतंत्र में सभी लोगों का अधिकार है प्रधानमंत्री मोदी ने किसान आंदोलन के समय किसानों से वादा किया था की वह एमएसपी को कानूनी गारंटी देंगे लेकिन उन्होंने अभी तक इस पर कानून नहीं बनाया जिसके चलते एक बार फिर देश के किसान उनकी सरकार के खघ्लिाफ प्रदर्शन कर रहे है।

## नलवाड़ व सुकेत देवता मेले की तैयारियों के लिए विभिन्न समितियां गठित

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

सुंदरनगर में 22 से 28 मार्च तक मनाये जाने वाले राज्य स्तरीय नलवाड़ मेला तथा 13 से 17 अप्रैल तक मनाए जाने वाले राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेले के आयोजन को लेकर एसडीएम सुंदरनगर गिरीश समरा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। एसडीएम ने बैठक की कार्यवाही का संचालन करते हुए मेले की आय व्यय एवं अन्य प्रबंधों का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया। एसडीएम ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुकेत नलवाड़ मेला तथा देवता मेला धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि



इस वर्ष नलवाड़ मेला किसान मेला के रूप में मनाया जाएगा। बैठक में तय किया गया कि इस बार मेले में 6 सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन जवाहर पार्क सुंदरनगर में किया जाएगा जिनमें हिमाचल के बॉलीवुड कलाकार, पंजाबी कलाकार व हास्य कवियों की प्रस्तुतियां शामिल रहेगी। एसडीएम ने अधिकारियों को मेले में पधारने वाले देवी देवताओं और देवलुओं को बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और बताया कि इस वर्ष मेले की स्मारिका के साथ-साथ दवी-देवताओं की ऐतिहासिक किताब भी छापी जाएगी। उन्होंने बताया कि नलवाड़ व देवता मेले में निशुल्क स्वास्थ्य जांच केंद्र भी स्थापित किया जाएगा। किसान मेले के दौरान कृषि, उद्यान, मत्स्यपालन, पशुपालन, वन व उद्योग विभाग के विशेषज्ञों द्वारा निशुल्क प्रशिक्षण शिविर और गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। किसानों के लिए कृषि उपकरण व खाद बनाने वाली कंपनियों द्वारा प्रदर्शनियां भी लगाई जाएगी। पशुपालन विभाग के द्वारा कैटल और डॉग शो का आयोजन किया जाएगा। सुंदरनगर अगेंस्ट ड्रग्स थीम के साथ मेले के दौरान खेल प्रतियोगिताएं, कुश्ती, पेंटिंग, साइकिल रेस, पुरुषों के लिए बॉडी बिल्डिंग और महिलाओं के लिए ब्यूटी प्रतियोगित, बच्चों के लिए पढ़ाई संबंधी क्विज आदि प्रतियोगिताएं करवाई जाएगी तथा फू ड फेस्टिवल में सुंदरनगर बस अड्डे के समीप स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे। सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार धनराशि भी प्रदान की जाएगी। एसडीएम ने बताया कि राज्य स्तरीय नलवाड़ और देवता मेला सुंदरनगर-2024 के सफ ल आयोजन को लेकर विभिन्न उप समितियां गठित की गई है जिन के सहयोग से मेले को सफल बनाया जाएगा

## बिना किसी सही नीति के कैसी करेगी कांग्रेस पार्टी चुनावी घोषणाओं को पूराः मनोहर शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर /कश्मीर ठाकुर**

आजाद हिंद क्रांतिकारी पार्टी के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व सैनिक मनोहर शर्मा ने कांग्रेस पार्टी द्वारा की गई चुनावी घोषणाओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश पहले ही लगभग 100 हजार करोड़ के कर्ज में डूबा है। कांग्रेस पार्टी लागतार कर्ज पर कर्ज ले रही है और अभी अभी तक केंद्र से आई हुई आपदा राहत कोष का धन सही तरीके से आवंटन नहीं कर पाई है बहुत से ऐसे परिवार है जिनको अभी तक भी कोई मुआवजा नहीं मिला है



और न ही सही आकलन किया गया जबकि केंद्र सरकार ने पूरी भरपाई कर दी है ऐसे हालत में बिना किसी सही नीति के चुनावी घोषणाओं को कैसे पुरा करेगी। मनोहर शर्मा ने बताया कि कांग्रेस पार्टी द्वारा की गई चुनावी घोषणाएं महज सत्ता हासिल करना था जिसमें कांग्रेस पार्टी जनता को गुमराह करने में कामयाब रही। उन्होंने कहा कि यदि ओपीएस 2003 से सही तरीके से बहाल नहीं कर पाएगी और चुनावी घोषणाएं पूरी नहीं की गई तो आजाद हिंद क्रांतिकारी पार्टी भाजपा के साथ मिलकर कर्मचारी वर्ग जनसमर्थन लेकर शांतिप्रिय ढंग से हिमाचल की वर्तमान सरकार के खिलाफ जन आंदोलन करेगी। मनोहर शर्मा ने बताया कि हिमाचलियों को सता में रही सरकारों ने झूठी घोषणाएं करके प्रदेश वासियों को हमेशा बारी बारी व पारी पारी की राजनैतिक गेम में उलझाती रही है।

# हिमाचल में नहीं लगेगी पूर्व विधायकों के नाम की शिलान्यास व उद्घाटन पट्टिकाएं

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

हिमाचल प्रदेश में भविष्य में किसी भी उदघाटन व शिलान्यास पट्टिका पर अब पूर्व विधायक का नाम नहीं लिखा जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान ये घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि उद्घाटन और शिलान्यास पट्टिका पर केवल चुने हुए और सरकारी ओहदे पर नियुक्त व्यक्ति के ही नाम अंकित होंगे। भाजपा सदस्य पूर्ण चंद ठाकुर के सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में ऐसा नहीं होगा और जहां-जहां पूर्व विधायक का नाम पट्टिका पर अंकित है, उनका



पता किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि पूर्व विधायक के नाम ऐसी पट्टिकाओं पर लगेंगे तो इससे गलत परंपरा शुरू हो जाएगी और इसे रोकना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ से मानदेय और वेतन लेने वाले जनप्रतिनिधि की पट्टिका लगाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में नीचे तक आदेश दिए जाएंगे और यदि कोई उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पट्टिका नहीं हटाती, बल्कि वह तो लोगों के दिलों में पट्टिका लगाने में विश्वास रखती है। इससे पूर्व पूर्ण ठाकुर ने उनके विधानसभा हलके में हारे हुए नेताओं के नाम उद्घाटन और शिलान्यास पट्टिकाओं पर लगाने पर एतराज जताया और पूछा कि ऐसा किन नियमों के तहत किया गया है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और विधायक राकेश जम्वाल ने भी इस पर प्रतिपूरक सवाल किये। जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री के सरकारी आवास में लगी उद्घाटन पट्टिका को हटाने का मामला उठाया और लिफ्ट में लगी पट्टिका को हटाने का भी मामला उठाया।उन्होंने बगस्याड़ स्कूल के वार्षिक समारोह में उन्हें बतौर मुख्यातिथि बुलाये जाने के तीन दिन बाद ही उस स्कूल से सारे शिक्षकों के तबादले कर दिए जाने का मामला भी उठाया। बॉक्स एक सप्ताह में सभी डिविजनों में आ जाएंगे बिजली को मीटर विधायक राजेंद्र राणाए डॉ जनक राज और विनोद कुमार के संयुक्त सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली मीटरों की खरीद जारी है और टेंडर हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह में सभी डिविजनों में बिजली के मीटर पहुंच जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा 3701 करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट हिमाचल को स्वीकृत किया गया था।

# गाय सेवा में हर घर बने भागीदार: बाबा बाल

**गौ उत्सव**

> 8 इतिहास जानता है कि संत महापुरुष गाय रखते थे और उनकी पूजा अर्चना करते थे।

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने कहा कि इतिहास जानता है कि संत महापुरुष गाय रखते थे और उनकी पूजा अर्चना करते थे। गाय को भारतीय सांस्कृति में माता का दर्जा दिया गया है और सनातन धर्म में गाय की सेवा को प्रमुखता से रखा गया है। बाबा बाल जी महाराज शुक्रवार को रक्कड़ कॉलोनी स्थित श्री बाल गोपाल गोलोक धाम संस्थान में गौ उत्सव एवं संत सम्मेलन में प्रवचन कर रहे थे। इससे पहले सुबह हवन डाला गया और गौ पूजा की। बाबा बाल



जी महाराज ने कहा कि श्री कृष्ण ने भी गाय की सेवा की थी, इसीलिए गाय की सेवा को पुण्य के साथ जोड़ा जाता है। उन्होंने श्री बाल गोपाल गाऊ लोक धाम द्वारा स्थापित गऊशाला की सराहा करते हुए कहा कि इस गऊशाला में अधिकतर गाय वें है, जो सडको पर लवारिस घुमती थी। उन्हें आश्रय दिया गया है और सैकड़ों लोग इस गऊशाला से जुडकर सेवा के कार्य में जुटे है, जो कि पुण्य कमाने के सामान है। उन्होंने कहा कि सरकार व प्रशासन द्वारा अनेक गऊशालाएं खोली जा रही है। इनका बेहतर संचालन हो, इसके लिए स्थानीय लोगों को इसमें शामिल करना चाहिए और निराश्रित गाय को गऊशालाओं में सहारा दिया जाना चाहिए।

## समनाल में अवैध शराब सहित वृद्ध काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

थाना हरोली के तहत समनाल में पुलिस ने 67 वर्षीय वृद्ध को अवैध शराब सहित काबू किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक वीरवार रात्रि को हरोली पुलिस समनाल में गश्त पर मौजूद थी। इस दौरान पुलिस ने शक के आधार पर वृद्ध रत्न सिंह निवासी बालीवाल तलाशी ली, जिससे पुलिस को 7 अवैध शराब की बोतलें बरामद की। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# केंद्र के खिलाफ सडको पर उतरे किन्नौर के मजदूर, जमकर की नारेबाजी

**रैली**

> 8 श्रम कानूनों को नियोक्ताओं के पक्ष में और श्रमिकों के हितों के खिलाफ संहिताबद्ध किया जा रहा है।

**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर /अनिल**

संयुक्त ट्रेड यूनियन मंच और संयुक्त किसान मंच के आह्वान पर जिला किन्नौर में भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस इंटक सीमा सडक संगठन बीआरओ और शोंगटोंग हाइड्रो प्रोजेक्ट में पूर्ण हड़ताल कर जिला मुख्यालय पीओ में केंद्र सरकार के खिलाफ रैली की। मजदूरों को संबोधित करते हुए इंटक राज्य उपाध्यक्ष बिहारी सेवगी,



कुलवंत नेगी, इंटक जिला किन्नौर अध्यक्ष, मान चन्द नेगी ने मजदूरों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोदी की केंद्र सरकार और भाजपा शाशित राज्यों में सत्तारूढ़ पार्टी की नीतियां मजदूर विरोधी, किसान विरोधी, जन विरोधी और हमारे देश के राष्ट्रीय हितों के खिलाफ है। इस सरकार के पिछले 10 वर्षों के शासन का ट्रैक रिकॉर्ड स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करता है कि इसका मजदूर विरोधी, किसान विरोधी, जन विरोधी और राष्ट्र विरोधी, अपने चरित्र के अनुरूप अंतरिम बजट ने श्रमिकों, किसानों और किसानों के लिए कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया है। बड़े पैमाने पर आम जनता ने सत्ता में वापस आकर 24 जून तक अपने विकासित भारत का ब्लू प्रिंट तैयार करने का दावा किया है।

संयुक्त केंद्रीय ट्रेड यूनियनें इस सत्तारूढ़ शासन को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया गया जो भारतीय अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा रही है, आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि, बढ़ती रोजगार हानि और बढ़ती बेरोजगारी, महंगी शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल, कृषि इनपुट पर कोई सब्सिडी नहीं दी जा रही है और कोई कृषि उपज पर एमएसपी को कानूनी अधिकार नहीं होने से आम लोगों का जीवन दयनीय हो गया है। किसानों की उपज के लिए सरकार द्वारा किसानों से किए गए किसी भी वादे को पूरा नहीं किया गया, जो किसानों से किया गया था, जिसके आधार पर उन्होंने सभी बाधाओं का सामना करते हुए सीमाओं पर अपना 13 महीने लंबा धरना स्थगित कर दिया था। निजीकरण के लिए सार्वजनिक क्षेत्र और सरकारी विभागों पर हमला जारी है, कोई भर्ती नहीं की जा रही है, आउटसोर्सिंग, ठेकेदारीकरण और कैजुअलाइजेशन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। श्रम कानूनों को नियोक्ताओं के पक्ष में और श्रमिकों के हितों के खिलाफ संहिताबद्ध किया जा रहा है। जो सरासर गलत है।

## संक्षिप्त खबरें

### अली खड्ड पानी विवाद विपक्ष का लगातार दूसरे दिन विधानसभा से वॉकआउट

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर और सोलन जिले की सीमा पर अर्की विधानसभा क्षेत्र में चल रहे अली खड्ड पानी विवाद पर शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन विपक्षी दल भाजपा ने सदन से वाकआउट किया। भाजपा ने यह वाकआउट सरकार द्वारा इस योजना पर काम बंद न करने और विवाद के दौरान हुए लाठीचार्ज की जांच न करवाए जाने तथा विधायक रणधीर शर्मा सहित अन्य लोगों पर दायर एफआईआर को वापस न लिए जाने के विरोध में किया। भाजपा सदस्य रणधीर शर्मा ने नियम 62 के तहत सदन में यह मामला उठाते हुए कहा कि अगर लोगों पर दबाव बनाया जाएगा तो वह आंदोलन ही करेंगे। यही कुछ अली खड्ड पानी विवाद मामले में भी हुआ है। उन्होंने कहा कि अली खड्ड पर पहले ही क्षमता से अधिक पेयजल और सिंचाई योजनाएं बन चुकी हैं। इस कारण गर्मियों में इस खड्ड में पानी की कमी हो जाती है और खासकर बिलासपुर जिला के लोगों को बहुत परेशानी झेलनी पड़ती है। इसलिए स्थानीय लोग इस खड्ड से अंबुजा सीमेंट कंपनी तथा अर्की विधानसभा क्षेत्र के गांवों के लिए पानी दिए जाने का विरोध कर रहे हैं। रणधीर शर्मा ने कहा कि यह मामला राजनीति का विषय नहीं हैए बल्कि सभी राजनीतिक दल इस योजना का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना से हर रोज 10 लाख लीटर पानी उठाया जाना है, जो खड्ड में पानी के प्रवाह को कम करेगा। उन्होंने कहा कि इस समस्या से बचने के लिए कोल डैम से पानी उठाया जाना चाहिए, क्योंकि वहां से पानी उठाने की कोई सीमा नहीं है। रणधीर शर्मा ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में इस योजना पर काम रोक दिया था। उन्होंने सरकार से जनहित को ध्यान में रखते हुए अली खड्ड से पानी की योजना को बंद करने की मांग की। शर्मा ने इस विवाद में उन पर दर्ज एफआईआर को भी रद्द करने की मांग की और कहा कि यदि ऐसा नहीं होता है तो आंदोलन और उग्र होगा। संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने इस मुद्दे पर सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि अली खड्ड परियोजना पर 108 लाख रुपए खर्च हो चुके हैं और इस योजना से अली खड्ड के बहाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा। हालांकि उन्होंने माना कि गर्मियों के मौसम में पानी के बहाव में कमी आ सकती हैए लेकिन ऐसा पूरे प्रदेश में होता है और अली खड्ड इसका कोई अपवाद नहीं है। चौहान ने कहा कि अली खड्ड विवाद मामले में दर्ज एफ आईआर रद्द नहीं होगी और कानून के अनुसार कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस रणधीर शर्मा के पास उन्हें पीटने नहीं गई थीए बल्कि रणधीर शर्मा खुद भीड़ के साथ योजना स्थल पर आए थे और सरकारी संपत्ति को बचाने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। उन्होंने कहा कि रणधीर शर्मा को इस मामले में कानून अपने हाथ में लेने के बजाय अदालत जाना चाहिए था।

### गाड़ी खरीद में धोखाधड़ी, खरीददार से छिपाई गया पेडिंग लोन

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

सदर थाना के तहत संतोषगढ़ के एक व्यक्ति से गाड़ी खरीद के नाम पर धोखाधड़ी हुई है। आरोप है कि खरीददार ने पेंडिंग लोन की बात को छिपाकर गाड़ी बेची है। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सुरेंद्र नाथ निवासी संतोषगढ ने बताया कि वर्ष 2024 रक्कड़ कॉलोनी के अमित गुप्ता से 4 लाख 25 हजार रुपये की सेकेंड हेंड कार खरीदी थी। सुरेंद्र नाथ का कहना है कि अमित गुप्ता को अढ़ाई लाख एक बार व दो लाख दूसरी बार देकर कुल पैसे जमा करवा दिए थे। शिकायतकर्ता ने बताया कार साहिल कुमार निवासी रायेपुर मैदान के नाम है और कार की खरीद फरोक्त के अमित गुप्ता ने शपथ पत्र तैयार करके मुझे बेची है। सुरेंद्र नाथ ने कहा कि काफी समय बाद पता चला कि गाड़ी के ऊपर 2 लाख रुपए का बैंक लोन भी है और अभी भी चल रहा है। जबकि अमित गुप्ता ने इसके बार गाडी पर किसी प्रकार के लोन की बात नहीं बताई। सुरेंद्र का कहना कि इस बारे कई बार अमित गुप्ता से बात करी, लेकिन आज कल कहते हुए टालता रहा। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर अमित गुप्ता के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# सदन की कार्यवाही देखने आए डीएवी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने की विस अध्यक्ष से मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

गत दिवस को 16 फ रवरी, 2024 को पूर्वाह्न 10:30 बजे डीएवी कॉलेज अमृतसर, पंजाब से विशेष रूप से विधान सभा की कार्यवाही देखने आए छात्र-छात्राओं ने हि.प्र. विधानसभा के माननीय अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां से मुलाकात की। छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए विधान सभा अध्यक्ष ने पूछा कि आपको ऐसा क्या लगा कि इतनी दूर से हि.प्र. विधान सभा की कार्यवाही देखने आप शिमला स्थित विधान सभा पहुँचे हैं। जवाब में इन सभी ने कहा कि यहाँ पर बाल सत्र का आयोजन किया गया था तथा हमने हि.प्र. विधान सभा की उच्च परम्पराओं, गौरवमयी इतिहास, गरिमा तथा वरिष्ठता के बारे में बहुत सुना है इससे प्रभावित होकर वे यहाँ आए हैं और आज यहाँ आकर उनका यह सपना पूरा हुआ है। इस अवसर पर संवाद करते हुए विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने छात्र-छात्राओं को अवगत करवाते हुए कहा कि वर्ष 1947 में विभाजन के बाद पंजाब विधान सभा भी कौंसिल चैम्बर में स्थान्नातरित हो गई थी तथा पंजाब विधान सभा के सत्रों का आयोजन वर्ष 1948 से 1953 तक इसी कौंसिल चैम्बर में किया गया था। पठानियां ने कहा कि उससे पूर्व यह राष्ट्रीय असैम्बली हुआ करती थी। पठानियां ने कहा कि विधान सभा तथा लोक सभा लोकतन्त्र के सबसे बड़े मन्दिर हैं जहाँ पर कानून बनाए जाते हैं, महत्वपर्ण विषयों पर चर्चा होती है तथा समस्याओं का समाधान सार्थक चचाओं के माध्यम से निकलता है। पठानियां ने कहा कि यही एक सर्वोतम स्थान है जहाँ जन प्रतिनिधि जनहित से जुड़े हुए मुद्दों को उठाते हैं तथा यहीं से उनका समाधान होता है। पठानियां ने कहा कि हि.प्र. विधान सभा की अपनी एक अलग पहचान है जिस वजह से बाहरी राज्यों के युवा भी प्रेरित होकर सदन की कार्यवाही देखने यहाँ आ रहे हैं, यह मजबूत लोकतन्त्र का आधार है तथा संसदीय प्रणाली मजबूती की ओर अग्रसर है। उन्होने पत्रकारिता विभाग के इन सभी छात्र-छात्राओं को अपनी ओर से हार्दिक शुभ कामनाएँ दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## हिमाचल में होगी 20 हजार पदों पर भर्ती, इसी माह निकलेंगे विज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में विभिन्न श्रेणियों के 20 हजार पदों को भरा जाएगा। इसके लिए राज्य लोकसेवा आयोग इस माह विज्ञापन निकालेगा। कर्मचारी चयन आयोग अभी पूरी तरह से फंक्शनल नहीं हुआ है। जब यह फंक्शनल हो जाएगा तो भर्ती प्रक्रिया इस आयोग के सुपुर्द कर दी जाएगी। वे विधायक राकेश जम्वाल के सवाल का जवाब दे रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हजारों ने कहा कि यह मामला हजारों युवाओं के भविष्य से जुड़ा है। 26 दिसंबर 2022 को यह मामला उनके ध्यान में आया था कि आयोग में पेपर लीक हो रहे हैं।

# सुभाष अत्री ने संभाला बीडीओ बंगाणा का कार्यभार

**कार्यरत**

> 8 इससे पहले सुभाष अत्री जिला कांगड़ा के फतेहपुर में बतौर खंड विकास अधिकारी कार्यरत थे।

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

नवनियुक्त खंड विकास अधिकारी सुभाष अत्री ने विधिवत तरीके से अपना कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले सुभाष अत्री जिला कांगड़ा के फतेहपुर में बतौर खंड विकास अधिकारी कार्यरत थे। सुभाष अत्री ने कहा कि सरकार की ग्रामीण विकास योजनाओं को प्रभावी तरीके से धरातल पर उतारा



जाएगा, ताकि योजनाओं का पात्र लोगों को लाभ मिलने के साथ ग्रामीण विकास की इबारत लिखी जा सके। उन्होंने कहा कि लोगों को समूहों के माध्यम से जोडकर बागबानी में कार्य करने को प्रेरित किया जाएगा। इसके लिए टैंकों आदि के माध्यम से पानी उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बंगाणा विकास खंड को स्वच्छ व सुंदर बनाने की दिशा में भी लोगों के सहयोग से कार्य किया जाएगा। उन्होंने कार्यालय के कर्मचारियों को निर्देश दे दिए गए हैं कि लोगों के काम किसी भी सूरत में लटकने नहीं चाहिए।

# प्रदेश में सूखे के कारण रबी की 15 फीसदी फसल बर्बाद: मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा कि प्रदेश में सूखे की स्थिति के कारण रबी की फसल को 15 फीसदी नुकसान पहुंचा है। दिसंबर के बाद केवल एक बार ही बारिश हुई है और यदि और बारिश होती है तो यह फसलों को लाभदायक होगी। उन्होंने कहा कि फसलों को यदि 33 फीसदी नुकसान होता है तो सरकार किसानों को मुआवजा देगी।

विधानसभा में कांग्रेस सदस्य चंद्रशेखर के सवाल पर कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि विभाग एक-दो सप्ताह में फिर से सर्वे करेगा और फिर देखेगा कि नुकसान कितना हुआ है और फिर राहत मैनुअल के मुताबिक नुकसान की भरपाई की



जाएगी। इससे पहले चंद्रशेखर ने कहा कि गेहूं की फसल को भारी नुकसान हुआ है और किसान खराब फसल को चारे के रूप में खिलाने को मजबूर हुआ है। उन्होंने पूछा कि क्या नुकसान के ऐवज में बीज देने को कोई कदम उठाएगी। ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल को वर्ष 2023-24 में 10023 आवास आवंटित हुए। इन सभी आवासों को 15 जनवरी तक पात्र लाभार्थियों को स्वीकृत कर दिया गया है। इसके तहत हर लाभार्थी को केंद्र सरकार की ओर से 1.30 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई है। विधायक सुखराम चौधरी के सवाल के जवाब में ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने केंद्र द्वारा जारी इस राशि को विशेष राहत पैकेज की राशि में शामिल किया है और आपदा में अपने घर गंवा देने वाले लोगों को इस राशि को मिलाकर कुल सात लाख रुपये घर बनाने को दिए जा रहे हैं। भाजपा सदस्य इंद्र सिंह गांधी, कांग्रेस सदस्य चेतन्य शर्मा और भाजपा के जीतराम कटवाल ने भी अपने-अपने सवाल पूछे।

# सडक पर उतरे सैकड़ो आंगनबाड़ी और मिड डे मील कार्यकर्ता

**कार्यरत**

> 8 -सीटू के बैनर तले केंद्र सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन, -भारत बंद के आह्वान पर जमकर हुआ

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा किए गए भारत बंद का जिला में मिलाजुला असर देखने को मिला। हालांकि आंगनबाड़ी कार्यकताओं, मिड डे मील वर्कर्स और मनरेगा के कामगारों ने इस प्रदर्शन में बढ़-चढकर भाग लिया और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस धरना प्रदर्शन की



अगुवाई सीटू के जिला सचिव गुरनाम सिंह ने की।]

सीटू के जिला सचिव गुरनाम सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार केवल मात्र पूंजी पत्तियों को लाभ पहुंचाने का काम कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर काम करने वाले मजदूर तबके का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की कोई भी योजना आंगनबाड़ी कार्यकताओं की मदद के बिना धरातल पर नहीं उतरी, लेकिन आंगनबाड़ी कार्यकताओं को ही सरकारी कर्मचारी नहीं माना जा रहा। स्कूलों में लंबे अरसे से बच्चों के लिए दोपहर भोजन पकाने वाली मिड डे मील कार्यकताओं की जिंदगी भी बदहाल होती जा रही है। सरकार इस तरफ भी आंख उठाकर नहीं देख रही। उन्होंने कहा कि मनरेगा में कामगारों को काम के बदले दिया जाने वाला महंताना बेहद कम है। जबकि उद्योगों में भी कामगारों के हितों को दबाने के लिए श्रम कानून के साथ मोदी सरकार ने छेड़छाड़ की है। जिला सचिव गुरनाम सिंह ने मांगे गिनवाते हुए कहा कि केंद्र सरकार महंगाई पर रोक लगाए, खाद्य वस्तुओं दालों, रसोई गैस, पेट्रोल व डीजल आदि की कीमतें कम करें। मनरेगा में 33 प्रतिशत कटौती हो। मनरेगा में 120 दिन के रोजगार की गारंटी दी जाए। मनरेगा में सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम दिहाड़ी 375 लागू की जाए। मजदूरों को 26 हजार न्यूनतम वेतन मिले। बैंक, बीमा, रेलवे, बिजली व अन्य सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण बंद हो आंगनबाड़ी, मिड डे मील, आशा आदि स्कीम वर्कर्स को रेगुलर करो व ग्रेच्यूटी सुविधा दी जाए। उन्होंने कहा कि यदि सरकार द्वारा इन मामलों पर गंभीरता से विचार नहीं किया, तो आने वाले समय में सीटू द्वारा देशव्यापी आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी केंद्र की मोदी सरकार की होगी। साथ ही इसका परिणाम लोकसभा चुनावों में भी भुगतना पड़ेगा।

# झुठा आयु प्रमाण पत्र लगा कल्याण विभाग में पाई नौकरी

**आरोप**

> 8 एक कर्मचारी पर झूठ आयु प्रमाण पत्र लगाकर नौकरी हासिल करने का आरोप लगा है।

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

कल्याण विभाग में कार्यरत एक कर्मचारी पर झूठ आयु प्रमाण पत्र लगाकर नौकरी हासिल करने का आरोप लगा है। पुलिस ने इस घटना के संबंध में शिकायत के आधार पर केस दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को भी शिकायत में अभिषेक ठाकुर निवासी बरनोह ने कहा कि आरोपी कर्मचारी रमेश कुमार ने स्पोर्ट्स कोटे में यह नौकरी हासिल की है। उन्होंने कहा कि 13 फरवरी 2018 को इस संबंध में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल की तरफ से कल्याण विभाग में खिलाडि?ों के लिए आरक्षित पदों को लेकर रोजगार के लिए विज्ञापन अधिसूचित किया। कर्मचारियों के सरकारी सेवा के लिए दिए गए तमाम दस्तावेजों में उसकी आयु 24 जुलाई 1979 है। जबकि उसकी असल जन्मतिथि 3 अक्टूबर 1974 है। इसका खुलासा रमेश कुमार के प्राइमरी स्कूल के रिकॉर्ड से हुआ है। अभिषेक ठाकुर ने आरोप लगाया कि रमेश कुमार ने अपनी फिटनेस के संबंध में दिए गए मेडिकल सर्टिफिकेट में भी गड़बड़झाला किया है। उसने पुलिस से मांग की है कि इस पूरे मामले की तहकीकात की जाए और आरोपी के खिलाफ कानून सम्मत कार्रवाई अमल में लाई जाए।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार भाटिया ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस इस घटना के संबंध में केस दर्ज करते हुए जांच में आरंभ की गई है।

# 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल गरीबों के सच्चे हितैषी'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** भाजपा सांसद संजय भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल गरीबों के सच्चे हितैषी और उनके प्रति संवेदनशील हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की नीयत में सूई की नोक के बराबर भी कमी नहीं है। प्रधानमंत्री ने महिलाओं के दुख-दर्द को करीब से महसूस किया है। इसीलिये उनके कल्याण के लिये अनेक योजनओं को क्रियान्वित कर धरातल पर उतारा है।

संजय भाटिया आज प्रेम नगर के सामुदायिक भवन में रेवाड़ी में देश के 22वें एम्स के शिलान्यास समारोह के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन के लाइव प्रसारण के मौके पर आयोजित



कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। प्रधानमंत्री के करीब 40 मिनट के संबोधन को उपायुक्त अनीश यादव, एसडीएम अनुभव मेहता, सीएमओ डॉ. कृष्ण कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिल्लौड़, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, मुख्यमंत्री के मीडिया कोआर्डिनेटर जगमोहन आनंद, पूर्व मंत्री शशिपाल मेहता, भाजपा जिला महामंत्री सुनील गोयल, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण लाठर, मंडल अध्यक्ष राजेश अग्घी, भगवान दास अग्घी, मंडल अध्यक्ष साहिल मदान, ओबीसी मोर्चा से राजेश सैनी, भाजपा जिला कार्यालय सचिव मदन गुज्जर, राजबीर खोखर, दर्शन सहगल, एससी मोर्चा की एडवोकेट गीता परोचा व रतन सिंह वाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने प्रधानमंत्री के लाईव उद्बोधन को सुना। सांसद संजय भाटिया ने इस मौके पर 18 लोगों को पैंशन संबंधी प्रमाण पत्र वितरित किये।

**उपलब्धि**

**8 पीएम नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के दुख-दर्द को करीब से महसूस किया है : सांसद संजय भाटिया**

सांसद ने कहा कि आजादी के बाद करीब 60 साल कांग्रेस का राज रहा, पर इस अवधि में अंग्रेजी शासनकाल में बिछाई गई एक भी रेलवे लाईन का विस्तार नहीं किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं की तकलीफों को समझते हुये न केवल घर-घर शौचालयों का निर्माण कराया, बल्कि उज्ज्वला योजना के तहत करोड़ों महिलाओं को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराये। प्रधानमंत्री ने चूल्हे के धुएं से होने वाली परेशानी और अंधेरा होने तक निवृति के लिये इंतजार करने के महिलाओं के कष्ट को समझा। इससे स्पष्ट है कि वे महिलाओं के प्रति कितने संवेदनशील हैं। उन्होंने कहा कि एक समय था जब गरीबों के पास इलाज के लिये पैसे नहीं होते थे।

## पीएम विश्वकर्मा योजना पर हुआ वर्कशॉप का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** भारत सरकार (सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय) के एमएसएमई-विकास कार्यालय द्वारा डा. मंगलसेन ऑडिटोरियम में पीएम विश्वकर्मा योजना पर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। सहायक निदेशक, एमएसएमई डीएफओ करनाल सतपाल ने आए हुए सभी आर्टिस्टों (कारीगर) व अधिकारियों का प्रोग्राम में पहुंचने पर स्वागत किया।

कार्यक्रम में एमएसएमई डीएफओ निदेशक संजीव चावला ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने बताया कि यह योजना 17 सितंबर 2023 को प्रधानमंत्री द्वारा लांच की गई थी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हाथ से कार्य करने वाले परंपरागत



दस्तकारों के संपूर्ण विकास के लिए भारत सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता के बारे में जानकारी प्रदान करना है।

उन्होंने बताया कि इस योजना में कारीगरों को 15 हजार रुपये तक की टूल किट और 3 लाख रुपये तक की राशि 5 प्रतिशत ब्याज पर बिना जमानत के लोन, मुफ्त प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षण के दौरान 500 रुपए दैनिक भत्ता, विपणन सहायता, प्रमाण पत्र और कारीगर पहचान पत्र प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने एक वीडियो के माध्यम से विस्तारपूर्वक चर्चा की तथा कारीगरों को रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया। कार्यक्रम में कपिल मित्तल, संयुक्त निदेशक, जिला एमएसएमई ने भी संबोधित किया गया।

**न्यूज फ्लैश**

## भारत में अब जार्डियन्स (एम्पाग्लिफ्लोज़िन) वयस्क क्रोनिक किडनी डिसीज के इलाज के लिए मंजूरी दे दी गई है

**नई दिल्ली।** भारत का राष्ट्रीय नियामक प्राधिकरण, केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने eGFR रोगियों में निरंतर गिरावट, अंतिम चरण की किडनी की बीमारी, हृदय संबंधी मृत्यु और क्रोनिक किडनी डिसीज (सीकेडी) के बढ़ने के जोखिम वाले वयस्कों में अस्पताल में भर्ती होने के जोखिम को कम करने के लिए जार्डियन्स~ (एम्पाग्लिफ्लोज़िन) 10 एमजी टैबलेट को मंजूरी दे दी है। यह संकेत अनुमोदन नेफ्रोलॉजिस्ट और हृदय रोग विशेषज्ञों को पात्र रोगियों में सीकेडी के इलाज के लिए जार्डियन्स 10 एमजी टैबलेट का उपयोग करने की अनुमति देता है। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि पॉलीसिस्टिक किडनी रोग वाले मरीजों में सीकेडी के इलाज के लिए जार्डियन्स की सिफारिश नहीं की जाती है या ऐसे मरीज जिन्हें अंतःशिरा इम्यूनोस्प्रेसिव थेरेपी की आवश्यकता होती है या हालिया इतिहास है या गुर्दे की बीमारी के लिए 45 एमजी से अधिक प्रेडनिसोन या समकक्ष है। इस अनुमोदन से भारत में सीकेडी5 से ग्रस्त अनुमानित 3 करोड़ 30 लाख से अधिक वयस्कों के लिए देखभाल के मानक को आगे बढ़ाने की और सीकेडी से ग्रस्त लोगों के लिए अस्पताल में भर्ती होने के जोखिम को कम करने के साथ-साथ गुर्दे की विफलता की प्रगति में देरी करके स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों पर पड़ने वाले बोझ को कम करने में मदद करने की क्षमता है। गगनदीप सिंह बेदी, मैनेजिंग डायरेक्टर, बोहरिंगर इंगेलहेम इंडिया, ने बताया, "क्रोनिक किडनी डिसीज एक गंभीर स्वास्थ्य मुद्दा है, और रोग की प्रगतिशीलता को धीमा करने और परिणामों को बेहतर बनाने वाले चिकित्सा उपचार अत्यंत आवश्यक हैं। हम किडनी रोग से पीड़ित लोगों और उनके चिकित्सकों की मदद करने में एम्पाग्लिफ्लोज़िन की आवश्यक भूमिका निभाने की मंजूरी और क्षमता को लेकर काफी उत्साहित हैं। यह भारत में अधूरी चिकित्सा जरूरतों को पूरा करने वाले नवाचारी समाधान लाने की हमारी प्रतिबद्धता पर भी जोर देता है।"

## अज्ञात वाहन ने पंजाब के युवक को कुचला

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** कस्बा घरौंडा में नेशनल हाईवे पर लिबर्टी के सामने एक अज्ञात वाहन ने पंजाब के युवक को कुचल दिया, जिससे मौके पर ही युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक मूल रूप से पंजाब का रहने वाला था और पानीपत रिफ़ाइनरी ददलाना में लेबर का काम करता था। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भेज दिया। पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान शमशेर सिंह पुत्र नरेंद्र सिंह के रूप में हुई। मृतक पंजाब के जिला अमृतसर के गांव लोहगढ़ का रहने वाला था, जो कई सालों से ददलाना के नजदीक रिफाइनरी में लेबर का काम करता था। शमशेर शुक्रवार को रिफाइनरी में अपना काम करने के बाद घर के लिए चला था। मृतक के पिता नरेंद्र ने शिकायत में बताया है कि उन्हें किसी ने फोन पर सूचना दी कि उनके बेटे का शव लिबर्टी फैक्टरी के सामने पड़ा है। इसके बाद मैं मौके पर पहुंचा और देखा उसके बेटे को वाहन द्वारा कुचला गया था। उसके पेट व टांगों से भारी वाहन के पहिए उतरे हुए थे।

## योग का मतलब है जोड़ना, खुद में ऊर्जा को समाहित करना : दिनेश गुलाटी

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के तहत मिशन के प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में शिक्षक देवेश भाटिया द्वारा नवनिर्मित शेड में चार दिवसीय योग शिविर के दूसरे दिन राजेश अग्घी पूर्व डिप्टी मेयर एवम वार्ड की पूर्व पार्षद मेघा भंडारी ने शिरकत की।

मेघा भंडारी ने दिनेश गुलाटी और उनकी टीम को बधाई दी और महिलाओं के लिए एक शाम की योग कक्षा खोलने के लिए प्रस्ताव रखा। इसके बाद राजेश अग्घी ने भी नए शेड की बधाई एवम शुभकामनाएं दी और दिनेश गुलाटी और उनकी टीम की योग के प्रति समर्पण की सराहना की।

योग सत्र की शुरूआत गुलाटी ने योगिंग जोगिंग, सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, त्रिकोणासन, वीरभद्रासन से करवाते



हुए लाभ बताए। उपस्थित सभी शिक्षकों ने पूरा सहयोग दिया। योग प्राणायाम का अभ्यास करवाते हुए गुलाटी ने कहा कि योग करते हुए कुछ नियमों का ध्यान रखना चाहिए। सर्वप्रथम योगाभ्यास प्रशिक्षित योग शिक्षक के निर्देशन में करना चाहिए। योग करते समय आसन या दरी जरूर बिछाएं और साथ ही आरामदायक वस्त्र डालें। योग करते समय तन की तरह मन भी स्वच्छ होना चाहिए।

इस अवसर पर शिक्षक नीलम बठला, वीना धीर, नवीन जिंदल, राजीव शर्मा, अनफ चौधरी, पूनम खन्ना, ममता धवन, भूपिंदर कुमार, रीता कुमारी, नमिता, संध्या, कुमकुम, यशिका, सरोज, राजन भाटिया, गोकुल और अन्य कई साधक मौजूद रहे।

## पीएम श्री कुंजपुरा के विद्यार्थियों ने किया आईसीएआर का भ्रमण



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तहत पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुंजपुरा के विज्ञान और गणित के 50 बुद्धिमता विद्यार्थियों को प्राध्यापक मनजीत कौर व पूजा की अध्यक्षता में आईसीएआर प्रतिष्ठित संस्थान राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संस्थान ब्यूरो करनाल का भ्रमण करवाया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य सतबीर सिंह ने बताया कि इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों के अंदर वैज्ञानिक और गणितीय दृष्टिकोण विकसित करना है।

अनुसंधान की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.सोनिया अहलावत ने छात्रों को पशु, आनुवंशिकी, अंडा और जीवाणु विज्ञान तथा उच्च गुणवत्ता वाले पशुओं के संदर्भ में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। छात्रों ने संस्थान के उच्च स्तरीय प्रयोगशालाओं और तकनीकी संस्थानों का भी अध्ययन किया। यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अपने आप में एक विशेष भ्रमण था।

# 'एम्स की सौगात से मिलेगा प्रदेश के जन-जन को लाभ'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** नीलोखेड़ी के विधायक धर्मपाल गोंदर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले लंबे समय से चली आ रही एम्स की डिमांड को पूरा करते हुए नई सौगात दी है। इससे प्रदेश के जन-जन को इसका लाभ मिलेगा। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की ओर उठाया गया कदम है।

विधायक धर्मपाल गोंदर शुक्रवार को विकसित भारत-विकसित हरियाणा के तहत नीलोखेड़ी की अनाज मंडी में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि के रूप में पहुंचे थे। इस कार्यक्रम में नीलोखेड़ी के पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने विशिष्ट अतिथि के तौर



पर शिरकत की। इस दौरान रेवाड़ी से प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन आमजन ने सुना।

धर्मपाल गोंदर ने कहा कि हरियाणा के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। आज प्रदेश को प्रधानमंत्री ने 9770 करोड़ रुपये की 9 परियोजनाओं की सौगात दी है। एम्स की डिमांड पिछले काफी समय से थी। प्रधानमंत्री ने इसे पूरा करते हुए इसकी आधारशिला रखी है। इससे भविष्य में आमजन को सीधे लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं आम आदमी के लिए मूलभूत आवश्यकता है। अच्छी व बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल निरंतर कार्य कर रहे हैं। हरियाणा के प्रत्येक जिले में कम से कम एक मेडिकल कॉलेज या तो खोल दिया गया है या फिर उसके निर्माण के लिए कार्य शुरू हो गया है।

उन्होंने इन विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास के मौके पर पूरे प्रदेशवासियों को बधाई दी। नीलोखेड़ी के पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार देश और प्रदेश को योजनाओं की सौगात दे रहे हैं। इसी कड़ी में आज रेवाड़ी से एम्स के साथ-साथ अनेकों विकास परियोजनाओं का तोहफा प्रदेशवासियों को दिया है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गर्व और हर्ष का विषय है, जो प्रदेश को 9 बड़ी परियोजनाएं पीएम के हाथों मिली हैं। उन्होंने कहा कि एम्स के निर्माण होने से दूर-दूर के लोग इसका लाभ उठाएंगे। न केवल प्रदेश बल्कि दूसरे राज्यों के लोग भी इसका लाभ लेंगे।

उन्होंने कहा कि मेट्रो परियोजना की सौगात भी दी है, जो नए गुरुग्राम को पुराने गुरुग्राम से जोड़ेगी, इससे यात्रा का समय बचेगा। उन्होंने कहा कि जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बागडोर संभाली है।

## श्री गणेश राजगोपालन ने 'दिस मोमेंट' के साथ 'सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम' के लिए ग्रैमी पुरस्कार जीता

**नई दिल्ली।** उस्ताद जाकिर हुसैन जी और जॉन मैकलॉघलिन के नेतृत्व में वायलिन वादक श्री गणेश राजगोपालन ने प्रसिद्ध फ्यूजन बैंड 'शक्ति' ने अपनी नवीनतम उत्कृष्ट कृति 'दिस मोमेंट' के साथ 'सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम' के लिए ग्रैमी पुरस्कार जीता। चेन्नई के रहने वाले, श्री गणेश अपने भाई, कुमारेश के साथ पांच दशकों से अधिक की संगीत प्रतिभा लेकर प्रसिद्ध वायलिन जोड़ी गणेश कुमारेश बनाते हैं। भारतीय शास्त्रीय संगीत में उनकी विरासत ने इस शैली पर एक अमिट छाप छोड़ी है। श्री गणेश का योगदान शक्ति से भी आगे तक फैला हुआ है; वह भारत में वाद्य संगीत के लिए अपनी पहचान बनाने में अग्रणी हैं। इलियाराजा, एआर रहमान और कीरावनी जैसे आइकनों के साथ सहयोग करते हुए, श्री गणेश की रचनाएँ नवीनता की सीमाओं को आगे बढ़ाते हुए, कर्नाटक संगीत के साथ शैलियों का सहज मिश्रण करती हैं। उनकी उपलब्धियों में प्रतिष्ठित संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार शामिल है, जो प्रदर्शन कला में उनकी महारत का प्रमाण है। ग्रैमी जीत पर विचार करते हुए, श्री गणेश ने बैंड के प्रति आभार व्यक्त किया और जाकिर हुसैन जी और जॉन मैकलॉघलिन जी द्वारा उन पर दिए गए विश्वास को स्वीकार किया। उन्होंने टिप्पणी की, "भारतीय शास्त्रीय संगीत मेरी यात्रा का अभिन्न अंग रहा है, और यह जीत इसका गौरव है क्योंकि हम वैश्विक दर्शकों के लिए संगीत की उत्कृष्ट कृतियों का निर्माण जारी रख रहे हैं।" श्री गणेश राजगोपालन, एक प्रदर्शनकारी कलाकार, संगीतकार, शिक्षक और ईश्वरा स्कूल ऑफ म्यूज़िक के संस्थापक, कलात्मक उत्कृष्टता की भावना का प्रतीक हैं और अपनी संगीत प्रतिभा से पीढ़ियों को प्रेरित करते रहते हैं।

## इंटरलोकिंग टाइलें बिछाने के कार्य का हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** वार्ड नंबर तीन की राजीव पुरम कालोनी की अंतिम तीन गलियों में इंटरलोकिंग टाइलें बिछाने के कार्य का शुभारंभ किया गया। गुरू रविदास भवन व शिव मंदिर के सामने वाली गली और अनाथाश्रम के सामने वाली गली व अटल पब्लिक स्कूल के सामने वाली गली में इंटरलोकिंग टाइलें बिछाई जाएंगी। यह कार्य करीब 45 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। इस कार्य का शुभारंभ रविदास महासभा के प्रधान चमेल सिंह भोला व राम कुमार सेवादार द्वारा किया गया।

राजीव पुरम वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान बीएल टेकारिया ने बताया कि यह इन गलियों में टाइल बिछाने



का कार्य पिछले तीन सालों से लंबित पड़ा था। वार्ड-3 के पूर्व पार्षद प्रतिनिधि पप्पू लाठर के अथक प्रयास तथा राजीव पुरम वेलफेयर एसोसिएशन के भरपूर सहयोग से यह कार्य संभव हो पाया है।

टाइलें बिछाने के बाद दोनों मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को भी इसक पूरा लाभ मिलेगा। लोगों ने इसके लिए सरकार का आभार व्यक्त किया।

## ग्रामीण भारत बंद का आह्वान सफल रहा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** संयुक्त किसान मोर्चा व केंद्रीय ट्रेड यूनियनों की ओर से घोषित ग्रामीण भारत बंद का आह्वान सफल रहा। ग्रामीणों ने शहर व खेतों से दूरी बनाए रखी। ग्रामीण भारत बंद के साथ-साथ सभी किसान, मजदूर व कर्मचारी संगठनों ने सडकों पर उतरकर सांझे तौर पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए अपनी आवाज को बुलंद किया।

इसी के चलते करनाल में भी किसान, मजदूर व विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने सीएम सिटी की सडकों पर उतर कर अपनी एकता की ताकत का अहसास



करवाया। प्रदर्शन के दौरान सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए रोष जताया। गौरतलब है कि किसान आंदोलन की लंबित मांगों को लेकर व मजदूर व कर्मचारियों की मांगों को लेकर यह प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन से पूर्व भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता किसान भवन में एकत्रित हुए। किसान भवन में किसान पंचायत का आयोजन किया गया। इसके पश्चात भाकियू प्रदेशाध्यक्ष रतन मान की अगुवाई में किसान भवन से नारेबाजी करते हुए कर्ण पार्क पहुंचे।

किसान, मजदूर व कर्मचारियों ने कर्ण पार्क से लेकर घंटाघर चौक तक रोष मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने मांग करते हुए कहा कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए व कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल की जाए तथा किसानों के लिए खरीद गारंटी का कानून बनाया जाए। रतन मान ने कहा कि यदि सरकार ने उनकी मांगों को पूरा नहीं किया तो आंदोलन जारी रहेगा। सरकार जानबूझकर किसान, मजदूर, कर्मचारियों की मांगों की लगातार अनदेखी कर रही है, जिसके लिए आज देश के सभी वर्ग परेशान है। इसलिए किसान, मजदूर, कच्चे-पक्के कर्मचारी लगातार आंदोलन करने के लिए मजबूर है।

# करनाल में किसानों ने तीन घंटे कराए टोल प्लाजा फ्री

### सरकार किसानों की मांगें मान ले, बुलावा आया तो जाएंगे : गुरनाम सिंह चढ़ूनी

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** भारत बंद के आह्वान के बीच करनाल में आज तीन घंटे टोल प्लाजा फ्री किया गया। करनाल के बसताड़ा टोल प्लाजा और प्योंत टोल प्लाजा दोनों पर किसानों ने 12 से 3 बजे तक धरना दिया और इस दौरान जो वाहन यहां से गुजरे, उनको बिना टैक्स के निकलवाया। वहीं करनाल में आज भारत बंद का असर भी मिला जुला दिखाई दिया। सर्व कर्मचारी महासंघ द्वारा किसानों के भारत बंद का समर्थन दिया है।

इस बीच भाकियू नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी करनाल के बसताड़ा टोल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की मांगें मान ले। किसानों



की मांगें सही हैं। बॉर्डर ऐसा बना दिया, जैसे कोई हो जंग। चढ़ूनी ने संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं पर भी निशाना साधा और कहा कि हम किसानों की मांगों का समर्थन करते हैं। वहां इसलिए नहीं गए कि कोई बुलाएगा तो जाएंगे। लोग आरोप लगाते हैं कि राजनीति करते हैं, लेकिन संयुक्त किसान मोर्चा के नेता जब बनाए थे, वह भी राजनीति करते थे। हमारा समर्थन है, लेकिन अगर बुलाएंगे तो जाएंगे। बाकी आगे की आगे देखेंगे।

**विरोध**

**8 हमारा समर्थन है, लेकिन अगर बुलाएंगे तो जाएंगे। बाकी आगे की आगे देखेंगे : गुरनाम सिंह चढ़ूनी**

चढ़ूनी ने एक बार फिर किसानों को राजनीति का हिस्सा बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब तक किसान राजनीति में किसी पद पर नहीं होगा, तब तक उसे अपना हिस्सा नहीं मिलेगा। किसान अपना नेता चुनकर लोकसभा या विधानसभा में भेजें, ताकि वह किसानों की आवाज बने। अगर किसी किसान नेता को वोट नहीं देना चाहते तो किसी ऐसे नेता को वोट दे दो, जो किसानों की मांगों को पूरा करने का पक्का वायदा करता हो।

जगजीत सिंह डल्लेवाल ने मोदी की लोकप्रियता को लेकर ब्यान दिया, जिस पर चढ़ूनी ने कहा कि किसान आंदोलन किसानों की मांगों को लेकर है और पूरे देश का किसान डल्लेवाल के पीछे नहीं है। आंदोलन में तो 20 किसान नेता और बैठे हुए हैं, एक व्यक्ति के ब्यान को इतना ज्यादा हाईलाइट नहीं करना चाहिए।

## विधायक व डीसी ने किया कुटेल मेडिकल यूनिवर्सिटी का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

कुटेल में निमार्णाधीन पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय का विधायक हरविंद्र कल्याण व डीसी अनीश यादव ने अधिकारियों के साथ दौरा किया तथा चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया । विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रगतिशील व दूरदर्शी सोच का ही यह नतीजा है कि करनाल ज़िले के कुटेल गाँव में मेडिकल यूनिवर्सिटी की सौगात क्षेत्र को मिली है जिसके पूरा होने के बाद लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध होंगी। विभाग के अधिकारियों के अनुसार



इस यूनिवर्सिटी में आठ सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनेंगे तथा शुरूआती चरण में ओपीडी सेवाओं को शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का सपना है कि समाज की पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं के साथ साथ बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचें। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के प्रत्येक जिले में या तो मेडिकल कॉलेज खोले जा चुके हैं।

# चुनावी चंदे के धंधे पर लगी सुप्रीम रोक





रमेश सर्राफ धमोरा

"इनमें सैकड़ों ऐसी पार्टियाँ हैं जिन्होंने कभी चुनाव ही नहीं लड़ा है। इससे यह साफ हो जाता है कि कुछ तो गड़बड़ जरूर है। देश के पंजीकृत राजनीतिक दलों को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 13 ए के तहत आयकर से छूट मिलती है। उनके लिये दान या चंदा लेने की कोई अधिकतम सीमा तय नहीं है। उनको सिर्फ उस लेन-देन का ब्योरा चुनाव आयोग के समक्ष पेश करना होता है जो 20 हजार या उससे ज्यादा हो। इससे कम की रकम का कोई हिसाब उसे नहीं देना होता है। इसी का लाभ उठाकर तमाम राजनीतिक दलों पर कालेधन को सफेद करने और चुनावों में बेहिसाब कालाधन खर्च करने के आरोप लगते रहे हैं। यहीं कारण है कि सैकड़ों दल चुनाव नहीं लड़ते लेकिन राजनैतिक दल के तौर पंजीकृत है। इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम का सबसे अधिक फायदा केन्द्र में सत्तरूढ़ भाजपा व मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को ही मिला है"

**सुप्रीम** कोर्ट ने एक बड़ा फैसला देते हुए राजनीतिक दलों के लिए चंदा जुटाने की पुरानी इलेक्टोरल बांड स्कीम को अवैध करार देते हुए इसके जरिए चंदा लेने पर तत्काल रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इलेक्टोरल बांड की गोपनीयता बनाए रखना असंवैधानिक है। यह स्कीम सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में गठित पांच जजों की बेंच ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया है। बेंच में जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल हैं। अपने फैसले में चीफ जस्टिस ने कहा है कि पॉलीटिकल प्रोसेस में राजनीतिक दल अहम यूनिट होते हैं। पॉलिटिकल फंडिंग की जानकारी वह प्रक्रिया है जिससे मतदाता को वोट डालने के लिए सही चॉइस मिलती है। वोटर्स को चुनावी फंडिंग के बारे में जानने का अधिकार है। जिससे मतदान के लिए सही चयन होता है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजो की बेंच ने तीन दिनों तक लगातार सुनवाई करने के बाद 2 नवंबर 2023 को इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। याचिकाकर्ताओं एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) सहित अन्य ने केंद्र सरकार की चुनावी बॉन्ड योजना को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देते हुये इन सभी ने इस योजना को लागू करने के लिए फाइनेंस एक्ट 2017 और फाइनेंस एक्ट 2016 में किए गए कई संशोधन को गलत बताया था। याचिकाकताओं का दावा है कि कि इससे राजनीतिक दलों को बिना जांच और टैक्स भरे फंडिंग मिल रही है। तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने 2017 के बजट में चुनावी इलेक्टोरल बांड स्कीम को पेश किया था। जिसे 2 जनवरी 2018 को केंद्र सरकार ने नोटिफाई किया था। इस योजना को उसी समय चुनौती दी गई थी। लेकिन सुनवाई 2019 में शुरू हुई। 12 अप्रैल 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने सभी राजनीतिक दलों को निर्देश दिया था कि वह 30 मई 2019 तक एक लिफाफे में चुनावी बांड से जुड़ी सभी जानकारी चुनाव आयोग को दें। हालांकि कोर्ट ने उस समय इस योजना पर रोक नहीं लगाई थी। बाद में दिसंबर 2019 में याचिकाकर्ता एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने इस योजना पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक आवेदन दिया था। इसमें मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से बताया गया था कि किस तरह चुनावी बांड योजना पर चुनाव आयोग, रिजर्व बैंक की चिताओं को केंद्र सरकार ने दरकिनार कर दिया था। इस पर चुनाव आयोग ने भी अपनी नकारात्मक राय दी थी। चुनाव आयोग का मानना था कि चंदा देने वालों के नाम गुमनाम रखने से पता लगाना संभव नहीं होगा कि राजनीतिक दल ने धारा 29( बी )का उल्लंघन कर चंदा लिया है या नहीं। विदेशी चंदा लेने वाला कानून भी बेकार हो जाएगा। वहीं भारतीय रिजर्व बैंक का मानना था कि इलेक्टोरल बांड मनी लॉन्ड्रिंग को बढ़ावा देगा। इसके जरिए ब्लैक मनी को व्हाइट करना संभव होगा। चुनाव आयोग व रिजर्व बैंक की आपत्ति के बाद सुप्रीम कोर्ट का फैसला अपने आप में ऐतिहासिक माना जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के पहले केंद्र सरकार ने 5 फरवरी को लोकसभा को बताया था कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के माध्यम से 30 किश्तों में 16,518 करोड़ रुपये के चुनावी बांड बेचे गए हैं। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी द्वारा लोकसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में,वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा था कि भारतीय स्टेट बैंक से खरीदे गए चुनावी बांड (चरण 01 से चरण 30) का कुल मूल्य लगभग 16,518 करोड़ रुपये है। चौधरी ने कहा था कि केंद्र ने पहले 25 चरणों के लिए चुनावी बांड जारी करने और भुनाने के लिए एसबीआई को 8.57 करोड़ रुपये का कमीशन दिया है। इसके अलावा इसने अब तक सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसपीएमसीआईएल) को 1.90 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। चौधरी ने बताया था कि केंद्र सरकार ने 2 जनवरी 2018 को चुनावी बॉन्ड योजना को अधिसूचित किया था। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि स्वच्छ कर भुगतान किया गया पैसा उचित बैंकिंग चैनल के माध्यम से राजनीतिक फंडिंग की प्रणाली में आये। हालांकि दानदाताओं के नाम गुमनाम रहे और सूचना के अधिकार के दायरे से बाहर रहे। ये बांड विशेष रूप से राजनीतिक दलों को धन के योगदान के लिए जारी किए गए थे और इन्हें केवल भारतीय स्टेट बैंक की शाखाओं में ही खरीदा जा सकता था। इलेक्टोरल बॉन्ड से उसी पार्टी को चंदा लेने का अधिकार था जो जनप्रतिनिधित्व कानून-1951 रिपर्जेंटेशन आफ द पिपुल्स एक्ट की धारा 29 के तहत रजिस्टर्ड हो। जिसे लोकसभा या विधानसभा चुनाव में कम से कम 1 प्रतिशत वोट मिला हो। भारत में चुनाव आयोग के समक्ष करीबन 1900 पार्टियाँ पंजीकृत हैं।

इनमें सैकड़ों ऐसी पार्टियाँ हैं जिन्होंने कभी चुनाव ही नहीं लड़ा है। इससे यह साफ हो जाता है कि कुछ तो गड़बड़ जरूर है। देश के पंजीकृत राजनीतिक दलों को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 13 ए के तहत आयकर से छूट मिलती है। उनके लिये दान या चंदा लेने की कोई अधिकतम सीमा तय नहीं है। उनको सिर्फ उस लेन-देन का ब्योरा चुनाव आयोग के समक्ष पेश करना होता है जो 20 हजार या उससे ज्यादा हो। इससे कम की रकम का कोई हिसाब उसे नहीं देना होता है। इसी का लाभ उठाकर तमाम राजनीतिक दलों पर कालेधन को सफेद करने और चुनावों में बेहिसाब कालाधन खर्च करने के आरोप लगते रहे हैं। यहीं कारण है कि सैकड़ों दल चुनाव नहीं लड़ते लेकिन राजनैतिक दल के तौर पंजीकृत हैं। इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम का सबसे अधिक फायदा केन्द्र में सत्तरूढ़ भाजपा व मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को ही मिला है। चुनाव आयोग के अनुसार 2018-19 में भाजपा को 1450 करोड़ रुपए व कांग्रेस को 383 करोड़ रुपए का चंदा इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिये मिला था। वहीं 2019-20 में भाजपा को 2555 करोड़ रुपए व कांग्रेस को 318 करोड़ रुपए मिले थे। 2020-21 के कोरोना काल में भी भाजपा को 22.38 करोड़ व कांग्रेस को 10.07 करोड़ रुपए मिले थे। 2021-22 में भाजपा को 1032 करोड़ रुपए व कांग्रेस को 236 करोड़ रुपए चंदे में मिले। 2022-23 में भाजपा को 1300 करोड़ रुपये व कांग्रेस को 171 करोड़ चंदे में मिले। रुपये इस तरह 2018 से 2022 तक भाजपा को 6359.38 करोड़ रुपए व कांग्रेस को 1118.07 करोड़ रुपए मिले थे। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस सहित अन्य क्षेत्रीय दलों को भी इस योजना में बड़ी मात्रा में चंदा मिला है। इलेक्टोरल बांड स्कीम से देश के सभी राजनीतिक दलों को चंदा मिला है। सभी दलों ने चंदे कि बहती गंगा में हाथ धोया है। अब यदि कोई राजनीतिक दल खुद को पाक साफ दिखने के लिए अन्य दलों पर कीचड़ उछाले तो वही बात होगी सौ चूहे खाकर बिल्ली हज करने चली। चुनाव में पानी की तरह बेहिसाब पैसा बहाकर सत्ता में आनेवाला कोई भी राजनीतिक दल कभी लोक कल्याणकारी नीतियों को प्रोत्साहन देने वाला नहीं हो सकता है। अतः राजनैतिक दलों की वित्तीय अनियमितताें को दूर करना आज वक्त की जरूरत बन चुकी है। हालांकि इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि इस संबंध में अब तक जितने भी प्रयास हुए हैं नाकाफी ही साबित हुए हैं। इस दिशा में सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से राजनीति में चल रहे चंदे के गंदे धंधे पर रोक तो जरूर लगेगी जो राजनीतिक सुचिता की दिशा में एक नयी पहल होगी।

## संपादकीय

# एमएसपी को लेकर सड़कों पर किसान

**मरने** -मारने के अंदाज में किसान एक बार फिर सड़कों पर उतर आए हैं। चुनाव माहौल गरम होते ही वे दिल्ली को घेरने के इरादे पर डट जाते हैं। पंजाब से दिल्ली आ रहे किसान हरियाणा में पुलिस से जगह-जगह पर बिना किसी बात के भिड़ रहे हैं। किसानों का 'दिल्ली चलो' मार्च हिंसक हो रहा है और अराजकता पैदा कर रहा है। यह सारा देश दिन भर टेलीविजन पर देख रहा है। सरकार से बातचीत करके कोई हल निकालने को किसान नेता मानने को तैयार तक नहीं हैं। वे तो चाहते हैं कि उनकी हरेक मांग को सरकार मान जाए। याद रखें कि किसानों की कुछ मांगों को मानना लगभग असंभव सा है। किसान नेता कह रहे हैं कि उनके 24 लाख करोड़ रुपये के लोन माफ हो जाएं । सरकारें किसानों के बहुत सारे लोन समय-समय पर माफ करती भी रहती हैं। पर सारे लोन माफ करना नामुमकिन ही है। क्या पैसा पेड़ों में लगा है जिसे सरकार तोड़ कर किसानों को दे देगी? किसानों को देश अन्नदाता मानता है, पर उन्हें भी ठंडे दिमाग से सोचना चाहिए कि क्या उनकी मांगें सही हैं। जब चुकाने का इरादा ही नहीं था तो लोन लिया क्यों था ? बेईमानी करने के लिए ? इसके साथ ही किसान संगठन बार बार न्यूनतन समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर आंदोलन और प्रदर्शन करते हैं। वे इस बार भी एमएसपी के लिए कानून बनाने समेत अन्य मांगों को लेकर दिल्ली आकर विरोध प्रदर्शन करना चाहते हैं। इनका कहना है कि स्वामीनाथन कमीशन की सिफारिशों के अनुसार, एमएसपी लागू हो। अफसोस होता कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी किसानों की इस मांग का समर्थन करते हैं। स्वामीनाथन कमीशन ने 2006 में अपनी रिपोर्ट दी थी। तब डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में केन्द्र में यूपीए सरकार थी। यूपीए सरकार 2014 तक रही। सबको पता है कि उसके सर्वेसर्वा राहुल गांधी और उनकी मां सोनिया गांधी ही थे। उन्होंने तब यूपीए सरकार पर दबाव डालकर स्वामीनाथन कमीशन की सिफारिशों को क्यों नहीं लागू किया। अब राहुल गांधी कह रहे हैं कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर स्वामीनाथन कमीशन के अनुसार न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जाएगा। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए छत्तीसगढ़ पहुंचे राहुल गांधी ने कहा है, "देश में किसानों को जो मिलना चाहिए, वो उन्हें नहीं मिल रहा है। लेकिन इस तथ्य को नजरअंदाज किया जाता है कि केंद्र सरकार देश के किसान परिवारों एवं खेती की दशा-दिशा सुधारने के लिए हर साल तीन लाख करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च करती है। इसमें उर्वरकों पर सब्सिडी के अतिरिक्त कृषि मंत्रालय की कई ऐसी योजनाएं हैं, जिनके जरिए किसानों के खाते में सीधे पैसे भेजे जाते हैं। जानकारों के अनुसार, केन्द्र सरकार केवल समग्र कृषि योजनाओं के माध्यम से दी जाने वाली सहायता राशि का अगर औसत आकलन किया जाए तो प्रत्येक किसान पर कृषि एवं उर्वरक मंत्रालय के तहत हर साल लगभग 22 हजार रुपये से ज्यादा खर्च कर रही है। अब आंदोलनकारी किसान यह भी कह रहे हैं कि पराली जलाने पर उन पर कोई दंड ना हो। यानी कि प्रतिदिन इनकी नई-नई मांगें सामने आ रही हैं कपराली जलाने के कारण कितना वायु प्रदूषण फैलता है और उससे कितने लोग प्रभावित होते हैं, इससे किसान लगभग बेपरवाह हैं। पिछले साल नवंबर के महीने में इस विषय पर सुप्रीम कोर्ट ने बहुत साफ कहा था कि पंजाब में धान की खेती जारी रखने से लंबे समय में विनाशकारी प्रभाव पड़ेगा।

## कविता

"इश्क रहते हो इश्क करते हो
तुम
दूर रहकर भी साथ रहते हो तुम
सदा मेरी आंखों में काजल बने रहते हो
तुम"
विशिष्ट काव्य अतिथि कवि,चिंतक,
लेखक संजीव ठाकुर ने अपनी रचना
पढ़ी-
"दुनिया से बच के तुझको निहार आया
हूं,
कर्ज इश्क का यूं ही उतार आया हूं,
खून से लबरेज है इश्क का दरिया
प्यार की कश्ती से बामुश्किल पार
आया हूं।"
डॉ कमल वर्मा ने कहा
प्रेम जज्बा है जिंदगी का
शब्दों में उतरना संभव नहीं
संयोजक मुकेश गुप्ता ने पढ़ा
प्रेम हमें हंसना सीखना है
प्रेम हमें जीना सिखाता है
प्रेम हमें रोना सीखना है
प्रेम हमें बिछड़ना सीखता है।

संजीव
---------

## भारत की सांस्कृतिक विजय का प्रतीक अबू धाबी मंदिर

**डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी**

**अबू धाबी में** स्वामीनारायण संप्रदाय के भव्य मंदिर का शुभारंभ बीती 14 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। संयुक्त अरब अमीरात में हिन्दू धर्म के अनुसार सार्वजनिक रूप से पूजा-पाठ विशेष रूप से मूर्ति पूजा की अनुमति नहीं थी। लेकिन बीते कुछ दशकों में कुछ छोटे-छोटे देशों के इस समूह में भारतीयों की संख्या जिस तेजी से बढ़ी उसने उन्हें अमीरात की जरूरत बना दिया। बदलते वक्त के साथ यूएई की सोच भी बदल रही है। उसी का नतीजा है कि वहां आज एक भ्व्य हिंदू मंदिर स्थापित हो पाया है। ये मंदिर दुबई-अबू धाबी शेख जायद हाईवे के पास अल रहबा में अबु मुरेखा नाम की जगह पर बना है। ये मंदिर बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था यानी बीएपीएस ने बनाया है। दुनियाभर में इस संस्था के 1200 से ज्यादा मंदिर हैं. दिल्ली और गुजरात में अक्षरधाम मंदिर इसी संस्था ने बनाया है। अबू धाबी में मंदिर की कल्पना बीएपीएस के प्रमुख स्वामी महाराज ने 5 अप्रैल 1997 को की थी। उनका मानना था कि अबू धाबी में भी एक मंदिर होना चाहिए, जिससे देश, संस्कृति, समुदाय और धर्म और करीब आ सकें। अबू धाबी के शासक ने बड़ी ही उदारता से भूमि प्रदान की जो किसी इस्लामिक देश में कल्पनातीत है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया जाना पूरी तरह सही होगा क्योंकि उन्होंने अपने दस वर्ष के कार्यकाल में संयुक्त अरब अमीरात के शाही परिवारों से आत्मीय रिश्ते बना लिए। यही वजह है कि पाकिस्तान और भारत के बीच किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में वे हमारे पक्ष में खड़े नजर आए। निश्चित रूप से इसके पीछे उन लाखों भारतीयों का भी योगदान है जिन्होंने अपने परिश्रम और सदाचरण से वहां की सरकार और समाज का विश्वास अर्जित किया। दुनिया के अनेक देशों में स्वामी नारायण संप्रदाय के भव्य मंदिर बने हैं किंतु अबूधाबी का यह मंदिर उन लोगों के मुंह पर तमाचा है जो भारत में मंदिर बनाए जाने पर नाक सिकोड़ते हैं। इसी के साथ ये मुस्लिम कट्टरपंथियों के लिए भी सबक है जो अतीत में मंदिरों को तोड़कर बनाई गई मस्जिदों पर हिंदुओं के दावे को स्वीकार करने की सौजन्यता दिखाने के बजाय उसमें अड़ंगे लगाया करते हैं। अयोध्या में गत 22 जनवरी को राममंदिर के शुभारंभ के अवसर पर समूचे विश्व के सनातन प्रेमियों ने हर्षोल्लास मनाया किंतु मुस्लिम समाज का बड़ा वर्ग कोपभवन में बैठा रहा। उसके प्रवक्ता भी अपनी खीझ व्यक्त करने से बाज नहीं आए। बाबरी ढांचे को दोबारा खड़ी करने जैसी डींगें भी हांकी गईं। पाकिस्तान ने भी राममंदिर के निर्माण को लेकर बकवास करते हुए भारत के मुसलमानों को भड़काने के उद्देश्य से बयान जारी किए। यहां तक कि संरासंघ तक में शिकायत की। लेकिन अबूधाबी के मुस्लिम शासकों द्वारा प्रदत्त 27 एकड़ के भूखंड पर बना यह मंदिर इस्लामिक कट्टरपंथियों के लिए जबरदस्त संदेश है। संयुक्त अरब अमीरात के रेगिस्तान में हिंदू मंदिर बना है। यह दुनिया के किसी अजूबे, करिश्मे और अभूतपूर्व मिसाल से कम नहीं है।

## विचार

# सोनिया गाँधी ने क्यों दिया रायबरेली को भावनात्मक संदेश

**प्रभुनाथ शुक्ल**

**"मैं अप**ने बच्चों को भीख मांगते देख लूंगी, परंतु मैं राजनीति में कमद नहीं रखूंगी।" यह पीड़ा सोनिया गांधी की थी जो अपने पति एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को खोने के बाद कहा था। यह एक माँ और औरत की पीड़ा थी। क्योंकि राजीव गांधी को खोने के बाद सोनिया गांधी अकेली पड़ गयीं थीं। वह डरी और सहमी थीं क्योंकि पारिवारिक संघर्ष में वह अकेली थीं। उन्हें सबसे अधिक फिक्र दोनों बच्चों राहुल और प्रियंका गांधी के सुरक्षा की थी। जिसकी वजह से वह राजनीति में नहीं आना चाहती थीं। क्योंकि राजनीति की वजह से उन्होंने पति और सास को खोया था। जिसकी वजह से उन्हें राजनीति से घृणा हो गई थी। गांधी परिवार के लिए दोनों घटनाएं बेहद दुःखद थी। लेकिन सोनिया गांधी का दृढ संकल्प उन्हें विषम परिस्थितियों में भी डिगने नहीं दिया। कांग्रेस को संभालने के लिए उन्हें अंतत राजनीति में आना पड़ा। लेकिन सोनिया गांधी लगता है अब सक्रिय राजनीति को अलविदा कह दिया है। खराब स्वास्थ्य के चलते अब वह चुनाव नहीं लड़ेंगी और राज्यसभा के माध्यम से कांग्रेस की सेवा करेंगी। उन्होंने रायबरेली की जनता के नाम एक भावनात्म चिट्ठी भी लिखी है। सोनिया गांधी के इस फैसले के बाद रायबरेली की सीट क्या कांग्रेस के लिए सुरक्षित रह पाएगी या अमेठी की तरह उस पर भी भजपा का कब्जा हो जाएगा। सोनिया गांधी के इस फैसले को लेकर सियासी उठापटक शुरू हो गई है। भाजपा ने सोनिया गांधी पर जहाँ तंज कसा है। वहीं कांग्रेस ने सोनिया गांधी के फैसले को पार्टी का अपना फैसला बताया है। कांग्रेस बेहद बुरे दौर से गुजर रही है। इंदिरा गांधी के जाने के बाद राजीव गांधी ने पार्टी को संभाला। राजीव की अनुपस्थिति में सोनिया गांधी ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई। लेकिन राहुल गांधी खरे उतरते नहीं दिख रहे हैं। दक्षिणपंथी विचारधारा की पोषक भारतीय जनता पार्टी में मोदी युग की शुरूवात के बाद कांग्रेस का विश्वास जनता में सिकुड़ता गया है। कमजोर कांग्रेस को मजबूत आधार दिलाने वाला कोई राजनेता नहीं दिख रहा है। प्रियंका गांधी से पार्टी समर्थकों से काफी उम्मीद थी, लेकिन उत्तर प्रदेश राज्य विधानसभा के चुनाव में उन्हें जो करिश्मा करना था वह नहीं कर पाई। ऐसी ऐसी स्थिति में सक्रिय राजनीति से सोनिया गांधी का अलविदा कहना कांग्रेस को किस दिशा में लेकर जाएगा यह कहना मुश्किल है। कांग्रेस आज भले कमजोर हो गई है, लेकिन कांग्रेस से अधिक लोगों को गांधी परिवार पर सबसे अधिक भरोसा है।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की रायबरेली परंपरागत सीट रही है। रायबरेली और अमेठी का नाम आते ही लोगों के सामने गांधी और नेहरू परिवार की तस्वीर तैरने लगती है। लेकिन कमजोर होती कांग्रेस ने अपनी बहु चर्चित लोकसभा सीट अमेठी को गंवा दिया। राहुल गांधी को विषम राजनीतिक परिस्थितियों में नई सियासी जमीन तलाशने के लिए दक्षिण भारत से चुनाव लड़ना पड़ा। अब यह निश्चित हो गया है कि सोनिया गांधी राज्यसभा के माध्यम से कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करेंगीं। फिर सवाल उठता है क्या रायबरेली सीट कांग्रेस से हाथ से फिसल जाएगी। जबकि सोनिया गांधी स्वयं वहां से सांसद हैं। कांग्रेस के जो राजनीतिक हालात हैं उस स्थिति में राहुल गांधी क्या अमेठी एवं रायबरेली लौटेंगे। गांधी परिवार के लिए सबसे सुरक्षित सीट रायबरेली का फिर क्या होगा। क्या गांधी परिवार से उपेक्षित होने के बाद यह सीट अमेठी की तरह भाजपा के हाथ में चली जाएगी या फिर गांधी परिवार की राजनीतिक पहचान उत्तर प्रदेश से खत्म हो जाएगी। फिर क्या पार्टी प्रियंका गांधी या राहुल गांधी को रायबरेली से चुनावी मैदान में उतरेगी। हालांकि यह खबर भी आयी है की प्रियंका गांधी अमेठी और राहुल रायबरेली से चुनाव लड़ेंगे। राहुल गांधी क्या वायनाड को छोड़कर रायबरेली से अपना चुनावी भविष्य तय करेंगे। क्योंकि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के लिए अब खोने के लिए कुछ नहीं बचा है। जबकि दक्षिण भारत में भाजपा अभी कमजोर स्थिति में है। उसे हालत में राहुल गांधी अगर वायनाड को बाय-बाय कर रायबरेली से अपना भाग्य आजमाते हैं तो दक्षिण के लिए गलत संदेश जाएगा और दक्षिण में कांग्रेस कमजोर होगी। ऐसी विषम परिस्थितियों में राहुल गांधी क्या रायबरेली से चुनाव लड़ने का निर्णय ले पाएंगे।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

# ट्यूशन: लघु कुटीर उद्योग

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**ट्यूशन भार**त का अतिप्रिय लघु कुटीर उद्योग है। इस उद्योग का सर्वेसर्वा अध्यापक होता है। उसे स्कूल और ट्यूशन केंद्रों में बच्चों का बचपन खाने में बड़ा मजा आता है। पता नहीं क्यों लोग अध्यापक से इतना जलते हैं। जो खुद मानसिक आग में जलता हो उससे भला जलने से क्या लाभ। भारत जैसे शास्त्र प्रधान देश में ट्यूशन-शास्त्र पर अभी तक एक भी ग्रंथ नहीं है। शास्त्रों की बखिया उधेड़ने वालों के लिए यह डूब मरने की बात है। इस प्रक्रिया के कुछ सोपान निश्चित किए जा सकते हैं। विद्वत्ता से प्रभावित होकर ट्यूशन पढ़ने वाले छात्रों को उच्च श्रेणी में रखा जा सकता है इनका शास्त्रीय विवेचन करना व्यर्थ है। इनके अतिरिक्त ट्यूशन घेरने के लिए छात्रों पर फंदा डालना पड़ता है। इसके कई तरीके हैं- कक्षा में देर से आना, कक्षा में पहुँचकर माथा पकड़कर बैठ जाना। एकाध सवाल समझाकर सारे कठिन सवाल गृह-कार्य के रूप में देना। यदि छात्र कक्षा में कुछ पूछे तो - 'कक्षा के बाद पूछ लेना' कह देना। कक्षा के बाद पूछे तो 'घर आओ तब ही ढंग से बताया जा सकता है।' दूसरी विधि-छमाही परीक्षा में चार-पाँच को छोड़ बाकी छात्रों को फेल कर देना। फिर देखिए सुबह-शाम छात्रों की भीड़ गुरु-गृह में दृष्टिगोचर होने लगेगी।इस प्रकार जब दूकान चल निकलती है तो दो शिफ्ट सुबह में वास्तविक पढ़ाई शुरू हो जाती है। गुरु जी पढ़ाते समय विभिन्न दैनिक एवं पारिवारिक कार्यों को भी संपन्न करते रहते हैं - एक पंथ दो काज। विनाशक जी छुटके की रुलाई रोकने के लिए सिंहासन छोड़कर कई बार घर के अंदर जाते हैं। इसी बीच बाथरूम में जाकर नहाना, नहाने के बाद अगरबत्ती जला कर पूजा करना और बीच-बीच में दिशा निर्देश भी करते जाते हैं - महेश तुम गुणनखंड के आठ प्रश्न अभी हल करो।' श्रद्धा-भक्ति बढ़ाओ संतन की सेवा' और सोहन तुम वृत्त के सभी प्रश्न कर जाओ। इस प्रकार कार्यरत रहने से ये गुरु-शिष्य विद्यालय में देर से पहुँच कर गौरव प्राप्त करते हैं। कुछ लोग कहते हैं कि छात्रों के हृदय से सेवा-भावना का लोप हो रहा है। इन गैर सरकारी 'कुटीर शिक्षा केंद्रों' का निरीक्षण करें तो उन्हें अपनी विचारधारा बदल देनी पड़ेगी। सुबह के समय एक छात्र डेरी से दूध ला रहा है।

## राजनीति की नुकीली फसल में फंसा किसान असल

**सूर्यदीप कुशवाहा**

**लोकतंत्र की** सड़क पर नुकीली फसल बोई गई। किधर जाए किसान विरोध जताने, विपक्ष तो पहले से ही परेशान है। माननीयों को आवाज सुनाई भी नहीं पड़ती है। वे ऊँची सुनते हैं। बस अपनी चुनावी खेत की जुताई में जुटे हैं।अब चुनावी सफर का सुहाना मौसम भी नजदीक आ गया है। भई लहलाहती वोट की फसल काटनी है तो उन्नत बीज बोने पड़ेंगे। खाद-पानी खूब डालना पड़ेगा। शब्दों की बकैती की उर्वरक डालनी पड़ेगी। माहौल बनाते है और विरोधियों की फसल काटते हैं। अगर मौसम अनुकूल रहा तो बढ़िया पैदावार होगी। हवा का रुख चुनाव के अनुकूल नहीं बहा तो जमीन पर लोट जाएगा। राजनीति की पैतराबाजी को समझना आम आदमी की बस में नहीं है। फसल का लिटमस पेपर टेस्ट ले लिया गया। उनके खिलाफ वोटर टस से मस नहीं होता है। सब खेला करके विपक्ष देख लिया है। वैसे राजनीति में भाग्य का सिक्का चलता है। मजहबी शौक क्या चीज है। आपको कुर्सी दिलाता है और आपको कुर्सी से गिरा भी देता है चाहे हवा आपके अनुकूल चले। वैसे रासायनिक दवा ईडी का छिड़काव भी बहुत कारगर है। कुर्सी पर फफूँद नहीं लगती। किसानों के विरोध को अवरोध लगाकर अवरुद्ध कर दिया जाता है। उनके विरोध को दिल्ली जाते देख विपक्ष प्रसन्नता से दिल खिल उठता है। वैसे सत्ताधीश जलभुन जाते हैं। उनसे विरोध सहन नहीं होती है कि इस विरोध से विपक्ष की बढ़िया फसल कट सकती है। वह धारदार कील सरेराह बो देते हैं। और निश्चिंत सोते हैं। विपक्ष जुगाड़ लगाने में जुट जाते हैं। जिससे कि सत्ताधारी की कुर्सी से उन्हें उतारी जाए। भूकंप सा माहौल कर जमीन पर उन्हें गिरा सके। कभी-कभी तो लहलहाती फसल काटने की जुगाड़ में दोनों जनता को भरमाते हैं। इवीएम में दोनों दावा करते हैं। लेकिन इवीएम महरानी विपक्ष को धोखा दे जाती हैं। गच्चा खाकर विपक्ष बैलट द्वारा वोट की फसल उगाना चाहती है। जो जीतता है वह दही खट्टी कैसे कह सकता है? हारने वाला ही रोता है। माननीयों को किसान की ना उम्मीदी में ही उम्मीदी दिखती है। राजनीति में बड़ा लोचा है, आम आदमी कहाँ सोचा है। सबसे ज्यादा अवसर यहीं हैं।



## दूसरी शादी की तीसरी सालगिरह पर

# दीया मिर्जा

## ने किया खास पोस्ट, दिखाई अनदेखी फोटोज



बॉलीवुड एक्ट्रेस दीया मिर्जा ने 15 फरवरी, 2021 में वैभव रेखी के साथ दूसरी शादी की थी। आज एक्ट्रेस अपनी दूसरी शादी की तीसरी सालगिरह सेलिब्रेट कर रही हैं। ऐसे में उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने इस खास दिन को लेकर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में उन्होंने कई तस्वीरों के साथ भावुक कर देने वाला मैसेज भी लिखा है।

**दीया ने शेयर किया खास पोस्ट**

दीया मिर्जा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर तीसरी सालगिरह को लेकर एक पोस्ट किया है। इस पोस्ट में उन्होंने वैभव रेखी संग अपनी शादी की चार तस्वीरें शेयर की हैं। पहली फोटो में दीया, वैभव संग बात करती नजर आ रही हैं। दूसरी फोटो में वैभव, दीया का इंतजार कर रहे हैं।

तीसरी फोटो में दोनों गले मिलते हुए नजर आ रहे हैं और चौथी फोटो में दोनों एक-दूसरे का हाथ थामे दिखाई दे रहे हैं। इन फोटो को शेयर करते हुए दीया ने कैप्शन में लिखा, इस दिन हम खूब रोये। खुशी और कृतज्ञता के आंसू। हम अपने सबसे कठिन समय में भी एक-दूसरे का साथ देना जारी रखें, हंसें, प्यार करें और जीवन के चमत्कारों को महत्व दें। हमारे द्वारा साझा किए गए प्रत्येक सूर्योदय और सूर्यास्त के लिए धन्यवाद बेबी, हैप्पी एनिवर्सरी पति.दीया मिर्जा की पोस्ट पर सेलेब्स समेत उनके कई फैंस उन्हें बधाई दे रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, हैप्पी एनिवर्सरी। कई अन्य लोगों ने भी उन्हें इस खास दिन की बधाई दी।बता दें कि इससे पहले एक्ट्रेस ने साल 2014 में साहिल संघा से पहली शादी की थी और पांच साल बाद साल 2019 में दोनों के रास्ते अलग हो गए। फिर पहली शादी के तलाक के दो साल बाद दीया ने दूसरी शादी वैभव संग रचाई।

**दीया मिर्जा का वर्क फ्रंट**

दीया मिर्जा के वर्क फ्रंट की बात करें, तो एक्ट्रेस को आखिरी बार फिल्म %धक-धक% में देखा गया था।

## सलमान की वो सुपरफ्लॉप पिक्चर, जिसमें सबसे महंगी हिरोइन ने किया काम, बॉक्स ऑफिस पर हुआ था बुरा हाल



सलमान खान ने अपनी डेब्यू फिल्म से ही बॉक्स ऑफिस पर कब्जा कर लिया था. उन्होंने अपने 35 साल के करियर में कम से कम फ्लॉप फिल्म दी है. लेकिन, एक वक्त ऐसा था जब उनकी सुपरफ्लॉप पिक्चर भी रिलीज हुई. लेकिन, दिलचस्प बात ये है कि वो पिक्चर उस हिरोइन के साथ बनी, जो उस दौर की हाईएस्ट पेड एक्ट्रेस में से एक थी. जी हां, ये बात हैरान करने वाली है कि दो सुपरस्टार्स की फिल्म सुपरफ्लॉप कैसे हो सकती है. लेकिन, ऐसा हुआ. और बॉक्स ऑफिस पर फिल्म मुंह के बल गिरी, जिसकी किसी को उम्मीद नहीं थी.अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर वो कौन सी अदाकारा थी, जिसके साथ सलमान खान ने सबसे बड़ी फ्लॉप पिक्चर साइन की. वो कोई और नहीं, बल्कि अपने जमाने की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेस श्रीदेवी थीं. श्री अब इस दुनिया में नहीं रहीं, लेकिन उनकी अदाकारी के चर्चे आज भी मशहूर हैं. सलमान और श्रीदेवी ने जो फिल्म साथ में की थी उसका नाम था 'चांद का टुकड़ा', जो 1994 में आई थी. सावन कुमार तक के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म बहुत बड़ी फ्लॉप थी. इसमें, सलमान और श्री के अलावा शत्रुघ्न सिन्हा भी लीड रोल में थे. इतने सुपरस्टार्स होने के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 5 करोड़ रुपए भी नहीं कमा पाई. 'चांद का टुकड़ा' 2.75 करोड़ रुपए के बजट में बनाई गई थी. लेकिन, बॉक्स ऑफिस इंडिया के अनुसार इसने केवल 3.88 करोड़ रुपए ही कमाए थे.

**सलमान खान और श्रीदेवी की जोड़ी रही फ्लॉप**

इंडस्ट्री में फ्रेश जोड़ी का टैग मिलने के बाद भी सलमान खान और श्रीदेवी की जोड़ी फिल्म को सफल नहीं बना सकी. श्रीदेवी के साथ अपनी जोड़ी को याद करते हुए, सलमान खान ने एक बार कहा था कि वो उनके साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करने से डरते थे. क्योंकि, उन्हें इस बात का अंदाजा था कि वो अपने को-स्टार्स के ऊपर से दर्शकों का ध्यान खुद पर खींच लेने में सक्षम थीं.

**श्रीदेवी को 'लेडी अमिताभ बच्चन' कहा जाता था**

चांद का टुकड़ा के अलावा सलमान और श्रीदेवी ने साथ में चंद्रमुखी में काम किया था. ये दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुईं. रिपोर्ट्स की मानें तो श्रीदेवी अपनी एक फिल्म के लिए 1 करोड़ रुपए चार्ज करती थीं. उस दौर में इतनी मोटी रकम एक्टर्स के लिए सपने जैसा था. उस दौर में कुछ मेल स्टार्स भी इतना पैसा नहीं कमा पाते थे.

## 'मैंने कभी ये नहीं कहा, सिर्फ वुमेन सेंट्रिक फिल्में ही करुंगी'



पिछले कुछ सालों में यामी गौतम ने कई महिला केंद्रित फिल्में की हैं. उनकी जल्द रिलीज होने वाली फिल्म 'आर्टिकल 370' में भी यामी प्रमुख भूमिका में नजर आने वाली हैं. उनकी इस फिल्म में एक महिला एनआईए अफसर की कहानी बताई गई है. हमने यामी से पूछा कि क्या उन्हें अब वुमन सेंट्रिक फिल्में ही ऑफर हो रही हैं या फिर वो खुद इस तरह की फिल्मों का चयन कर रहीं हैं.

टीवी9 हिंदी डिजिटल के साथ की खास बातचीत में हमारे सवाल का जवाब देते हुए यामी गौतम ने कहा कि इस बात में कोई सच्चाई नहीं है और उन्होंने कभी नहीं कहा है कि वो वुमेन सेंट्रिक फिल्में करना चाहती हैं.यामी ने कहा, मेरी पिछले कुछ सालों की और खा कर इन दो-तीन सालों की फिल्में देखकर ऐसा आपको लग सकता है कि मैं वुमेन सेंट्रिक फिल्में कर रही हूं. लेकिन मुझे नहीं लगता, कभी मैंने बोला है कि मैं ऐसी फिल्में कर रही हूं जिनमें मेरे किरदार के इर्द-गिर्द ही फिल्म की कहानी घूमती रहे.

मैंने अगर इस तरह की कोई फिल्म की भी है तो वो इसलिए की है कि उस फिल्म की कहानी में दम था. अब 'धमेडे' जैसी फिल्म में लोगों को लग सकता है कि मैं हेडलाइन बनी हूं. लेकिन वो ठीक है. अब हम एक्टर हैं और एक फिल्म का चेहरा हम बन सकते हैं. लेकिन मेरी सारी फिल्मों में सिर्फ कहानी ही हीरो होती है. मैंने ये कभी नहीं कहा है कि मैं वुमेन सेंट्रिक फिल्में करुंगी.

**बड़े नाम देखकर फिल्में नहीं साइन करती यामी**

आगे यामी बोलीं, बाला, चोर निकलकर भगा, उरी, दसवीं या फिर आर्टिकल 370 मेरी कोई भी फिल्म आप देख लीजिए, सभी फिल्मों में कहानी ही हीरो है. ये मेरी खुशनसीबी है और मैं उस तरह की कहानियां ढूंढती हूं, जिसमें मेरे किरदार लोगों का दिल जीत लेते हैं. लेकिन मैं इसलिए कोई फिल्म साइन नहीं करती कि मुझे प्रमुख किरदार निभाना है. फिर ये चीटिंग होगी. ये गलत होगा और ये गलती मैं कभी नहीं करुंगी. मैं चाहती हूं कि मैं और अच्छे से अच्छे एक्टर्स के साथ काम करूं. लेकिन कहानी और किरदार अच्छे होने चाहिए.

# दिव्या अग्रवाल

## ने मंगेतर Apurva Padgaonkar संग शेयर की रोमांटिक तस्वीरें, यूजर्स बोले- क्या आप प्रेग्नेंट हैं?



इस वेडिंग सीजन में अब तक कई टीवी और बॉलीवुड स्टार्स शादी के बंधन में बंध चुके हैं। इस बीच अब बिग बॉस ओटीटी 1 विनर दिव्या अग्रवाल (Divya Agarwal) की भी शादी करने जा रही हैं।एक्टर वरुण सूद से ब्रेकअप के बाद दिव्या अग्रवाल ने बिजनेसमैन अपूर्व पडगांवकर को डेट किया और अब ये कपल अपने रिश्ते को सात फेरे में बदलने जा रहा है। इन सबके बीच एक्ट्रेस एक खास वजह से सुर्खियों आ गई है, जिसकी चर्चा सोशल मीडिया पर काफी हो रही है।



**दिव्या अग्रवाल ने शेयर की स्पेशल फोटो**

एक तरफ जहां दिव्या अग्रवाल शादी के बंधने जा रही है तो वहीं, दूसरी तरफ वैलेंटाइन डे के मौके पर अदाकार ने होने वाले पति अपूर्वा संग कुछ रोमांटिक फोटोज शेयर कीं, जिसके बाद से उनकी प्रेग्नेंसी को लेकर अफवाह उड़ने लगी। शेयर की गई तस्वीर में दिव्या ब्लैक कलर का गाउन पहने नजर आ रही हैं तो वहीं, अपूर्वा व्हाइट कलर की शर्ट-पैंट पहने नजर आ रहे हैं।

**क्या प्रेग्नेंट हैं दिव्या अग्रवाल ?**

फोटो में दिव्या सोफे पर बैठी हुई है और अपूर्वा को गले लगाते हुए पोज दे रही हैं। इस दौरान उनका टमी नजर आ रहा है। एक्ट्रेस का टमी देख लोगों ने उनकी फोटो पर तरह-तरह के कमेंट्स करना शुरू कर दिया। एक यूजर ने लिखा, क्या दिव्या प्रेग्नेंट हैं? दूसरे यूजर ने लिखा, बंप तो अभी से नजर आ रहा है। तीसरे यूजर ने लिखा, प्रेग्नेंट होने के बाद इनको शादी याद आ जाती है।

**कब दुल्हन बनेंगी दिव्या अग्रवाल**

ई-टाइम्स से खास बातचीत में एक्ट्रेस दिव्या अग्रवाल ने बताया कि 20 फरवरी को उनके घर चेम्बूर में शादी होगी। 18 से शादी की तैयारी शुरू हो जाएंगी। 19 फरवरी को दिव्या की मेहंदी और 20 की शाम को सात फेरे होंगे। एक्ट्रेस ने कहा कि वह घर पर शादी कर रही हैं और इस फैसले पर बहुत गर्व महसूस हो रहा है।

## सधी शुरुआत के बाद लुढ़का शेयर, IPO पर दांव लगाने वाले निवेशक निराश

**नई दिल्ली.(एजेंसी)**पॉलीसिल इरिगेशन सिस्टम्स आईपीओ की शेयर बाजार में सधी शुरुआत हुई है। कंपनी की एनएसई एसएमई में लिस्टिंग 3.7 प्रतिशत के प्रीमियम के साथ 56 रुपये पर हुई है। कंपनी के आईपीओ का प्राइस बैंड 54 रुपये प्रति शेयर था। हालांकि, लिस्टिंग के बाद कंपनी के शेयरों में गिरावट देखने को मिली है। कंपनी के शेयर सुबह 10.25 मिनट पर करीब 2 प्रतिशत के गिरावट के साथ 55 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे।

**कब से कब तक था ओपन**

यह एसएमई आईपीओ निवेशकों के लिए 8 फरवरी 2024 को ओपन हुआ था। इंवेस्टर्स के पास 13 फरवरी तक दांव लगाने का मौका था। कंपनी आईपीओ के लिए 2000 शेयरों का एक लॉट बनाया था। जिस वजह से निवेशकों को कम से कम 1,08,000 रुपये का दांव लगाना पड़ा। इस आईपीओ का साइज 17.44 करोड़ रुपये का था। कंपनी ने आईपीओ के जरिए 14.44 लाख फ्रेश शेयर और 17.85 लाख शेयर ऑफर फॉर सेल के तहत जारी किए हैं।

**4 दिन में 14 गुना सब्सक्रिप्शन**

4 दिन के ओपनिंग के दौरान आईपीओ को 14 गुना से अधिक सब्सक्राइब किया गया था। आखिरी दिन आईपीओ को 6.88 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था। रिटेल सेक्शन में इस दिन 11.62 गुना सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ था। बता दें, आईपीओ में प्रमोटर्स की शेयर होल्डिंग 33.79 प्रतिशत थी। जोकि अब इश्यू के बाद घटकर 29.49 प्रतिशत हो गई है।

## क्रिप्टो करेंसी Bitcoin दो साल के हाई पर, क्या है इस तेजी के पीछे का कारण?

**नई दिल्ली.(एजेंसी)**क्रिप्टोकरंसी बिटकॉइन में ईटीएफ की मंजूरी मिलने के बाद खरीदारी तेज हो गई है। गुरुवार को बिटकॉइन 53,311 डॉलर यानी करीब 45 लाख रुपये के भाव से ऊपर कारोबार कर रहा था। दिसंबर 2021 के बाद एक बार फिर बिटकॉइन का मार्केट कैप एक ट्रिलियन डॉलर यानी एक लाख करोड़ डॉलर को पार कर गया। बिटकॉइन का पिछला रिकॉर्ड उच्च स्तर 69000 डॉलर था जो नवंबर 2021 में आया था।कॉइनडेस्क डेटा से पता चलता है कि बिटकॉइन ने अपनी उड़ान जारी रखी और गुरुवार को 1.34 प्रतिशत बढ़कर 53,311 डॉलर पर कारोबार किया। मंगलवार को दो साल से अधिक समय के बाद पहली बार इसकी कीमत 50,000 डॉलर तक पहुंची थी। बिटकॉइन का 50,000 डॉलर पर आखिरी कारोबार दिसंबर 2021 में हुआ था।

**इस साल बिटकॉइन अब तक 21 प्रतिशत उछला**



इस साल बिटकॉइन अब तक 21 प्रतिशत ऊपर चढ़ा है। बिटकॉइन की कीमतों में तेजी पिछले साल जनवरी से शुरू हुई थी। 2023 में बिटकॉइन 150 फीसदी से अधिक चढ़ा था। इसकी कीमतों में तेजी के पीछे की वजह यूएस सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन द्वारा बिटकॉइन एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स को अनुमति मिलने की संभावना थी। इसके बारे में बातें पिछले साल से ही शुरू हो गई थी लेकिन अनुमति इस साल जनवरी में मिली।

**क्यों उछल रहा बिटकॉइन**

विश्लेषकों के मुताबिक, नए ईटीएफ का फ्लो 2024 में 10 अरब डॉलर के आंकड़े के पार कर सकता है। वहीं, स्टैंडर्ड चार्टर्ड के विश्लेषकों का कहना है कि अकेले इस वर्ष 50 अरब डॉलर से लेकर 100 अरब डॉलर का निवेश ईटीएफ में देखने को मिल सकता है।

## यूपीआई पेमेंट सर्विस में फोनपे और गूगल पे का दबदबा कम करने की तैयारी




**नई दिल्ली.**भारत में यूपीआई पेमेंट सर्विस में फोनपे और गूगल पे के दबदबे को कम करने के लिए सरकार नई योजना बना रही है। देश में 80 फीसदी यूपीआई भुगतान फोनपे और गूगल पे से होता है। दोनों अमेरिकी कंपनियां हैं।

ऐसे में सरकार नहीं चाहती कि यूपीआई बाजार में केवल इनका कब्जा रहे।हाल ही में संसदीय पैनल ने घरेलू फिनटेक फर्म को सुविधाएं मुहैया कराने की बात सरकार से कही है। साथ ही यूपीआई पेमेंट सर्विस को सीमित करके 30 फीसद किया जा सकता है ताकि अमेरिकी कंपनियों का वर्चस्व कम किया जा सके। यूपीआई नेटवर्क में करीब 500 बैंक शामिल हैं।

**पेटीएम पेमेंट्स बैंक के बाद वीजा-मास्टरकार्ड से कारोबारी भुगतान पर रोक**

भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक के बाद वीजा और मास्टरकार्ड जैसे भुगतान नेटवर्क पर भी शिकंजा कसा है। आरबीआई ने वीजा और मास्टरकार्ड को भारत में व्यावसायिक भुगतान बंद करने को कहा है। कंपनियों की ओर से व्यावसायिक कार्ड के जरिए वेंडर, छोटे उद्यमों और कारोबारियों को भुगतान किया जाता है।बताया जा रहा है कि केवाईसी नियमों का अनुपालन न करने के चलते यह कार्रवाई की गई है। दरअसल, इस तरह के कार्ड बड़ी कॉरपोरेट कंपनियों को जारी किए जाते हैं, जो इनका इस्तेमाल कर छोटी कंपनियों को भुगतान करती हैं। ये कार्ड उधारी सुविधा के तहत जारी किए जाते हैं।बिना केवाईसी भुगतान की शिकायत आरबीआई को ऐसे कुछ मामले मिले हैं, जिनमें बड़ी कंपनियों ने ऐसी छोटी कंपनियों को भुगतान किया, जिनकी केवाईसी नहीं की गई थी। आरबीआई को संदेह है कि इस तरीके से किए गए भुगतान का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग में हो रहा है।

बताया जा रहा है कि दोनों कार्ड कंपनियों के प्रतिनिधियों ने इस मामले में आरबीआई के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात भी की है।छोटे कारोबारियों पर असर संभव लेनदेन के लिए मास्टरकार्ड और वीजा पर निर्भर कारोबारियों को भुगतान सेवा में असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। यह ई-कॉमर्स, रीटेल, हास्पिटैलिटी और अन्य कई क्षेत्रों को प्रभावित कर सकता है।

## भारत बंद के बीच क्या बैंक, स्कूल और दफ्तर भी रहेंगे बंद? देशभर में किसानों का विरोध-प्रदर्शन



**नई दिल्ली.(एजेंसी)**

संयुक्त किसान मोर्चा ने केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के साथ मिलकर शुक्रवार 16 फरवरी को भारत बंद का आह्वान किया है। यह आह्वान तब किया गया है, जब पंजाब से मार्च कर रहे सैकड़ों किसानों को अंबाला के पास हरियाणा की सीमा पर रोक दिया गया है। भारत बंद का ऐलान केंद्र सरकार से अपनी मांगों को लेकर दबाव बनाने के लिए किया जा रहा है। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) ने सभी समान विचारधारा वाले किसान संगठनों से एकजुट होने और भारत बंद में भाग लेने का आग्रह किया है। भारत बंद के तहत विरोध-प्रदर्शन सुबह 6 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा।

**ग्रामीण भारत बंद से क्या असर पड़ने की संभावना है?**

इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल के कारण परिवहन, कृषि गतिविधियां, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) ग्रामीण कार्य, निजी कार्यालय, गांव की दुकानें और ग्रामीण औद्योगिक और सर्विस सेक्टर के संस्थान बंद रहने के आसार हैं। कुछ रिपोर्टों में दावा किया गया है कि भारत बंद के दौरान इमरजेंसी सेवाएं जैसे एम्बुलेंस, अखबार वितरण, विवाह, मेडिकल स्टोर्स, बोर्ड परीक्षा के लिए जाने वाले छात्र - छात्राओं आदि को प्रभावित होने की संभावना नहीं है।

**किसानों की क्या है मांगें?**

किसान अपनी उपज के लिए एमएसपी की गारंटी देने वाले कानून की मांग के साथ पंजाब और हरियाणा की सड़कों पर हैं। दिल्ली जाने की जिद पर अड़े हैं। किसान मनरेगा को मजबूत करने, पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने और औपचारिक और अनौपचारिक दोनों क्षेत्रों में सभी श्रमिकों के लिए पेंशन और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग कर रहे हैं। एसकेएम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सी2 50 (पूंजी की इनपुट लागत 50 प्रतिशत) के स्वामीनाथन फॉर्मूले के आधार पर फसलों के लिए एमएसपी, खरीद की कानूनी गारंटी, कर्ज माफी, बिजली दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं करने और कोई स्मार्ट मीटर नहीं लगाने की मांग की है.

## कमाई में अडानी-अंबानी से भी पीछे रह गए मस्क, जुकरबर्ग ने मारी बाजी

**नई दिल्ली.** दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क इस साल अब तक की कमाई के मामले में मुकेश अंबानी और गौतम अडानी से भी पीछे रह गए हैं। फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा के सीईओ इस मामले में नंबर-1 हैं। जुकरबर्ग ने महज 46 दिन में ही अपने नेटवर्थ में 45.6 अरब डॉलर जोड़ चुके हैं। यानी हर दिन उनकी संपत्ति में करीब एक अरब डॉलर का इजाफा हुआ है।ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स की ताजा लिस्ट में मार्क जुकरबर्ग चौथे नंबर पर हैं। उनके पास कुल 174 अरब डॉलर की संपत्ति है। अमेरिका के ही जेनसेन हुआंग इस साल की कमाई में दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने कुल 20.1 अरब डॉलर की कमाई की है। दुनिया के अमीरों की लिस्ट में हुआंग 23वें स्थान पर हैं और उनका नेटवर्थ 64.1 अरब डॉलर है।

इनके बाद आत्री स्टीफेंस ने 17.5 अरब डॉलर कमाकर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 23.4 अरब डॉलर के साथ ये 78वें पोजीशन पर हैं। दुनिया के दूसरे नंबर के रईस जेफ बेजोस इस साल अबतक 17.3 अरब डॉलर की कमाई के साथ इस लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं। गौतम अडानी और मुकेश अंबानी के सामने कहीं नहीं टिकते एलन मस्क एलन मस्क कमाई की इस लिस्ट में गौतम अडानी और मुकेश अंबानी के सामने कहीं नहीं टिक रहे। इस साल के सबसे बड़े लूजर के रूप में एलन मस्क अब तक 15.3 अरब डॉलर की दौलत गंवा चुके हैं। वह भी तब जब गुरुवार को एक ही दिन में उनकी संपत्ति में 8.39 अरब डॉलर की उछाल दर्ज की गई। साल 2024 में कमाई के लिहाज से गौतम अडानी पांचवें और मुकेश अंबानी सातवें स्थान पर हैं। छठे स्थान पर वॉरेन बफेट हैं।



गौतम अडानी इस समय 100 अरब डॉलर के कुल नेटवर्थ के साथ दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में 13वें स्थान पर हैं। इस साल अब तक अडानी 16 अरब डॉलर कमा चुके हैं। वॉरेन बफेट ने 14 अरब डॉलर कमाए हैं। वह 134 अरब डॉलर की कुल संपत्ति के साथ 7वें नंबर पर हैं। दूसरी ओर, मुकेश अंबानी इस सम दुनिया के 11वें सबसे बड़े रईस हैं। उनकी कुल संपत्ति 110 अरब डॉलर हो गई है। इस साल अबतक उनकी संपत्ति में 13.8 अरब डॉलर का इजाफा हो चुका है। सारे आंकड़े ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स से लिए गए हैं।

## JSW ग्रुप ओडिशा में नए स्टील, सीमेंट प्लांट के लिए 65,000 करोड़ का निवेश करेगा, 30000 लोगों को मिलेगी नौकरी




**नई दिल्ली.(एजेंसी)**

जेएसडब्ल्यू ग्रुप ओडिशा के जगतसिंहपुर में 65,000 करोड़ रुपये का निवेश करने जा रहा है। इस पैसे से ग्रुप एक स्टील प्लांट, एक पावर प्लांट, एक पोर्ट फैसिलिटी और एक सीमेंट प्लांट स्थापित करेगा। स्टील प्लांट की क्षमता प्रति वर्ष 13.2 मिलियन टन स्टील बनाने की होगी और इससे 30,000 लोगों को नौकरी मिलने की उम्मीद है। पोर्ट और जेटी परियोजना प्रति वर्ष 52 मिलियन टन कार्गो संभालेगी। सीमेंट प्लांट 10 मिलियन टन का उत्पादन करने में सक्षम होगा, जबकि लौह अयस्क स्लरी ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम में प्रति वर्ष 30 मिलियन टन ट्रांसपोर्ट करने की क्षमता होगी। इस अपडेट के बाद जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयर एक पर्सेंट ऊपर 820.45 रुपये पर है। जेएसडब्ल्यू एनर्जी भी हरे निशान पर है।

जेएसडब्ल्यू स्टील ने कहा, ओडिशा के औद्योगिक विकास निगम (IDCO) ने इंटीग्रेटेड फैसिलिटी स्थापित करने के लिए जेएसडब्ल्यू को 2,958 एकड़ जमीन सौंपी है, जिसमें कुल प्रोजेक्ट लैंड का 30 प्रतिशत जंगलों और जल निकायों के संरक्षण के लिए समर्पित है।प्रोजेक्ट के लिए लैंड पहले 2005 में कोरियाई स्टील मेजर पॉस्को के लिए निर्धारित की गई थी, जिसकी 52,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 12 एमटीपीए स्टील प्लांट स्थापित करने की योजना थी। हालांकि, स्थानीय लोगों के कड़े विरोध के बाद यह परियोजना शुरू नहीं हो पाई, जिससे पॉस्को को 2017 में वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। यह प्रस्ताव पिछले साल संकट में फंस गया, जब नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने स्टील प्लांट स्थापित करने के लिए अपना लाइसेंस सस्पेंड कर दिया।

## 900 के नीचे आ सकता है डिफेंस शेयर, एक्सपर्ट्स ने दी बेचने की सलाह

**नई दिल्ली.**एक साल में 182 फीसद से अधिक रिटर्न देने वाला मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयर अब बेच कर निकल जाने में ही भलाई है। ऐसा एक्सपर्ट्स की सलाह है। आने वाले समय में यह स्टॉक 900 रुपये के नीचे आ सकता है। आज के रेट 2147 रुपये से करीब 60 फीसद नीचे आ सकता है।घरेलू ब्रोकेज फर्म आईसीआईसीआई सिक्योरिटिज ने 15 फरवरी के अपने एक नोट में इसको स्ट्रहाह रेटिंग दी है। नोट के मुताबिक मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयर 59.14 पर्सेंट तक गिर सकते हैं। इसका 52 हफ्ते का हाई 2492 रुपये और लो 612 रुपये है। सुबह 9:50 बजे के करीब यह स्टॉक मामूली बढ़त के साथ 2135 रुपये के करीब ट्रेड कर रहा था।पिछले एक महीने में यह स्टॉक 8 फीसद से अधिक गिर चुका है।

हालांकि, पिछले छह महीने में 10 फीसद से अधिक मुनाफा दिया है। पिछले 4 साल में इसने 1170 फीसद से अधिक रिटर्न देकर अपने निवेशकों को मालामाल कर चुका है।

मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी पिछली तीन तिमाहियों से नहीं बदली है। दिसंबर 2023 तक इसमें प्रमोटर्स की शेयर होल्डिंग 84.83 फीसद है। इस डिफेंस स्टॉक में सितंबर तिमाही के मुकाबले विदेशी संस्थागत निवेशकों ने अपनी हिस्सेदारी 3.69 से घटाकर 3.32 फीसद कर दी है। जबकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 0.39 से बढ़ाकर 0.41 फीसद कर दी है। अन्य के पास 11.44 फीसद हिस्सेदारी है।

## शेयर मार्केट की तेजी बरकरार, ये रहे टॉप गेनर और लूजर स्टॉक्स



**सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सबसे ज्यादा 6.51 चढ़ा। इसके अलावा एनटीपीसी, पावरग्रिड, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स और विप्रो में तेजी रही।**

**नई दिल्ली.(एजेंसी)** घरेलू शेयर मार्केट में बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 227 अंक चढ़कर एक बार फिर 72,000 अंक के स्तर पर पहुंच गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 22,000 अंक के करीब पहुंच गया।कारोबारियों के अनुसार, वैश्विक शेयर बाजारों में ज्यादातर में मजबूत रुख के बीच महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और एसबीआई में लिवाली से स्थानीय बाजार में मजबूत रही। इसके अलावा वाहन, ऊर्जा तथा बिजली कंपनियों के शेयरों में भी तेजी का भी सकारात्मक असर पड़ा।तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 227.55 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72,050.38 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक मजबूत खुला और ऊंचे में 72,164.97 अंक तक गया और नीचे 71,644.44 अंक तक आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 70.70 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,910.75 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सबसे ज्यादा 6.51 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा एनटीपीसी, पावरग्रिड, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स और विप्रो में प्रमुख रूप से तेजी रही। एचडीएफसी बैंक का शेयर 2.15 प्रतिशत चढ़कर 1,413.75 रुपये रहा। इसके उलट, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एक्सिस बैंक, आईटीसी, एचयूएल, नेस्ले इंडिया और सन फार्मा शामिल हैं।तेजी के कारण जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख का असर घरेलू बाजार पर भी पड़ा और यह बढ़त में रहा। यूरो क्षेत्र में मुद्रास्फीति में कमी के रुख के साथ कंपनियों के बेहतर वित्तीय परिणाम से धारणा मजबूत हुई। उन्होंने कहा, हालांकि तेजी व्यापक रही लेकिन बाजार प्रतिभागियों की रुचि बड़ी कंपनियों के अच्छे शेयरों पर है। इसका कारण मूल्यांकन का अंतर है। वे छोटी और मझोली कंपनियों के मामले में सतर्क रुख अपना रहे हैं।एशियाई बाजारों का हाल एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में रहा। चीन के बाजार चंद्र नववर्ष के मौके पर बंद रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में तेजी का रुख रहा। अमेरिकी बाजार बुधवार को बढ़त में रहे थे।

**सुबह का हाल**

शेयर मार्केट की शुरुआत सप्ताह आज मजबूत रही। बीएसई का 30 स्टॉक्स वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 238 अंकों की बढ़त के साथ 72061 और एनएसई का 50 स्टॉक्स वाला बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी 66 अंक ऊपर 21906 के लेवल पर खुला।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स एक बार फिर 72000 के नीचे आ गया है। अब वह 65 अंक ऊपर 71888 पर ट्रेड कर रहा है। दूसरी ओर निफ्टी 21923 अंक तक पहुंचने के बाद अब 33 अंकों की बढ़त के साथ 21873 पर है। निफ्टी टॉप गेनर में महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.69 पर्सेंट ऊपर 1718.20 रुपये पर है। बीपीसीएल में 2.51 फीसद की तेजी है। पावरग्रिड में भी 2.21 फीसद की बढ़त है, जबकि एनटीपीसी और यूपीएल में भी बढ़त है।अमेरिकी शेयर मार्केट में बढ़त और एशियाई बाजारों में रौनक को देखते हुए घरेलू बाजार में आज तेजी की उम्मीद है। गुरुवार सुबह गिफ्ट निफ्टी 21,998 के स्तर के आसपास कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी फ्यूचर्स का पिछला बंद 21,925 था।

## फास्टैग के लिए वैलिड नहीं रहा पेटीएम, NHAI ने ऑथराइज्ड बैंकों की लिस्ट से हटाया




**नई दिल्ली.(एजेंसी)**दो करोड़ से अधिक अधिक Paytm फास्टैग यूजर्स के लिए एक जरूरी खबर है। रोड टोलिंग अथॉरिटी ने हाइवे पर सफर करने वालों को पेटीएम पेमेंट्स बैंक को छोड़कर 32 बैंकों को लिस्ट करते हुए अधिकृत बैंकों से FASTags खरीदने की सलाह दी है।

भारतीय रिजर्व बैंक (Paytm) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को अगले महीने से सेवाएं देने से रोक दिया है। ऐसे में पेटीएम फास्टैग 29 फरवरी के बाद निष्क्रिय हो जाएंगे। NHAI की इलेक्ट्रॉनिक टोलिंग शाखा IHMCL ने अपने आधिकारिक हैंडल पर अधिकृत बैंकों की सूची साझा की है।

अपने एक्स पर एक पोस्ट में IHMCL ने कहा है कि बिना परेशानी की यात्रा के लिए 32 अधिकृत बैंकों से किसी भी से अपना फ़ास्टैग खरीदें। इन 32 ऑथराइज्ड बैंकों में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, त्रिशूर जिला सहकारी बैंक, साउथ इंडियन बैंक, सारस्वत बैंक, नागपुर नागरिक सहकारी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, करूर वैश्य बैंक, जेएंडके बैंक, इंडसइंड बैंक, इंडियन बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, फिनो बैंक, इक्विटेबल स्मॉल फाइनेंस बैंक, कॉसमॉस बैंक, सिटी यूनियन बैंक लिमिटेड, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, एयरटेल पेमेंट्स बैंक, इलाहाबाद बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, आईडीबीआई बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और यस बैंक शामिल हैं।

इससे पहले, आईएचएमसीएल ने 19 जनवरी 2024 को लिखे एक पत्र में पेटीएम पेमेंट्स बैंक को नए फास्टैग जारी करने से रोक दिया था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेटीएम की इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उत्पाद, वॉलेट व फास्टैग में 29 फरवरी 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का 31 जनवरी को निर्देश दिया था। हालांकि, कोई भी ब्याज, कैशबैक या रिफंड ग्राहकों के खातों में किसी भी समय वापस जमा किया जा सकता है। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा था कि निर्देश लगातार निरंतर गैर-अनुपालन के बाद दिए गए।

**ईडी ने पेटीएम के अधिकारियों से की पूछताछ**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर आरबीआई की हालिया कार्रवाई के बाद, पेटीएम के वरिष्ठ अधिकारियों से पूछताछ की और कई दस्तावेज जमा किए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय एजेंसी विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत फिनटेक कंपनी में आरबीआई द्वारा चिह्नित कथित अनियमितताओं की औपचारिक जांच शुरू करने का निर्णय लेने से पहले दस्तावेजों की प्रारंभिक जांच कर रही है।

# JUI-F के नेता का बड़ा दावा, सेना के शीर्ष अधिकारियों ने 2022 में इमरान खान की सरकार को गिराया

**जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल के मौलाना फजलुर रहमान दावा किया कि पूर्व सेना प्रमुख जनरल (सेवानिवृत्त) कमर जावेद बाजवा ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ सरकार को गिराया था।**

**इस्लामाबाद.** एक वक्त था जब पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पाकिस्तानी सेना के लिए आंखों का तारा हुआ करते थे। विपक्षी नेता भी इमरान खान पर तंज कसते हुए उन्हें सेना का दुलारा कहकर बुलाते थे। हालांकि, फिर एक ऐसा समय आया, जब खान सेना के लिए एक तरह से अभिशाप बन गए। इसी को लेकर, पाकिस्तान के एक दक्षिणपंथी पाकिस्तानी राजनेता ने एक बड़ा खुलासा किया। उन्होंने दावा किया कि शीर्ष सैन्य नेताओं ने साल 2022 में इमरान खान की सरकार को गिराया था।

**टीवी टॉक शो में दावा**

जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल (जेयूआई-एफ) के मौलानाफजल-उर-रहमान ने गुरुवार को एक टीवी टॉक शो में दावा किया कि पूर्व सेना प्रमुख जनरल (सेवानिवृत्त) कमर जावेद बाजवा ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) सरकार को गिराया था।

**अविश्वास प्रस्ताव पर बोले रहमान**

रहमान ने पीटीआई संस्थापक के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को वापस लेने पर कहा कि जब पीपीपी पीटीआई के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला रही थी, तब जनरल बाजवा और फैज हमीद हमारे संपर्क में थे। उन्होंने सभी दलों से अविश्वास प्रस्ताव लाने को कहा था।

रहमान ने एक सवाल के जवाब में कहा, किसी को उनके सामने खड़ा होना चाहिए था और कहना चाहिए कि यह गलत है। उन्होंने आगे कहा, जब तक चीजें ठीक नहीं हो जातीं, तब तक विरोध जारी रहेगा, क्योंकि सत्ता का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। इस विरोध के परिणामस्वरूप एक क्रांति होगी।



**गठबंधन सरकार बनाने की योजना पर आलोचना**

पीटीआई के साथ बातचीत पर रहमान ने कहा, पीटीआई के साथ मन में मतभेद है, जिसे सुलझाया जा सकता है। उन्होंने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी समेत अन्य दलों के सहयोग से गठबंधन सरकार बनाने की योजना की घोषणा के लिए पीएमएल-एन की आलोचना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान संसद का कोई भविष्य नहीं है, क्योंकि संसद में निर्णय और नीतियां कहीं और से आएंगी।

**पाकिस्तान की राजनीति में नाटकीय उठापटक**

गौरतलब है, पाकिस्तान की राजनीति में नाटकीय उठापटक तब शुरू हुई थी जब इमरान खान पाकिस्तान की जनता को गुड गवर्नेंस देने में लगातार विफल होने लगे थे। खासकर पंजाब प्रांत के बिगड़ते हालातों ने सेना को सोचने पर मजबूर कर दिया था। यहां तक कि पाकिस्तान के विपक्षी पार्टियां भी खुलेआम सेना पर आरोप लगाने लगी थीं कि सेना की वजह से इमरान खान को सत्ता की चाबी मिली है। वहीं, जनरल बाजवा और लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद के बीच के मतभेद उभरकर सामने आने लगी थे।

इन सबके बीच, 10 फरवरी, 2022 को पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान को उनके नेतृत्व में अविश्वास मत हारने के बाद सत्ता से बेदखल कर दिया गया था।

विपक्षी दलों द्वारा उनके खिलाफ एक प्रस्ताव लाए जाने के बाद मतदान आयोजित किया गया था। यह मतदान तब हुआ जब देश के उच्चतम न्यायालय ने विपक्षी दलों के पक्ष में फैसला दिया और कहा कि 71 वर्षीय खान ने असंवैधानिक रूप से काम किया है।

## भारतीयों को फिरौती के लिए धमकी मिलने का मामला, कनाडा पुलिस ने बनाई राष्ट्रीय जांच समिति

**कनाडा.** कनाडा में बीते दिनों भारतीय मूल के लोगों को फिरौती के लिए धमकी भरे कॉल आने का मामला सामने आया था। अब खबर आयी है कि कनाडा की पुलिस ने एक राष्ट्रीय स्तर की टीम बनाई गई है, जो इन मामलों की जांच करेगी। रॉयल कनैडियन माउंटेड पुलिस की नेशनल कॉर्डिनेशन और सपोर्ट टीम ब्रिटिश कोलंबिया, ओंटारियो और अल्बर्टा राज्यों की पुलिस के साथ मिलकर इन घटनाओं की जांच कर रही है। इन तीन राज्यों में ही भारतीय और दक्षिण एशियाई मूल के नेताओं को फिरौती के लिए ही धमकी मिलने



की खबरें सामने आयीं थी।

**कनाडा पुलिस का दावा- संगठित अपराध का है मामला**

कनाडा पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि जांच टीम फिरौती के लिए आयी धमकी भरी कॉल के पीछे के मकसद की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि ये मामला संगठित अपराध से जुड़ा है। बीते कुछ माह पहले कनाडा में दक्षिण एशियाई मूल के लोगों खासकर भारतीय मूल के लोगों को फिरौती के लिए धमको भरे कॉल आये थे।

इस मामले में कई शिकायत दर्ज हुई। कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से कनाडा में भारतीय मूल के लोगों खासकर हिंदुओं के खिलाफ हमले बढ़े हैं। कई हिंदू मंदिरों को भी निशाना बनाया गया है।

## जम्मू-कश्मीर के पुंछ में LOC के समीप आए पाकिस्तानी ड्रोन, सेना ने बरसाईं गोलियां



**नेशनल डेस्क.** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में दो अलग-अलग स्थानों पर नियंत्रण रेखा (एलओसी) की सुरक्षा में लगे जवानों ने शुक्रवार को पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराने के लिए गोलियां चलाईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, भारतीय क्षेत्र के बालनोई-मेंधर और गुलपुर इलाके में उड़ते हुए ड्रोन दिखाई देने के बाद सेना ने गोलियां चलाईं, जिसके बाद वे पाकिस्तानी सीमा में लौट गये। उन्होंने बताया कि दोनों इलाकों में तलाशी अभियान चलाया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कहीं ड्रोन ने कोई हथियार या फिर किसी प्रकार का कोई मादक पदार्थ तो नहीं गिराया।

अधिकारियों ने बताया कि जवानों ने सुबह करीब साढ़े छह बजे मेंधर के बालनोई इलाके में दो ड्रोन को घुसते हुए देखने के बाद गोलियां चलाईं, जिसके बाद रिपोर्ट से उड़ाई जाने वाली ये मशीनें लौट गयीं। उन्होंने बताया कि ठीक इसी तरह उसी समय गुलपुर इलाके में भी दो ड्रोन को उड़ते हुए देखने के बाद भारतीय सेना के जवानों ने गोलियां चलाईं।

पाकिस्तान, जम्मू-कश्मीर में मादक पदार्थों और हथियारों को गिराने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर रहा है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हाल ही में हथियारों और मादक पदार्थों को गिराने के उद्देश्य से सीमा पार से उड़ाए गए ड्रोन के बारे में जानकारी देने वालों को तीन लाख रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की थी।

## भारतीय मूल के सॉफ्टवेयर इंजीनियर की अमेरिका में पारिवारिक आत्महत्या मामले में बड़ा खुलासा

**नेशनल डेस्क.** अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया में एक भीषण हत्या-आत्महत्या में भारतीय मूल के पूर्व मेटा सॉफ्टवेयर इंजीनियर आनंद हेनरी पर खुद को बंदूक से उड़ाने से पहले अपनी पत्नी और जुड़वां बेटों की हत्या करने का संदेह है।सैन मेटो पुलिस विभाग के अनुसार, 37 वर्षीय हेनरी और उनकी पत्नी, 36 वर्षीय एलिस बेंज़िगर, सोमवार सुबह अल्मेडा डी लास पुलगास में अपने घर के बाथरूम में मृत पाए गए। हेनरी के नाम पंजीकृत एक 9 मिमी हैंडगन बाथरूम के फर्श पर उनके शरीर के पास पड़ी थी।पुलिस ने गुरुवार को एक बयान में कहा, हमारी



जांच से पता चलता है कि बेंज़िगर की मौत कई गोलियों के घाव के कारण हुई, जबकि हेनरी को एक ही गोली लगी। इस बीच, 4 वर्षीय जुड़वां बेटे बंदूक की गोली से नहीं मरे। उनमें आघात का कोई लक्षण नहीं दिखा, और चिकारियों ने अभी तक उनकी मृत्यु का कारण निर्धारित नहीं किया है।

पुलिस का आरोप है कि हेनरी सभी चार मौतों के लिए जिम्मेदार था।

उनके लिंक्डइन प्रोफाइल के अनुसार, हेनरी मेटा में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में काम करते थे और उससे पहले लश्शइद्द् के लिए भी इसी तरह की भूमिका में थे। लॉस एंजिल्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, मेटा ने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया। उनकी प्रोफ़ाइल के अनुसार, उनकी मृत्यु के समय वह कृत्रिम बुद्धिमत्ता में काम कर रहे थे। लिंक्डइन पर उसक प्रोफ़ाइल के अनुसार, बेंज़िगर ने ज़िलो के लिए एक डेटा वैज्ञानिक के रूप में काम किया।केरल के रहने वाले इस जोड़े ने पिट्सबर्ग में कार्नेगी मेलन विश्वविद्यालय में पढ़ाई की। पुलिस ने कहा कि घर पर हिंसा का कोई इतिहास नहीं था - वे घर में केवल तभी आए थे जब परिवार ने पिछवाड़े में एक पहाड़ी शेर को देखने की सूचना दी थी।

## रफा में सैन्य ऑपरेशन को लेकर बाइडन ने फिर नेतन्याहू को चेताया, कहा- एक भरोसेमंद योजना के बिना...

**वॉशिंगटन.** हमास और इस्राइल के बीच बीते पांच महीने से जंग जारी है। पिछले साल सात अक्तूबर को इस्राइल पर हमास के घातक हमले के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने हैं। इस लड़ाई के बीच मिस्र से लगी रफा सीमा पर इस्राइली रक्षा बल (आईडीएफ) ने कार्रवाई शुरू की है। कार्रवाई यहीं तक सीमित नहीं है बल्कि इस्राइल ने आगे जमीनी हमले के भी संकेत दिए हैं। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक बार फिर इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को नागरिकों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए सैन्य अभियान चलाने की हिदायत दी है।



व्हाइट हाउस ने बताया कि जो बाइडन ने गुरुवार को इस्राइली पीएम से कहा कि उन्हें फलस्तीनी नागरिकों की रक्षा के लिए एक भरोसेमंद और जमीन पर उतारी जाने लायक योजना के बिना रफा सीमा पर सैन्य कार्रवाई नहीं करनी चाहिए।

## चीन की गोद में खेल रहा मालदीव, 43 भारतीयों के खिलाफ उठाया बड़ा कदम; अभी और बढ़ेगा तनाव!

**इंटरनेशनल डेस्क.** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के पिछले साल चुनाव जीतने के बाद से भारत और द्वीप देश के रिश्ते खराब होते गए हैं। मुइज्जू ने मालदीव से भारतीय सेना को वापस जाने के लिए अल्टीमेटम भी दे दिया है। भारत से दूरी बना रहा मालदीव धीरे-धीरे चीन के करीब जा रहा है। हाल ही में मुइज्जू ने चीन की यात्रा की थी, जहां पर पर्यटन समेत 20 समझौतों पर साइन किए। अब भारत से जारी तनाव के बीच मालदीव ने बड़ा फैसला लिया है। दरअसल, मालदीव ने 43 भारतीय नागरिकों को अपने देश से निकालने का फैसला किया है। 43 भारतीय समेत 186 विदेशियों पर लिए गए ऐक्शन के पीछे मालदीव ने वीजा उल्लंघन और ड्रग्स से जुड़े अपराध करने का आरोप लगाया है। अब इन लोगों को मालदीव डिपोर्ट कर रहा है। भारतीय नागरिकों को डिपोर्ट किए जाने के बाद आशंका जताई जा रही है कि भारत और मालदीव के बीच रिश्ते अभी और बिगड़ सकते हैं। माले के ऑनलाइन समाचार प्रतिष्ठान 'अधाधु' की एक खबर में भारतीयों को डिपोर्ट करने की जानकारी दी गई है। खबर के अनुसार, निर्वासित (डिपोर्ट) किए गए लोगों में सबसे अधिक संख्या बांग्लादेश के लोगों की है। कम से कम 83 बांग्लादेशियों को निर्वासित किया गया है, इसके बाद 43 भारतीयों, 25 श्रीलंकाई और आठ नेपाली नागरिकों को निर्वासित किया गया है। मालदीव के गृह मंत्री अली इहुसन ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मंत्रालय अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए वित्त मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय ऐसी गतिविधियों पर रोक लगाने और उन्हें संचालित करने वाले विदेशियों को निर्वासित करने के संबंध में काम कर रहा है।

## पाकिस्तान के चुनाव परिणामों पर करीब से नजर रख रहे हैं : अमेरिका

**इंटरनेशनल डेस्क.** व्हाइट हाउस ने कहा कि वह पाकिस्तान में हाल में हुए आम चुनाव के दौरान मतदाताओं को डराने-धमकाने और दमन की खबरों को लेकर चिंतित है और स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है। व्हाइट हाउस में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में रणनीतिक संचार के समन्वयक जॉन किर्बी ने संवाददाताओं से कहा,'' हम चिंतित हैं और पाकिस्तान से मिल रहीं डराने धमकाने, मतदाताओं के दमन और इसी प्रकार की अन्य खबरों पर अपनी चिंताएं साझा करते हैं और इस पर करीब से नजर रख रहे हैं।



उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा,'' मतों की गिनती अब भी जारी है, अंतरराष्ट्रीय निगरानीकर्ता अब भी मतगणना पर नजर बनाए हुए हैं...। भारतीय अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने विदेश मंत्रालय से विजेता को मान्यता देने में देरी करने का आग्रह किया है। कृष्णमूर्ति चीन मामले पर एक समिति के सह-अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने सदन में कहा, '' मैं उन खबरों को लेकर बेहद चिंतित हूं जिनमें कहा जा रहा है कि पाकिस्तानी सेना बृहस्पतिवार को हुए चुनाव के परिणाम को पलटने के लिए वोट में हेराफेरी कर रही है और हिंसा को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा, '' पाकिस्तान के चुनाव के परिणाम वहां की जनता की इच्छा को परिलक्षित करने वाले होने चाहिए न कि सेना के। यह सुनिश्चित करने की सख्त जरूरत है कि हर वोट की गिनती निष्पक्ष और सटीक हो तथा हिंसा रुके।

## साहिल उमर; अमेरिका में घूम रहा रहस्यमय हत्यारा, पकड़ने में नाकाम हैं एजेंसियां

**अमेरिका के कंसास सिटी में हुई शूटिंग के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं इसमें साहिल उमर नाम के एक शख्स का नाम आ रहा है जो कि एजेंसियों की पकड़ से बाहर है।**



**वॉशिंगटन.** अमेरिका के कंसास सिटी में गुरुवार को हुई गोलीबारी में कम से कम एक की मौत हो गई और 22 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। कंसास सिटी चीफ के लिए सुपर बाउल विजय परेड के दौरान यह गोलीबारी हुई। बीते एक सप्ताह में ही अमेरिका में गोलीबारी की यह तीसरी घटना है। वहीं इस गोलीबारी के बाद %साहिल उमर% नाम का एक शख्स चर्चा में है जो कि एजेंसियों के लिए भी रहस्य बना हुआ है। उसपर धमाके, गोलीबारी समेत कई आपराधिक मामलों का आरोप है।

मास शूटिंग के बाद गिरफ्तार किए गए संदिग्धों में दो नाबालिग भी शामिल हैं। हालांकि इस घटना के थोड़ी ही देर बाद सोशल मीडिया पर एक 44 साल का शख्स वायरल हो रहा है जिसका नाम साहिल उमर बताया जा रहा है।

उसे कंसास शूटिंग के लिए जिम्मेदार बताया जा रहा है। हालांकि यह शख्स भी एक रहस्य बना हुआ है। उसके बारे में ज्यादा जानकारी एजेंसियों के पास भी नहीं है। बताया जा रहा है कि साहिल उमर अमेरिका में अवैध रूप से घुसा है। इसी साल जनवरी में टेक्सास के सैंडमैन होटल में हुए बम विस्फोट में भी उसका नाम आया था। इसके अलावा नवंबर 2023 में यूएस-कनाडा बॉर्डर रेनबो ब्रिज क्रैश में भी साहिल उमर का नाम आया था।

दिसंबर 2023 में नेवादा यूनिवर्सिटी में हुई गोलीबारी में भी साहिल उमर का नाम आया। एजेंसियों को यह भी नहीं पता है कि इस नाम का शख्सवकई में है या नहीं। ऐसा भी हो सकता है कि अलग-अलग शख्स को साहिल उमर के नाम से पेश किया जाता हो। बता दें कि कंसास में बुधवार की दोपहर दो बजे के आसपास करीब हजारों लोग इकट्ठा हुए थे। तभी वहां गोलीबारी शुरू हो गई जिसमें कम से कम दो दर्जन लोग घायल हो गए और एक की जान चली गई। कंसास सिटी पुलिस का कहना है कि इस घटना में कोई आतंकी ऐंगल सामने नहीं आया है। बता दें कि नेवादा राज्य के लास वेगास में एक फुटबॉल मैच हुआ था जिसमें कंसास सिटी चीफ के नाम की जीत हुई। इसके बाद इसी जीत का जश्न मनाने के लिए लोग इकट्ठे हुए थे। गोलीबारी के बाद भगदड़ मच गई। तभी एक महिला और एक पुरुष ने हमलावर को पकड़ लिया। बताया जाता है कि यह रैली तीन किलोमीटर लंबी थी। घायल होने वालों में 11 बच्चे भी हैं। 9 बच्चों को गोलियां लगी थीं। बच्चों की उम्र 6 से 15 साल के बीच बताई गई है।

## नवाज से आगे निकले शहबाज शरीफ, सेना संग मिलकर छोटे भाई ने कर दिया खेल? बनने जा रहे दोबारा पाक PM

**पाकिस्तानी मीडिया में आई खबरों के मुताबिक, प्रशासन और सरकार से जुड़े शक्तिशाली लोग नवाज शरीफ की तुलना में छोटे भाई शहबाज शरीफ के साथ काम करने में अधिक सहज महसूस करते हैं।**

**वॉशिंगटन.** पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ एक बार फिर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बनने की राह पर हैं। उनकी पार्टी ने अन्य दलों के साथ चुनाव बाद गठबंधन बनाते हुए नेशनल असेंबली में बहुमत का आंकड़ा जुटा लिया है। नवाज शरीफ के चौथी बार प्रधानमंत्री बनने की अटकलों के बीच अचानक शहबाज फ्रंट सीट पर आ गए हैं। इससे पार्टी के अंदर भी खलबली मची हुई है। हालांकि, नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज ने इससे इनकार किया है। सूत्रों के मुताबिक, शक्तिशाली सेना के समर्थन से प्रधानमंत्री का प्रतिष्ठित पद हासिल करने की दौड़ में शहबाज शरीफ अपने 74 वर्षीय भाई नवाज शरीफ से आगे निकल गए हैं। इससे अब माना जा रहा है कि पूर्व पीएम नवाज शरीफ का सियासी करियर आखिरी पड़ाव पर पहुंच गया है। पाकिस्तानी मीडिया में आई खबरों के मुताबिक, प्रशासन और सरकार से जुड़े शक्तिशाली लोग नवाज की तुलना में शहबाज के साथ काम करने में अधिक सहज हैं। उधर, मरियम ने कहा है कि नवाज शरीफ चौथी बार प्रधानमंत्री बनना चाहते थे, लेकिन खंडित जनादेश के बाद वह शीर्ष पद की रेस से हट गए हैं।अगर सब कुछ योजना के अनुसार हुआ, तो तख्तापलट की आशंका वाले पाकिस्तान में अगले महीने की शुरुआत में छह-दलीय गठबंधन की सरकार बनने की संभावना है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (PML-N), पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (PPP) और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (PTI) समेत तीनों दलों में से किसी को भी 8 फरवरी को हुए आम चुनावों में नेशनल असेंबली में बहुमत हासिल नहीं हो सका था। इसलिए कोई भी दल अकेले सरकार बनाने में सक्षम नहीं है।



**कौन हैं शहबाज शरीफ**

72 साल के शहबाज शरीफ अप्रैल 2022 से अगस्त 2023 तक पाकिस्तान के प्रधान मंत्री रह चुके हैं। अप्रैल 2022 में इमरान खान के सत्ता से हटने के बाद शहबाज ने एक गठबंधन सरकार के मुखिया के रूप में पाकिस्तान की कमान संभाली थी। इससे पहले, वह तीन बार पंजाब के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। 1997-1999 तक के पहले कार्यकाल के दौरान ही तत्कालीन राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने उन्हें और उनके परिवार को सऊदी अरब निर्वासित कर दिया था।

शहबाज शरीफ का परिवार मूलत जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग का रहने वाला है। उनके पिता मुहम्मद शरीफ़ उद्योगपति थे। वह उनके दूसरे बेटे हैं और परिवार के स्वामित्व वाले इत्तेफ़ाक ग्रुप ऑफ स्टील इंडस्ट्रीज में भी शामिल हैं। उन्होंने तीन शादियां की हैं।

पंजाब के सीएम के रूप में शहबाज शरीफ की पहचान एक तेज तर्रार नेता और प्रशासक के रूप में रही है। वह लाहौर समेत अन्य शहरों में आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए जाने जाते हैं। हालांकि, प्रधानमंत्री के रूप में वह कम ही लोकप्रिय हो सके। जब उन्होंने पाकिस्तान की कमान संभाली, तब से देश आर्थिक संकटों से ही घिरा रहा है।

## रणजी ट्रॉफी: हार्दिक पंड्या के चहेते ईशान किशन ने दिखाया ठेंगा, BCCI की धमकियों का कोई असर नहीं!

**जमशेदपुर.** ईशान किशन की रणजी ट्रॉफी से अनुपस्थिति जारी रही जब झारखंड के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाला यह विकेटकीपर बल्लेबाज शुक्रवार को शुरू हुए अंतिम दौर के मैच में भी टीम का हिस्सा नहीं बना। ईशान का यह कदम भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को पसंद नहीं आएगा। ईशान के प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेलने और सिर्फ आईपीएल पर ध्यान केंद्रित करने के कारण बीसीसीआई को खिलाड़ियों के इस लुभावनी लीग की नीलामी में हिस्सा लेने का पात्र होने के लिए न्यूनतम रणजी ट्रॉफी मैचों में खेलना अनिवार्य करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

**ईशान किशन के अलावा दीपक चाहर भी नहीं खेल रहे रणजी ट्रॉफी**

विभिन्न स्थानों पर शुरू हुए अंतिम दौर के मुकाबलों में दीपक चाहर और श्रेयस अय्यर भी अपनी घरेलू टीमों का हिस्सा नहीं हैं। अय्यर को हालांकि कमर और ग्रोइन में समस्या है। इन तीन खिलाड़ियों - ईशान, चाहर और अय्यर- को विशेष रूप से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपनी-अपनी राज्य टीमों के लिए खेलने के लिए कहा गया था। ईशान की अनुपस्थिति में कुमार कुशाग्र झारखंड के लिए विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

**हार्दिक पंड्या के साथ कर रहे बड़ौदा में ट्रेनिंग**

छह मैच में केवल एक जीत से 10 अंक जुटाने वाला झारखंड अंतिम दौर में घरेलू मैदान पर राजस्थान से खेल रहा है। ईशान जिस तरह से 'यात्रा की थकान' का हवाला देकर राष्ट्रीय टीम के दक्षिण अफ्रीका दौरे के बीच से लौटने के बाद से लगातार मैचों से बाहर रहे है, उससे भारतीय क्रिकेट के अधिकारी खुश नहीं है।

इससे भी अधिक यह पता चला कि वह मुंबई इंडियंस के अपने नए कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ बड़ौदा में ट्रेनिंग कर रहे थे जबकि उनकी राज्य की टीम रणजी ट्रॉफी में ग्रुप ए तालिका में निचले पायदान पर थी।

## ब्रिटेन के क्लब क्रिकेटर पर मैच फिक्सिंग प्रयास में साढ़े 17 साल का प्रतिबंध, जानें पूरा मामला

**नई दिल्ली.एजेंसी**

ब्रिटेन के क्लब क्रिकेटर रिजवान जावेद को 2021 में अबुधाबी टी 10 लीग के दौरान मैच फिक्स करने के कई प्रयासों के कारण बृहस्पतिवार को साढ़े 17 साल के लिए सभी तरह के क्रिकेट से प्रतिबंधित कर दिया गया।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के 'इंटीग्रिटी' महाप्रबंधक एलेक्स मार्शल ने एक बयान में कहा, 'रिजवान जावेद



पर पेशेवर क्रिकेटरों को भ्रष्टाचार में शामिल करने के लगातार और गंभीर प्रयासों के लिए लंबा प्रतिबंध लगाया गया।'इसमें कहा गया, 'इस प्रतिबंध से किसी भी स्तर पर क्रिकेट को निशाना बनाने की कोशिश कर रहे उन अन्य भ्रष्टचार करने वालों को एक कड़ा संदेश जाना चाहिए कि क्रिकेट को भ्रष्ट करने के किसी भी प्रयास से कड़ाई से निपटा जाएगा। 'एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) द्वारा स्वीकृत अबुधाबी टी 10 लीग 2017 में शुरू की गई थी। रिजवान उन आठ खिलाड़ियों और अधिकारियों में से एक है जिन्हें आईसीसी ने पिछले साल सितंबर में ईसीबी की तरफ से आरोपित किया था। बांग्लादेश के ऑलराउंडर नासिर हुसैन भी इन आरोपित में शामिल थे और इस समय दो साल का प्रतिबंध झेल रहे हैं।

# रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा की तरह उन्हें क्रूर होना होगा...

# नासिर हुसैन की बेन स्टोक्स एंड कंपनी को खास सलाह

**नई दिल्ली.एजेंसी**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन का कहना है कि बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली इंग्लिस टीम को राजकोट टेस्ट के दूसरे दिन क्रूर बल्लेबाजी करनी होगी। हालांकि इससे पहले उन्होंने भारत को 400 के अंदर समेटने की भी बात की है। राजकोट के सौराष्ट्र स्टेडियम में खेले जा रहे इस मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए पहले दिन का खेल खत्म होने तक 5 विकेट के नुकसान पर 326 रन बोर्ड पर लगा दिए हैं। टीम इंडिया के लिए कप्तान रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा ने शतक जड़े, वहीं सरफराज खान ने 62 रनों की शानदार पारी खेली।



नासिर हुसैन ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, +इंग्लैंड भारत के निचले क्रम को जल्द समेटना चाहेगा। कल सुबह उनके लिए मौका है, लेकिन उन्हें 400 से कम पर आउट करना होगा। भारत इस सीरीज में बल्ले से थोड़ा कमजोर रहा है। इंग्लैंड को कुछ विकेट उन्होंने गिफ्ट में दिए और आप देख सकते हैं कि रोहित उस ड्रॉप (कैच छूटने) के बाद अपना विकेट न देने के लिए पूरी तरह से दृढ़ थे।पूर्व इंग्लिश कप्तान का कहना है कि राजकोट जैसी पिचों पर पहली पारी का स्कोर काफी महत्वपूर्ण होता है, इस वजह से उन्होंने इंग्लैंड की टीम को रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा की तरह क्रूर बैटिंग करने की सलाह दी है।

बता दें, 33 रनों पर तीन विकेट खोने के बाद भारतीय टीम को इन दोनों ही बल्लेबाजों ने संभालते हुए दोहरे शतकीय साझेदारी की थी।हुसैन ने कहा, यह ऐसी पिच है जहां पहली पारी में रन महत्वपूर्ण होंगे। यहीं पर भारत आज अच्छा था, पहले ही उन्होंने दो शतक लगा दिए हैं। जब इंग्लैंड बल्लेबाजी के लिए आएगा, तो उन्हें रोहित और जडेजा की तरह क्रूर होना होगा। पिछले गेम में कई बल्लेबाजों को अच्छी शुरुआत मिली, लेकिन आप शतकों और बड़े शतकों के साथ टेस्ट मैच जीतते हैं।

उन्होंने आगे कहा, इंग्लैंड के लिए यह एक कठिन दिन रहा है। दिन के अंत में सरफराज [खान] के देर से रन आउट होने से उत्साहित थे लेकिन यह और भी बेहतर हो सकता था। जब रूट ने रोहित का कैच छोड़ा तो भारत का स्कोर 47-3 था। दिन की शुरुआत बहुत अच्छी हुई थी, इंग्लैंड के दो-सीमर असाधारण थे - विशेष रूप से वुड, जब टीम में वापस आ रहे थे।

### क्रिकेटर युवराज सिंह के घर हुई चोरी, मां शबनम सिंह ने लगभग 6 महीने बाद दर्ज कराया FIR

**नई दिल्ली.** भारतीय विश्व विजेता ऑलराउंडर युवराज सिंह के घर एक बड़ा हादसा हो गया है। पंचकूला में युवराज सिंह की मां शबनम सिंह के घर में सेंधमारी की गई है। यह घटना छह महीने पहले की है, लेकिन अब जाकर मामला दर्ज कराया गया है। शबनम सिंह ने एमडीसी थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उनके घर से सोने के गहने और 75,000 रुपये की चोरी हुई है। रिपोर्ट की मानें तो चोरों ने 2023 में गहने और कैश पर हाथ साफ किया था।

उन्होंने अपनी शिकायत में कहा है कि घर में दो नौकर थे, जिन पर चोरी का शक है।

नौकरों की पहचान ललिता देवी और शीलेन्द्र दास के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। शबनम सिंह ने बताया कि वह कुछ समय के लिए गुड़गांव में रहने गई थी। रिपोर्ट के अनुसार, कुल 1 लाख 75 हजार रुपये की संपति चुराई गई है।जब वह 5 अक्टूबर, 2023 को अपने घर लौटीं तो देखा कि मकान की ऊपरी मंजिल के कमरे से गहने और पैसे गायब है।

## BCCI और जय शाह की चेतावनी के बावजूद नहीं सुधरे ईशान किशन, रणजी ट्रॉफी से उनकी अनुपस्थिति जारी

**नई दिल्ली.एजेंसी**

ईशान किशन की रणजी ट्रॉफी से अनुपस्थिति जारी है। झारखंड के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाले इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने शुक्रवार को शुरू हुए मैचों के अंतिम दौर के मुकाबले में हिस्सा नहीं लिया। एलिट ग्रुप ए में झारखंड का मुकाबला राजस्थान से जारी है, लेकिन ईशान यह मैच नहीं खेल रहे हैं। ईशान पिछले साल दक्षिण अफ्रीका दौरे से ही एक्शन से गायब है। हाल ही में वह बड़ौदा में हार्दिक पांड्या और



करुणाल पांड्या के साथ आईपीएल के लिए अभ्यास करते पाए गए थे।हेड कोच राहुल द्रविड़ समेत टीम मैनेजमेंट और बीसीसीआई ने उन्हें टीम में वापसी के लिए रणजी खेलने की सलाह दी थी। जय शाह ने भी हाल ही में केंद्रीय अनुबंध वाले खिलाड़ियों को चेतावनी भी दी थी कि उनके नखरे नहीं चलेंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए टीम से बाहर चल रहे खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट खेलना होगा। आईपीएल के लिए भी घरेलू टूर्नामेंट खेलना अनिवार्य किया जा सकता है।

### रविंद्र जडेजा की तारीफ में रवि शास्त्री को क्यों याद आए सर डॉन ब्रैडमैन, क्या है कनेक्शन?

इंडिया वर्सेस इंग्लैंड पांच मैचों की सीरीज का तीसरा टेस्ट मैच राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम पर 15 फरवरी को शुरू हुआ। मैच का पहला दिन कप्तान रोहित शर्मा, रविंद्र जडेजा और अपना डेब्यू टेस्ट खेल रहे सरफराज खान के रहा। रोहित 131 रन बनाकर आउट हुए, वहीं रविंद्र जडेजा शतक लगाकर नॉटआउट लौटे। सरफराज ने तेज तर्रार 62 रनों की पारी खेली और दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रनआउट होकर पवेलियन लौटे थे। टीम इंडिया ने 33 रनों तक तीन विकेट गंवा दिए थे, जिसके बाद रविंद्र जडेजा को बैटिंग ऑर्डर में पांचवें नंबर पर भेजा गया। जडेजा ने यह फैसला गलत साबित नहीं होने दिया और शतक ठोका। जडेजा अपने होमग्राउंड पर खेल रहे हैं और इस मैदान पर उनका रिकॉर्ड ऐसा है, जो देखकर आपके भी होश उड़ जाएंगे। टीम इंडिया के पूर्व हेड कोच और क्रिकेटर रवि शास्त्री ने कमेंट्री के दौरान जब जडेजा की तारीफ की तो इसमें सर डॉन ब्रैडमैन का भी जिक्र किया। चलिए जानते हैं कि ऐसा क्या खास कनेक्शन है, दोनों का।



मैच के पहले दिन, जब रविंद्र जडेजा अपने शतक के करीब पहुंच रहे थे और आखिरी सेशन का खेल चल रहा था, तब जडेजा के बैटिंग रिकॉर्ड्स स्क्रीन पर दिखाए गए। रवि शास्त्री उस समय कमेंट्री कर रहे थे और उन्होंने कहा, औसत पर जरा नजर दौड़ाइये। रविंद्र जडेजा का यह औसत तो सर डॉन ब्रैडमैन भी ऊपर से देख रहे होंगे। इस मैदान पर रविंद्र जडेजा ने कुल 17 फर्स्ट क्लास मैच खेले हैं, और इस दौरान उनका औसत 135 का है।रविंद्र जडेजा के लिए इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने सोशल मीडिया पर लिखा एक बार फिर रविंद्र जडेजा साबित कर रहे है कि क्यों वह मौजूदा समय में दुनिया के बेस्ट ऑलराउंडर हैं। जडेजा 112 रन बनाकर जो रूट की गेंद पर कॉट एंड बोल्ड हुए। इस पारी के दौरान रविंद्र जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में 3000 रनों का आंकड़ा भी पार कर लिया।

## 92 साल और 18 प्रयास बाद....न्यूजीलैंड ने टेस्ट क्रिकेट में पहली बार साउथ अफ्रीका को हराई सीरीज; केन विलियमसन बने हीरो



**नई दिल्ली.एजेंसी**

टिम साउदी की अगुवाई वाली न्यूजीलैंड की टीम ने साउथ अफ्रीका को दूसरे टेस्ट में 7 विकेट से हराकर इतिहास रच दिया है। न्यूजीलैंड ने इस सीरीज में मेहमानों का 2-0 से सूपड़ा साफ करते हुए पहली बार अफ्रीकी टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीती है। जी हां, न्यूजीलैंड को साउथ अफ्रीका के खिलाफ 92 साल में 18 प्रयासों के बाद यह जीत मिली है। केन विलियमसन और विलियम ओ%रूर्के न्यूजीलैंड की इस जीत के हीरो रहे। विलियम ओ%रूर्के ने दोनों पारियों में मिलाकर कुल 9 विकेट चटकाए जिसमें एक 5 विकेट हॉल भी था। वहीं विलियमसन ने दूसरी पारी में 133 रनों की नाबाद पारी खेल।

हैमिल्टन में खेले गए दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड को जीत के लिए 267 रनों का लक्ष्य मिला था। साउथ अफ्रीका के खिलाफ इससे पहले कीवी टीम ने एक भी बार 200 से अधिक रनों के लक्ष्य का पीछा सफलतापूर्वक नहीं किया था। मगर इस बार उन्होंने यह रिकॉर्ड भी तोड़ा। न्यूजीलैंड की यह 250 से अधिक रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथी जीत है। कीवी टीम इससे पहले एक बार बांग्लादेश के खिलाफ तो दो बार पाकिस्तान के खिलाफ यह कारनामा कर चुकी है।बता दें कि इस मैच की पहली पारी में साउथ अफ्रीका ने 242 रन बनाए थे। इसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 211 रन बनाकर ढेर हो गई। 31 रनों की बढ़त के बाद दूसरी पारी में साउथ अफ्रीका ने 235 रन बनाए और इस तरह कीवी टीम को 267 रनों का लक्ष्य दिया। इस मुकाबले में न्यूजीलैंड के लिए विलियम ओराउरके ने डेब्यू किया और उन्होंने टेस्ट डेब्यू की पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 5 विकेट निकाले। इस तरह कुल 9 विकेट उनको इस मैच में मिले और वे देश के लिए टेस्ट डेब्यू में सबसे ज्यादा विकेट निकालने वाले गेंदबाज बन गए।

## भारत पर लगी 5 रन की पेनल्टी तो इंग्लैंड की हुई बल्ले-बल्ले; अश्विन की इस गलती के चलते अंपायर ने सुनाई सजा

आर अश्विन के पिच के बीच में दौड़ने की वजह से भारत पर 5 रन की पेनल्टी लगी है। रविंद्र जडेजा इस पारी में एक बार पहले यह गलती कर चुके थे जिस वजह से दूसरी बार भारत को वॉर्निंग नहीं दी गई।



**नई दिल्ली.एजेंसी**

इंडिया वर्सेस इंग्लैंड 5 मैच की टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच के दौरान अंपायर ने भारत पर 5 रन की पेनल्टी लगाई है। इसका मतलब है कि इंग्लैंड अपनी पारी की शुरुआत 0/0 के स्कोरकार्ड के साथ नहीं बल्कि 5/0 के साथ करेगा। भारत पर यह पेनल्टी आर अश्विन की गलती की वजह से लगी है, हालांकि इसमें रविंद्र जडेजा का भी हाथ है। बता दें, राजकोट टेस्ट में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 7 विकेट के नुकसान पर 369 रन बना लिए हैं। टीम इंडिया की नजरें 400 के पार पहुंचने पर है। क्रीज पर आर अश्विन के साथ ध्रुव जुरेल मौजूद हैं।

भारत पर लगी 5 रन की इस पेनल्टी की बात करें तो यह जुर्माना पिच में दौड़ने की वजह से लगा है। भारतीय पारी के 102वें ओवर के दौरान आर अश्विन पिच के बीच में दौड़ते नजर आए जिस वजह से अंपायर ने भारत पर यह पेनल्टी लगाई। मुकाबले के पहले दिन रविंद्र जडेजा एक बार यह गलती कर चुके थे जिस वजह से अश्विन को वॉर्निंग नहीं दी गई।बता दें, पिच के बीच में दौड़ने की वॉर्निंग प्लेयर को नहीं बल्कि टीम को दी जाती है।

पहली बार गलती होने पर अंपायर कोई जुर्माना नहीं लगाते, मगर गलती दोहराने पर टीम पर 5 रन की पेनल्टी लगाई जाती है।5 मैच की यह टेस्ट सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है जिस वजह से यह टेस्ट दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है। भारत की तीसरे टेस्ट में शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। 33 रन पर टीम ने तीन विकेट खो दिए थे, तब कप्तान रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा ने 200 से अधिक रन की साझेदारी कर टीम को मुश्किल से निकाला। इसके बाद सरफराज खान ने भी शानदार अर्धशतक जड़ा।रोहित शर्मा ने इस दौरान 131 रनों की सर्वाधिक पारी खेली, वहीं रविंद्र जडेजा ने 112 रन बनाए। सरफराज खान की बात करें तो वह 62 के निजी स्कोर पर रन आउट हुए।

## सरफराज खान के पिता नौशाद खान को ये SUV कार गिफ्ट करेंगे आनंद महिंद्रा, किया ऐलान

गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट डेब्यू करने वाले बल्लेबाज सरफराज खान के पिता नौशाद खान को आनंद महिंद्रा ने एक एसयूवी कार थार गिफ्ट करने का फैसला किया है। नौशाद ने काफी मेहनत सरफराज के साथ की है।



**नई दिल्ली.एजेंसी**

भारत के जाने-माने बिजनेसमैन और ऑटोमोबाइल कंपनी महिंद्रा के ओनर आनंद महिंद्रा ने गुरुवार 15 फरवरी को टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू करने वाले सरफराज खान और उनके पिता नौशाद खान की तारीफ की है। इतना ही नहीं, आनंद महिंद्रा ने एक बड़ा गिफ्ट सरफराज खान के पिता नौशाद खान को देने का फैसला किया है। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा है कि अगर वे उस गिफ्ट को स्वीकार करेंगे तो उनको अच्छा लगेगा। दरअसल, आनंद महिंद्रा ने एक थार एसयूवी नौशाद खान को देने का निर्णय लिया है। अक्सर वे खिलाड़ियों के लिए ऐसा करते हैं। हालांकि, कुछ मौकों पर खिलाड़ियों के माता-पिता को भी इस तरह से प्रोत्साहित करते नजर आते हैं। हर कोई जानता है कि सरफराज खान का इस सफलता में नौशाद खान का कितना हाथ है। यही वजह है कि नौशाद की मेहनत को आनंद महिंद्रा पहचान रहे हैं और उन्हें गिफ्ट देने की बात कही है।

आनंद महिंद्रा ने गुरुवार 16 फरवरी की दोपहर को एक्स पोस्ट के जरिए सरफराज खान और उनके पिता की तारीफ की। इस दौरान उन्होंने लिखा, +हिम्मत नहीं छोड़ना, बस! कड़ी मेहनत। साहस। धैर्य। एक पिता के लिए एक बच्चे में प्रेरणा देने के लिए इससे बेहतर गुण और क्या हो सकते हैं? एक प्रेरणादायक माता-पिता होने के नाते, यह मेरा सौभाग्य और सम्मान होगा अगर नौशाद खान थार का उपहार स्वीकार करेंगे।सरफराज खान की बात करें तो उन्होंने डेब्यू टेस्ट मैच की पहली पारी में शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने 66 गेंदों में 9 चौके और 1 छक्के की मदद से 62 रनों की पारी खेली। वे रन आउट हो गए, क्योंकि रविंद्र जडेजा ने एक गलत कॉल कर दिया था। सरफराज खान तब तक वापस जाते, जब तक मार्क वुड ने डायरेक्ट हिट करके उनको चलता कर दिया। भारत ने पहली पारी में 445 रन इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट में बनाए।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 17 फरवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## दो नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा:** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान पूना नर्कोम अभियान-नई सुबह, नई शुरूआत के तहत नक्सली संगठन में सक्रिय दो लाख के इनामी नक्सलियों ने गुरुवार को आत्मसमर्पण किया है।सुकमा जिले के किस्टाराम क्षेत्र मे सक्रिय रहे आत्मसमर्पित दोनों नक्सली कई बड़ी नक्सली वारदातों में शामिल थे। नक्सली को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में डीआरजी सुकमा, आरएफटी कोंटा रेंज, 217 एवं 212 वाहिनी सीआरपीएफ का विशेष योगदान था। सुकमा जिला पुलिस द्वारा शुक्रवार को दी गई जानकारी के अनुसार प्लाटुन नं. 04 सेक्शन कमांडर दिनेश उर्फ जोगा करको पिता स्व. एंका ,उम्र 32 वर्ष ,निवासी कासाराम थाना किस्टाराम व पालाचलमा आरपीसी जनताना सरकार, उपाध्यक्ष माड़वी हुंगा पिता स्व. हुर्रा ,उम्र 35 वर्ष, निवासी मेट्टागुड़ा थाना किस्टाराम जिला सुकमा के द्वारा गुरुवार को आत्मसमर्पण किया गया। इनामी नक्सलियों ने नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में सीआरपीएफ 217 द्वितीय कमान अधिकारी अरविन्द पी आनन्द, सीआरपीएफ 212 द्वितीय कमान अधिकारी दिनेश कुमार, एएसपी बस्तर फाईटर्स उत्तम प्रताप सिंह के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधाएं दी जाएंगी।

## पश्चिम सिंहभूम में नक्सली कैंप ध्वस्त, तीन आईईडी बरामद

**पश्चिम सिंहभूम:** जिले के गोइलकेरा और टोंटो थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों ने टोंटो थाना क्षेत्र में पांच-पांच किलो के तीन इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) लगाया था लेकिन पुलिस ने उसे नाकाम कर दिया, जिससे नक्सलियों के इरादों पर पानी फिर गया। इसके अलावा गोइलकेरा थाना क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा पूर्व में बनाए गए नक्सली कैंप को पुलिस ने ध्वस्त कर दिया। जानकारी के अनुसार पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र वन ग्राम हुसिपी के आसपास जंगली पहाड़ी क्षेत्र में नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए पूर्व में पांच केजी का तीन आईईडी लगाया था, जिसे शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने बरामद किया।

# 'प्रदेशवासियों ने कानून व्यवस्था के महत्व को अनुभव किया'

'लॉ एंड आर्डर की स्थिति और सुरक्षा के माहौल को देखते हुए ही दोबारा इस सरकार को चुना'

योगी मॉडल

- 67वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट के समापन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि प्रदेशवासियों ने पिछले 7 वर्षों में कानून व्यवस्था के महत्व को बखूबी अनुभव किया है। प्रदेशवासियों ने प्रदेश के लॉ एंड आर्डर की बेहतर स्थिति और सुरक्षा के माहौल को देखते हुए ही दोबारा इस सरकार को चुना है। आज हर नागरिक के मन में सुरक्षा का विश्वास है। प्रदेश की मजबूत कानून व्यवस्था का ही परिणाम है कि जीआईएस-23 में 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए जबकि 2017 से पहले प्रदेश में निवेश के लिए कोई आना नहीं चाहता था। मुख्यमंत्री ने 67वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट के समापन समारोह में कहा कि 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में 10 लाख से अधिक निवेश के प्रस्तावों को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए धरातल पर उतारने जा रहे हैं। इससे 35 लाख नौजवानों को सीधे नौकरी मिलेगी, जो यह दशार्ता है कि संकल्प के साथ कानून व्यवस्था को लागू किया जाए तो उसके परिणाम भी सामने आते हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री ने स्मारिका का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के विजेताओं को ट्रॉफी भी प्रदान की। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था और सुरक्षा का बेहतर माहौल बनाने में पुलिस के विभिन्न बलों की अति महत्वपूर्ण भूमिका है। इतना ही नहीं पब्लिक परसेप्शन तय करने में भी पुलिस बल का अहम रोल है। उन्हें यह परसेप्शन बनाने में काफी चुनौतियों का सामना किया है। इसके लिए उन्हें दोहरी मानसिकता के साथ काम करना पड़ता है। वह असामाजिक और अराष्ट्रीय तत्वों के साथ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपने काम को अंजाम तक पहुंचाते हैं, जबकि कॉमन मैन के गुहार लगाने पर संवाद स्थापित कर उन्हें न्याय दिलाते हैं। इससे कॉमन मैन के मन में एक नया विश्वास पैदा होता है। साथ ही यह पुलिस बल की संवेदनशीलता को भी दर्शाता है।

समारोह में देशभर के विभिन्न बलों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया है। उनके अपने-अपने अनुभव हैं। उन अनुभवों का लाभ किस रूप में हम ले सकते हैं यह काफी महत्वपूर्ण है। हमारे देश में ज्ञान के आदान-प्रदान की परंपरा वर्षों पुरानी है। लखनऊ से 70 किलोमीटर दूर नैमिषारण्य है, जो हजारों वर्ष पहले ऋषियों के ज्ञान के आदान प्रदान के मंथन का केंद्र था। यहां पर भारत के वैदिक ज्ञान की परंपरा को लिपिबद्ध करने का काम किया गया था। इसमें पूरे देश भर के 88 हजार ऋषि-मुनि शामिल थे। ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट इसी धरोहर को आगे बढ़ाता है। योगी ने कहा कि ज्ञान वह नहीं होता है जो पुस्तकों में लिखा होता है, जबकि ज्ञान वह है जो फील्ड की ड्यूटी के दौरान आप अनुभव करते हैं।

## पुलिस भर्ती परीक्षा: बायोमैट्रिक वेरिफिकेशन के बाद मिलेगी एंट्री

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
योगी सरकार ने प्रदेश की अब तक की सबसे बड़ी यूपी पुलिस भर्ती की परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए फूलप्रूफ प्लान बनाया है। इसके तहत योगी सरकार ने आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती की शनिवार और रविवार को दो पालियों में होने वाली परीक्षा को लेकर कड़े सुरक्षा प्रबंध किये हैं। हर परीक्षा केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है जबकि केंद्र में अभ्यर्थियों की संख्या के अनुरूप केंद्र पर्यवेक्षक के रूप में पुलिस उपाधीक्षक से लेकर सब इंस्पेक्टर मौजूद रहेंगे। वहीं सीसीटीवी कैमरों से गहन निगरानी की जाएगी। साथ ही सभी अभ्यर्थियों के बायोमैट्रिक वेरिफिकेशन के बाद भी उन्हे परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा। मालूम हो कि योगी सरकार पुलिस बल को और मजबूती देने के लिए 60,244 पुलिस आरक्षी पदों पर भर्ती कर रही है, जिसकी परीक्षाएं 17 और 18 फरवरी को प्रदेश के सभी 75 जनपदों के 2385 सेंटर पर आयोजित की जा रही है। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की रहेगी तैनाती

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (यूपीपीआरपीबी) की अध्यक्ष डीजी रेणुका मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप परीक्षा के लिए विभिन्न प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की तैनाती की गई है।



केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर वार्षिक जीआईबी मीटिंग "लक्ष्य" का दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ करते हुए।

## आरएसएस एक सकारात्मक शक्ति : मिथुन चक्रवर्ती

**कोलकाता: गुरुवार** को विधानसभा में राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने संदेशखाली घटना के पीछे आरएसएस का समर्थन होने की बात कही थी। लेकिन बॉलीवुड स्टार मिथुन चक्रवर्ती ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आरएसएस को एक सकारात्मक शक्ति बताया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि आरएसएस कोई नकारात्मक ताकत नहीं है। यह एक सकारात्मक शक्ति है। पूरे भारत में, पूरी दुनिया में इसके 12 करोड़ से ज्यादा सदस्य हैं। आरएसएस के जैसा कोई दूसरा संगठन नहीं है, जिसने देश के लिए इतना कुछ किया हो। आगामी लोकसभा चुनाव में अपनी दावेदारी को स्वयं खारिज करते हुए बॉलीवुड अभिनेता ने कहा कि वह एक मार्च से चुनाव प्रचार शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि 'मैं एक तारीख से प्रचार करूंगा। मैं चुनाव प्रचार के दौरान अंत तक रहूंगा।

## रोहतक-महम-हांसी सेक्शन यूपीए सरकार में हुआ था मंजूर: दीपेन्द्र हुड्डा



**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
कांग्रेस सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने रोहतक-महम-हांसी सेक्शन पर 11 वर्षों के बाद ही सही रेल सेवा शुरू होने पर संतोष जाहिर करते हुए कहा कि उन्होंने इसको यूपीए सरकार में मंजूर कराया था। 28 जुलाई, 2013 को तत्कालीन रेल मंत्री व मौजूदा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे एवं तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने हांसी में रेल-रोड रैली करके इसका शिलान्यास कर काम शुरू कराया था। उन्होंने कहा कि रोहतक में आज के आयोजित कार्यक्रम में वह शामिल होना चाहता थे, लेकि अधिकारियों ने कहा कि वे अपने विचार नहीं रख सकता, तो क्या मैं भाजपा नेताओं के भाषण पर सिर्फ ताली बजाने जाता। उन्होंने बताया कि इस रेल लाइन को उन्होंने न सिर्फ मंजूर कराया, बजट मंजूर कराया बल्कि इसका शिलान्यास कराकर काम भी शुरू करवाया, लेकिन आज उसके उद्घाटन समारोह पर उन्हें ही बोलने से मना कर दिया गया तो ऐसा लगा कि सरकार उन्हें सिर्फ अपमानित करने के लिए बुला रही है। दीपेन्द्र हुड्डा ने रोहतक-महम-हांसी परियोजना के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि यूपीए सरकार से इस परियोजना को 09-नवम्बर-2011 को योजना आयोग से मंजूर कराया। साथ ही 15

निशाने पर

- कांग्रेस सांसद बोले, सरकार ने मुझे आमंत्रण तो दिया पर कुछ भी बोलने से किया मना

नवम्बर-2011 को कांग्रेस की हुड्डा सरकार ने भूमि की पूरी लागत वहन करने की स्वीकृति दी। वर्ष 2012-13 के रेल बजट में केन्द्र सरकार से फाइनल मंजूरी के साथ 385 करोड़ रुपया आवंटित कराकर 28-जुलाई 2013 को तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री मल्लिकार्जुन खडगे और तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने हांसी में रेल-रोड रैली करके रोहतक-महम-हांसी रेल परियोजना का शिलान्यास किया और प्रारम्भिक काम शुरू करा दिया था। इस संबंध में कांग्रेस की तत्कालीन हुड्डा सरकार ने 7 अक्टूबर 2013 एवं 20 दिसंबर 2013 को भूमि अधिग्रहण की धारा 4 तथा 26-जून 2014 को भूमि अधिग्रहण की धारा छह के अन्तर्गत कार्रवाई शुरू कर दी थी। दिसंबर 2015 में मुख्यमंत्री ने इस परियोजना की फाइल गुम होने की बात कही। जिसके बाद मैंने डाक के माध्यम से परियोजना की पूरी फाइल तुरन्त मुख्यमंत्री जी को मुहैया कराई।

## मंडी में मजदूरों-किसानों ने भरी ललकार

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी**
मजदूर संगठनों के राष्ट्रीय आह्वान पर मंडी में मजदूरों ने पड्डल मैदान से बाजार होते हुए उपायुक्त कार्यालय तक रैली निकाली और मोदी सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। जिसमें किसान सभा, महिला समिति, नौंजवान सभा,एसएफआई और एचपीएमआरए ने भी प्रदर्शन में भाग लिया। इस मौके पर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि आज की हड़ताल का मु य आह्वान मोदी सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों का विरोध करना, बढ़ती महंगाई पर रोक लगाने के अलावा श्रम कानूनों को रद्द करने के फैसले को वापिस लेना है। इसके अलावा किसानों की फसलों के लिए एमएसपी लागू करना और नए बिजली विधेयक को रद्द करवाना है।

भूपेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार आंगनवाड़ी व मिड डे मील कार्यकताओं को सरकारी कर्मचारी घोषित नहीं कर रही है और न ही उन्हें न्यूनतम वेतन दे रही है। इसी प्रकार सरकार ने मनरेगा के लिए बजट जरूरत से आधा ही रखा है। जिसके कारण कहीं पर भी मजदूरों को सौ दिनों का रोजगार नहीं मिल रहा है। यही नहीं केंद्र सरकार मनरेगा मजदूरों को मात्र 212 रु दिहाड़ी ही अदा कर रही है। सरकार ने रेहड़ी फहड़ी वालों के अधिकार के लिए 2014 में बने स्ट्रीट वेंडरज कानून को भी रद्द करने का निर्णय लिया है जिससे इनके रोजगार की गारंटी समाप्त हो जाएगी।

## 'किसानों के आंदोलन के साथ खड़ी है सपा'

निशाना साधा

- किसानों के आन्दोलन के आगे सरकार को झुकना पड़ा था और किसानों की मांगे माननी पड़ी थी,

**टीम एक्शन इंडिया/इटावा**
**समाजवादी** पार्टी(सपा) के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने शुक्रवार को केंद्र और प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा है और कहा कि सपा किसानों के आन्दोलन के साथ खड़ी है। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र जसवंतनगर में पत्रकारों से बात करते हुए किसानों के आंदोलन का समर्थन किया।



उन्होंने किसानों पर लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले दागने पर कहा कि ऐसी सरकार को सत्ता में रहने का अधिकार नहीं है। कहा कि दो साल पहले भी किसानों ने लंबे समय तक आंदोलन किया था,जिसमें कई किसानों की जानें गईं थी। उन्होंने कहा कि किसानों के आन्दोलन के आगे सरकार को झुकना पड़ा था और किसानों की मांगे माननी पड़ी थी,लेकिन सरकार ने अभी तक एमएसपी नहीं दी है, जिसके कारण विवश किसानों को फिर से आंदोलन करना पड़ा है।

## बॉर्डर सील होने के बाद पेट्रोल पंप हुए खाली

**टीम एक्शन इंडिया/झज्जर**
**चार** दिन से किसान आंदोलन के चलते टीकरी बॉर्डर और सेक्टर-9 मोड़ सील होने के कारण व्यापारियों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। टीकरी बॉर्डर पर दिल्ली की सीमा में जहां पेट्रोल और सीएनजी पंप बंद हैं। वहीं बहादुरगढ़ में सेक्टर-9 मोड़ से टीकरी बॉर्डर तक की दोनों तरफ की दुकानदारों का कारोबार ठप हो गया है। टीकरी बॉर्डर पर पंप बंद होने के कारण प्रतिदिन सवा दो करोड़ से ज्यादा का नुकसान संचालकों को हो रहा है। साथ ही पेट्रोल पंप पर काम करने वाले कर्मचारियों को भी अपना रोजगार बंद होने की चिंता सताने लगी है। पेट्रोल पंप खाली पड़े रहते हैं।



टीकरी बॉर्डर पर दोनों तरफ मिलाकर पांच पैट्रोल और सीएनजी पंप है। एक पेट्रोल पंप पर काम करने वाले रिंकू सिंह व विक्की ने बताया कि यहां अब कोई भी गाड़ियां नहीं आ रही है। कर्मचारी पूरे दिन खाली खड़े रहते हैं। पेट्रोल पंप मालिक को लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है तो यहां काम करने वाले कुछ मजदूर को भी वापस भेज दिया गया है। कर्मचारियों को अपने काम धंधे की चिंता सताने लगी है। किसान आंदोलन कितना लंबा चलता है, इसका कोई अंदाजा नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछली बार भी सवा साल तक पेट्रोप पंप बंद होने के कारण मालिक को करोड़ों रुपये का

प्रभावित

- टीकरी बॉर्डर से सेक्टर 9 मोड़ तक अधिकतर दुकानें बंद, - टीकरी बॉर्डर पर स्थित है 5 पेट्रोल और सीएनजी पंप

नुकसान हुआ था।

बाद में जब आंदोलन खत्म हुआ और पंप को चालू किया गया तो उसे ठीक करने में भी लाखों रुपये खर्च करने पड़े थे। उनका कहना है कि सड़क पूरी तरह बंद कर देना कहीं से भी समस्या का समाधान नहीं है।

## यूजीसी चेयरमैन के सामने उठी आजमगढ़ में महिला विश्वविद्यालय बनाने की मांग

**लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम के दूसरे दिन तकनीकी सत्र में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के चेयरमैन ममीदाला जगदीश कुमार के सामने कुलपति, विभागाध्यक्षों, डिग्री के प्राचार्यो द्वारा तमाम विषयों को रखा गया। सत्र में ही यूजीसी चेयरमैन के सामने आजमगढ़ में महिला विश्वविद्यालय, एडेड कालेज को ग्रांट जैसी मांग भी उठी, जिस पर चेयरमैन ने बेबाकी से जवाब दिया। और अच्छे विश्वविद्यालय से भी समिति को नीतिगत विषयों में शामिल करने की मांग रखी।

## महिलाएं आत्मनिर्भर तो समाज स्वत: होगा सशक्त : केशव प्रसाद मौर्य

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश के गांव संवर रहे हैं। नये भारत का नया उत्तर प्रदेश निखर रहा है। उपमुख्यमंत्री ने कैम्प कार्यालय में शुक्रवार को विभागीय उच्चाधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान यह बातें कहीं।

उन्होंने कहा कि सरकार आधी आबादी (महिलाओं) को सशक्त,मजबूत, स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं के जीवन में खुशहाली आयी है। कहा कि समूहों के उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ाने,उनकी बिक्री कराने के लिए उचित प्लेटफार्म दिलाने के प्रभावी प्रयास किये जाय तथा उनके समूहों के उत्पादों के सर्टिफिकेशन का भी प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा कि महिलाएं आत्मनिर्भर होंगी,तो पूरा समाज स्वत: सशक्त और मजबूत हो जायेगा।




## 'डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने में 'ई कवच' की बेहतर भूमिका'

**टीम एक्शन इंडिया/औरैया**
समाधान पुरवा स्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के ट्रेनिंग सेंटर में शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार वर्मा की अध्यक्षता में ई-कवच एप्लीकेशन पर सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

यह प्रशिक्षण स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश तकनीकी सहयोग इकाई (यूपीटीएसयू) के सहयोग से आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में नियमित टीकाकरण, प्रसव पूर्व व पश्चात देखभाल, परिवार

ट्रेनिंग

- स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश तकनीकी सहयोग इकाई (यूपीटीएसयू) के सहयोग से आयोजित किया गया।

स्वास्थ्य सर्वेक्षण रजिस्टर पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर सीएमओ ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए ई कवच एप्लीकेशन बेहतर भूमिका निभा रहा है।

विकास

सीएम योगी के विजन अनुसार ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने 8 प्रकार के बिल्डर प्लॉट्स की नीलामी प्रक्रिया की शुरू

## जीबीसी 4.0 के बाद ग्रेटर नोएडा में बिल्डर प्लॉट्स की होगी बड़े स्तर पर नीलामी

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ/ग्रेटर नोएडा**
**उत्तर** प्रदेश में समेकित विकास का खाका खींच रही योगी सरकार ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी-4.0) के आयोजन के साथ ही ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में हाउसिंग व कमर्शियल एक्टिविटीज को बढ़ावा देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस क्रम में, सीएम योगी के विजन अनुसार ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने 8 प्रकार के बिल्डर प्लॉट्स के आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि

प्रक्रिया

- 38711 स्क्वेयर मीटर प्रसार क्षेत्र वाले प्लॉट्स की आवंटन प्रक्रिया को मिलेगी ई-ऑक्शन से गति

18215 से लेकर 38711 स्क्वेयर मीटर प्रसार क्षेत्र वाले इन प्लॉट्स का रिजर्व प्राइस 83.78 करोड़ रुपए से लेकर 178.34 करोड़ रुपए के बीच निर्धारित किया गया है। खास बात यह भी है कि बिल्डर प्लॉट आवंटन स्कीम के जरिए जिन प्लॉट्स का ऑक्शन किया जाएगा वह ग्रेटर नोएडा में बन रहे जेवर एयरपोर्ट के पास ही स्थित हैं। साथ ही, जिन सेक्टर्स में इस स्कीम के जरिए बिल्डर प्लॉट्स की नीलामी का मार्ग प्रशस्त होगा वह कनेक्टिविटी के लिहाज से भी बेहद अहम होगी। फिलहाल, इस स्कीम के तहत ई-ऑक्शन प्रक्रिया के जरिए जिन प्लॉट्स की नीलामी होनी है उनकी ब्रोशर डाउनलोडिंग व रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो गई है तथा 1 अप्रैल 2024 अंतिम तिथि निर्धारित की गई है।



**सेक्टर 12 व सिग्मा-3 समेत कई सेक्टर के प्लॉट्स होंगे आवंटित:** सीएम योगी के विजन अनुसार, ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने 8 प्रकार के बिल्डर प्लॉट्स के आवंटन की प्रक्रिया शुरू की है उनमें म्यू (एमयू), ओमीक्रॉन-1ए, इटा-02, सिग्मा-3 सेक्टर 36 व सेक्टर 12 प्रमुख हैं। प्रक्रिया के अंतर्गत म्यू सेक्टर के प्लॉट नंबर जीएच-02ई (जिसका वर्ग क्षेत्र 18215 स्क्वेयर मीटर निर्धारित है) का रिजर्व्ड प्राइस 87.78 करोड़ रुपए रखा गया है। इसी प्रकार ओमीक्रॉन-1ए सेक्टर में प्लॉट जीएच-01/जीएच01ए (जो कि 30470.52 स्क्वेयर मीटर में फैला है) का रिजर्व्ड प्राइस 140.16 करोड़ रुपए निर्धारित की गई है।